


बालाघाट, सिवनी, मंडला, गोंदिया एवं भंडारा जिले में प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 22 अगस्त 2026 | दिन - शनिवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 206 | मूल्य - 5 रुपये









## मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने बांग्लादेश के राष्ट्रपति पद की शपथ ली

**ढाका, (भाषा)।**

वरिष्ठ नेता मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने शुक्रवार को बांग्लादेश के 23 वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। संसद द्वारा आलमगीर को अगले पांच वर्षों के लिए राष्ट्रपति चुने जाने के एक दिन बाद उन्होंने पद की शपथ ली। लंबे समय से सत्तारूढ़ बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के महासचिव रहे आलमगीर को जातीय संसद के कार्यवाहक अध्यक्ष कैसर कमाल ने बंगभवन के दरबार हॉल में पद की शपथ दिलाई। बंगभवन देश के राष्ट्राध्यक्ष का आधिकारिक कार्यालय-सह-आवास है। प्रधानमंत्री तारिक रहमान, विपक्ष के नेता शफीकुर रहमान, पूर्व मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस, कैबिनेट मंत्री, सेना के शीर्ष अधिकारी और कई अन्य अधिकारी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। राष्ट्रपति पद संभालने के बाद आलमगीर ने कैबिनेट में पांच नए सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। अब कैबिनेट में प्रधानमंत्री समेत कुल 55 सदस्य हैं।

## मध्य यूक्रेन में शॉपिंग मॉल पर रूसी हमले में 14 लोगों की मौत..

**कीव, (एपी)।**

रूस के ड्रोन हमले में शुक्रवार को मध्य यूक्रेन के क्रिवी रिह शहर स्थित एक शॉपिंग सेंटर को निशाना बनाया गया, जिसमें 14 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। यह शहर राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की का गृह नगर है। उन्होंने कहा कि पहले ड्रोन हमले से इलाके को निशाना बनाया गया और फिर बचाव कर्मियों के राहत कार्य में जुटने के दौरान दूसरा हमला किया गया। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर लिखा, ''इस तरह के हमले आतंकवादी कृत्यों से कम नहीं हैं।'' स्थानीय प्रशासन प्रमुख ओलेक्सांद्र विलकुल ने मृतकों की संख्या 14 और 121 लोग घायल की जानकारी दी।

## आवश्यकता है..

बालाघाट शहर के प्रसिद्ध डिस्ट्रीब्यूटर वाधवानी फटाखा बाजार एवं विजय सेल्स में कार्य के लिये मार्केटिंग सेल्समेन, पुरुष एवं महिला कर्मचारी की आवश्यकता है। संपर्क करें.. 9425639000, 9300039839

## आवश्यकता है..

*बालाघाट शहर के प्रसिद्ध गपशप रेस्टॉरेंट (केशर प्लाजा कॉम्पलेक्स, हनुमान चौक) में वेटर, हेल्पर की आवश्यकता है। संपर्क 9301210805, 7000671780*

# 'एफआईआर दर्ज करिए, वरना मैं नहीं जाऊंगा', राहुल के धरने के बाद पैलेट गन मामले में केस दर्ज..

नई दिल्ली।

***कांग्रेस नेता राहुल गांधी शुक्रवार को घायल छात्र साहिल लोचब को साथ लेकर दिल्ली के संसद मार्ग थाने पहुंचे और पैलेट गन से घायल होने के मामले में अलग से एफआईआर दर्ज करने की मांग पर अड़ गए। पुलिस के साथ लंबी बातचीत के बाद भी जब एफआईआर दर्ज नहीं हुई तो लोकसभा में***



नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी थाने में ही धरने पर बैठ गए। करीब 7 घंटे तक चले इस पूरे घटनाक्रम के बाद दिल्ली पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। एफआईआर की कॉपी मिलने के बाद राहुल गांधी धरने से उठे और इसे न्याय की दिशा में पहला कदम बताया। राहुल गांधी सुबह करीब 11 बजे साहिल लोचब और उसके परिवार के साथ घर से निकले। साहिल का दावा है कि 20 जुलाई को छात्रों के 'संसद चलो' मार्च के दौरान जंतर-मंतर पर पुलिस की कार्रवाई में पैलेट गन के छर्रे लगने से वह घायल हुआ था। राहुल सबसे पहले मंदिर मार्ग थाने पहुंचे और साहिल की शिकायत पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। वहां कोई बड़ा पुलिस अधिकारी मौजूद नहीं था। इसके बाद राहुल गांधी साहिल को लेकर संसद मार्ग थाने पहुंचे, जहां दिल्ली पुलिस के ष्ठष्टक्क सचिन शर्मा समेत वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

राहुल ने पुलिस अधिकारियों को साहिल की मेडिकल रिपोर्ट भी दिखाई। उन्होंने कहा कि साहिल के शरीर में पैलेट गन के करीब 200 छर्रे लगे हैं। कुछ छर्रे दिल के आसपास भी फंसे होने का दावा किया गया। राहुल ने यह भी कहा कि पैलेट गन से साहिल की एक आंख की रोशनी चली गई है। राहुल का कहना था कि साहिल की शिकायत पर अलग से स्नढ्ढक्रदर्ज होना जरूरी है। पुलिस अधिकारियों ने राहुल गांधी को बताया कि जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन और हिंसा से जुड़े मामलों की जांच क्राइम ब्रांच कर रही है। साहिल की शिकायत भी क्राइम ब्रांच को भेजी जा चुकी है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने भी जंतर-मंतर के प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा की जांच के लिए एक कमेटी बनाई है। पुलिस का तर्क था कि ऐसे में मामले की जांच पहले से चल रही है और इस स्तर पर अलग से एफआईआर दर्ज करना उचित नहीं होगा।




# गोंदिया में शिवसैनिको में आपसी मारपीट, युवा सेना नेता ऋषभ मिश्रा गंभीर स्थिति में आईसीयू में भर्ती..

### मंत्री उदय सामंत ने कहा पुलिस जांच और कार्यवाही करेगी..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया शहर में 21 अगस्त को राज्य के उद्योग एवं मराठी भाषा मंत्री उदय सामंत एवं राज्यमंत्री आशीष जायसवाल की प्रमुख उपस्थिति में शिवसैनिकों के सम्मेलन का कार्यक्रम स्थानीय पोवार बोर्डिंग में आयोजित किया गया, जिसकी तैयारियों को लेकर शिवसेना के दो गुटों में***



प्रथम चित्र में गंभीर रुप से घायल ऋषभ मिश्रा, दूसरे चित्र में एफआईआर के साथ घायल मिश्रा की पत्नी एवं बहन



घटना के तुरंत बाद रात में शिवसैनिको के साथ एफआईआर दर्ज कराने के लिये पहुंचे रुपेश (सोनु) कुथे..

आपसी भीड़ंत हो गई, जिसमें दोनों ही पक्षों की ओर से पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराकर जांच एवं कार्यवाही की मांग की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवसेना जिला प्रमुख रुपेश (सोनु) कुथे की ओर से सर्वप्रथम गोंदिया के रामनगर पुलिस थाने में पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिसमें आरोप लगाया गया कि आरोपी शिवसेना नेता ऋषभ मिश्रा, आशु मक्कड़ एवं रजा भाई द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों के दौरान रात में आकर विवाद किया गया, तथा प्राणघातक हमला किया गया, रुपेश कुथे ने यह भी बताया कि कार्यक्रम में उन्हें मंच पर स्थान देने और शामिल करने को लेकर दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा था, तथा ऋषभ मिश्रा द्वारा धमकी दी जा रही थी कि यदि उन्हें कार्यक्रम में नहीं बुलाया गया तो उन्हें नुकसान पहुंचाया जाएगा। इसी बात को लेकर हुए विवाद में उन पर हमला भी किया गया।

गौरतलब है कि एक तरफ जहां ऋषभ मिश्रा एवं अन्य दो लोगों के खिलाफ नामजद तो वहीं अन्य 10-15 लोगों के द्वारा मारपीट के आरोप रुपेश (सोनु) कुथे की ओर से लगाए गए, वहीं शिवसैनिकों के बीच हुई मारपीट में शिवसेना युवा नेता ऋषभ मिश्रा की ओर से भी रिपोर्ट दर्ज कराते हुए रुपेश (सोनु) कुथे एवं अन्य लोगों के खिलाफ प्राणघातक हमले के आरोप लगाए गए हैं। जानकारी के अनुसार ऋषभ मिश्रा गोंदिया के त्रिशा हॉस्पिटल में आईसीयू में उपचार हेतु भर्ती है, तथा गंभीर अवस्था में उसका उपचार शुरु है।

### बहन एवं पत्नी ने लगाए आरोप..

शिवसैनिकों के बीच मारपीट की घटना के बाद ऋषभ मिश्रा पर साजिश के तहत प्राणघातक हमले के आरोप ऋषभ मिश्रा की पत्नी, बहन एवं मां ने आज लगाए हैं। उन्होंने बताया कि रुपेश (सोनु) कुथे की ओर से आशु मक्कड़ से बोलकर ऋषभ मिश्रा को पोवार बोर्डिंग फोन करके बुलाया गया। रुपेश कुथे ने ऋषभ मिश्रा के पहुंचने पर बूरी तरह से धारदार हथियारों से मारपीट की, जिससे कि ऋषभ मिश्रा का काफी खून बह गया है, और उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। परिवारजनों ने आरोप लगाया कि सोची समझी साजिश के तहत इस वारदात को अंजाम दिया गया, तथा सबूत मिटाने के लिये ऋषभ मिश्रा एवं आशु मक्कड़ का मोबाईल भी तोड़ दिया गया है। इसी प्रकार इस घटना में ऋषभ की मोटर सायकिल भी चोरी चली गई है, तथा घटना को अंजाम देने के बाद उल्टे झूठे आरोप ऋषभ पर लगाए गए हैं, जबकि रुपेश (सोनु) कुथे जो कि हमले का आरोप लगा रहा है, तो उसे कहां कौन सी चोट आई है, इसका खुलासा भी होना चाहिये। ऋषभ की पत्नी ने कहा कि मेरे पति को मारकर बूरी तरह से जख्मी कर दिया गया है, तथा हमारी मांग है कि आरोपी रुपेश कुथे पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

### बोले मंत्री उदय सामंत..

गौरतलब है कि शिवसैनिकों के बीच बूरी तरह मारपीट की घटना एवं ऋषभ मिश्रा के जख्मी होने की स्थिति के संदर्भ में जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों ने शिवसेना नेता एवं उद्योग मंत्री उदय सामंत से सवाल किया, जिस पर मंत्री श्री सामंत ने कहा कि जिस तरह से विवाद एवं घटना हुई, वह अशोभनीय है। श्री सामंत ने यह भी कहा कि उन्होंने घायल ऋषभ मिश्रा की पत्नी से फोन पर बात की है, तथा पुलिस को इस मामले में जांच एवं उचित कार्यवाही के आदेश भी दिये हैं।







## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है।

अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और ताजा खबरों से जुड़ें।

कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..
मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स, ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.
ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800




जग प्रेरणा
live शहर बालाघाट
● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई

मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

## उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल का आज 22 अगस्त को बालाघाट आगमन

### बिरसा विकासखंड के बीमारी से प्रभावित ग्रामों का करेंगे भ्रमण



**जगप्रेरणा बालाघाट।** *मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल का 22 अगस्त को बालाघाट आगमन हो रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल 22 अगस्त प्रातः 07 बजे जबलपुर से बैहर के लिए प्रस्थान करेंगे और सुबह 10:15 बजे बैहर पहुंचेंगे।*

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल 10:30 बजे बैहर से मछुरदा के लिए प्रस्थान करेंगे तथा 11:40 बजे मछुरदा पहुंचेंगे तथा 11:55 बजे मछुरदा से कुंडेकसा के लिए प्रस्थान करेंगे तथा 12:15 बजे कुंडेकसा पहुंचेंगे। 12:45 बजे कुंडेकसा से मलाजखंड तथा 2:30 बजे मलाजखंड से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल शाम 6:30 बजे जबलपुर पहुँच शाम 07 बजे रीवा के लिए प्रस्थान करेंगे।

## रक्षाबंधन से पहले बालाघाट में खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई..

### मिठाई दुकानों की जांच में लिए नमूने और एक्सपायरी सामग्री नष्ट

**जगप्रेरणा बालाघाट।** रक्षाबंधन त्यौहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा प्रशासन बालाघाट द्वारा मिठाई दुकानों, होटल एवं रेस्टोरेंट में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता की जांच अभियान के तहत विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य सामग्री के नमूने लिए गए तथा एक्सपायरी एवं दूषित खाद्य सामग्री का मौके पर ही विनष्टीकरण कराया गया। खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा मां शक्ति वैशाली बीकानेर स्वीट्स की जांच की गई। जांच के दौरान कलाकंद एवं रसगुल्ला के नमूने लिए गए, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। मलिकार्जुन होटल के सामने स्थित राजेश मिष्ठान भंडार का भी निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान लगभग 2,000 रुपये मूल्य की आउटडेटेड खाद्य सामग्री पाई गई, जिसका मौके पर ही विनष्टीकरण कराया गया। इसके अलावा मलाई पेड़ा एवं मलाई बर्फी के नमूने लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला, भोपाल भेजे गए हैं। बालाघाट बस स्टैंड क्षेत्र स्थित होटल एवं रेस्टोरेंट में भी खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा निरीक्षण एवं नमूना कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में यश बेकरी एवं शिवाय आइसक्रीम हब की जांच की गई। यश बेकरी से मावा पेड़ा एवं मलाई पेड़ा के नमूने जांच के लिए लिए गए। जांच के दौरान शिवाय आइसक्रीम हब बिना खाद्य रजिस्ट्रेशन के संचालित पाया गया। इस पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा प्रकरण तैयार किया गया तथा मौके पर ही खाद्य कारोबार बंद कराया गया। दुकान में लगभग 1,500 रुपये मूल्य की दूषित एवं एक्सपायरी खाद्य सामग्री पाई गई, जिसका मौके पर विनष्टीकरण कराया गया।

## चेम्बर ऑफ कॉमर्स प्रतिनिधिमंडल ने बालाघाट से गोंदिया पहुंचकर

# सांसद प्रफुल पटेल से मुलाकात कर की यात्री विमान सेवाएं शुरु करने की मांग..

### अध्यक्ष अभय सेठिया के प्रतिनिधित्व में धुरंतो एक्सप्रेस के स्टॉपेज संहित अनेक नई यात्री ट्रेनों की भी रखी मांग..

### सांसद प्रफुल पटेल से मिला स्नेह और सकारात्मक आश्वासन..





**जगप्रेरणा गोंदिया/बालाघाट।** *गोंदिया भंडारा जिले के नेता पूर्व केन्द्रिय मंत्री सांसद प्रफुल पटेल हमेशा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिये प्रयासरत रहते हैं, तथा जब भी उनके समक्ष गोंदिया भंडारा जिले के अलावा बालाघाट या अन्य क्षेत्र के विकास के लिये भी कोई प्रस्ताव प्रेषित किये जाते हैं, तो इस संदर्भ में मदद के हाथ बढ़ाने में सांसद प्रफुल पटेल की ओर से कभी कोई*

कमी नहीं होती, और ऐसा ही एक बार फिर नजर आया, जब सांसद प्रफुल पटेल से मिलने के लिये बालाघाट जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का प्रतिनिधिमंडल मिलने के लिये गोंदिया पहुंचा। गोंदिया आवास पर बालाघाट से मिलने के लिये चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अभय सेठिया के नेतृत्व में मिलने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल से सांसद प्रफुल पटेल ने काफी देर तक चर्चाएं की, उन्होंने अभय सेठिया एवं उपस्थित व्यापारियों की यात्री विमान को लेकर की गई मांग एवं रेल सुविधाओं को लेकर की गई मांग को ध्यानपूर्वक सुना, तथा शीघ्र ही रेल मंत्री से मुलाकात के दौरान बालाघाट जिले के यात्रियों की और व्यापारियों की मांग को शामिल कराने का आश्वासन भी दिया। सांसद प्रफुल पटेल के साथ इस मुलाकात में सांसद राजेन्द्र जैन भी उपस्थित थे, जिन्होंने कि सांसद श्री पटेल से चेम्बर ऑफ कॉमर्स की स्नेहिल भेंट कराई। इस अवसर पर जगप्रेरणा के संपादक आशीष वर्मा भी उपस्थित रहे।

### इन मांगो को लेकर सौपा ज्ञापन..

सांसद प्रफुल पटेल से मुलाकात करते हुए चेम्बर ऑफ कॉमर्स प्रतिनिधिमंडल ने बिरसी विमानतल से पुनः यात्री विमान सेवाएं शुरु करने तथा गोंदिया से मुंबई, हैदराबाद, इंदौर एवं नई दिल्ली के लिये विमान सेवाएं शुरु करने की मांग की। इस मांग के साथ चर्चा में अभय सेठिया ने सांसद श्री पटेल से निवेदन किया कि गोंदिया से विमान सेवाएं शुरु होने का लाभ बालाघाट, सिवनी, राजनांदगांव आदि जिले के नागरिकों को भी मिल रहा था, तथा विमान सेवाएं बंद होने से लोग निराश हैं, जिस पर सांसद श्री पटेल ने सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया। इसी प्रकार प्रतिनिधिमंडल ने बालाघाट से गोंदिया होकर भोपाल इंदौर नई यात्री ट्रेन प्रारंभ करने, बालाघाट से अमरावती तक प्रतिदिन इंटरसिटी एक्सप्रेस शुरु करने, धुरंतो एक्सप्रेस को गोंदिया में स्टॉपेज दिलवाने की भी मांग की, जिस पर सांसद श्री पटेल ने सभी रेल मांगों को भी रेल मंत्री के समक्ष रखने पर सहमति दर्ज की, और अवश्य इन विषयों पर निर्णायक प्रयासों का आश्वासन भी दिया।

### यह रहे उपस्थित..

इस अवसर पर बालाघाट चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अभय सेठिया, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन से श्री पुरन सिंह भाटिया, मैंगनीज ओर इंडिया लिमिटेड कांट्रेक्टर श्री प्रणव पटेल, पंकज खटोड़, ऑटो सेक्टर से राकेश सचान, कपिल अग्रवाल, रेलवे समिति सदस्य सुदीप जैन, पूर्व चेंबर अध्यक्ष डालचंद चौरड़िया, अनिल अग्रवाल, रोटरी क्लब से अभिषेक (सोनू) पाण्डेय, अजय सोनी, प्रसन्न जैन, वासुदेव आहूजा, जितेंद्र मोहारे सहित चेंबर के सदस्यगण भी उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरसवार से टकराव के बीच सीईओ अभिषेक सराफ का स्थानांतरण..

### अब बालाघाट मे तनुश्री मीणा के प्रतिनिधित्व मे जिला पंचायत मे होगी शांति कायम..







**जगप्रेरणा बालाघाट।** *आईएएस परीक्षा में टॉपर्स की सूची में अव्वल श्रेणी में रहे अभिषेक सराफ को मध्यप्रदेश शासन द्वारा जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रुप में पदस्थ किया गया था, लेकिन जबसे सीईओ अभिषेक सराफ बालाघाट में पदस्थ रहे, उनके मिजाज, व्यवहार एवं मनमानी के कारण अनेक मर्तबा उनके विवाद की खबरें सुर्खियों में रही, यहां तक की बड़े भ्रष्टाचार के*

आरोप और कमिशनखोरी को लेकर भी सीईओ अभिषेक सराफ का रवैया चर्चा में रहा। यहां तक तक जनप्रतिनिधियों से भी अभिषेक सराफ सामंजस्य स्थापित करते हुए कार्य नहीं कर पाए, इसका परिणाम रहा कि बालाघाट जिला पंचायत में समस्त जिला पंचायत सदस्यों ने दलगत राजनीति से परे होकर अभिषेक सराफ के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था, तथा विगत दिनों अभिषेक सराफ की शिकायत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से तक की गई थी। इसी बीच मान सम्मान और अधिकारों का हनन किये जाने को लेकर बालाघाट जिला पंचायत के अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार ने दिनांक 18 अगस्त 2026 को जिला खनिज प्रतिष्ठान मंडल की बैठक में पदेन जिला पंचायत अध्यक्ष को नहीं बुलाये जाने एवं मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम के तहत नियमों के गंभीर उल्लंघन, लापरवाही, प्रशासनिक स्वेच्छाचारिता एवं पदीय कर्त्तव्यों के विपरित कार्य करने को लेकर 14 अगस्त को जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ को कारण बताओ नोटिस जारी किया था, तथा इसकी प्रतिलिपि प्रमुख सचिव भोपाल एवं आयुक्त जबलपुर को प्रेषित की गई थी, तथा इससे पहले की अभिषेक सराफ और सम्राट सिंह सरसवार के बीच टकराव और बढ़ता, तथा जिला पंचायत में सभी सदस्य एक साथ मिलकर अभिषेक सराफ के खिलाफ प्रदर्शन करते, मध्यप्रदेश शासन द्वारा आदेश जारी करते हुए आज 21 अगस्त को अभिषेक सराफ को स्थानांतरित कर दिया है। अभिषेक सराफ को आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल के पद पर पदस्थ किया गया है।

### तनुश्री मीणा को बनाया गया बालाघाट का मुख्य कार्यपालन अधिकारी..

गौरतलब है कि आज मध्यप्रदेश सरकार द्वारा राज्य के 32 आईएएस अधिकारियों का तबादला किया गया है, जिसमें 2022 की आईएएस अधिकारी तनुश्री मीणा जो कि वर्तमान में झाबुआ जिले के पेटलावद में एसडीएम के पद कार्यरत हैं, उन्हें जिला पंचायत बालाघाट का मुख्य कार्यपालन अधिकारी बनाया गया है। तनुश्री मीणा के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से इतिहास में बीए ऑनर्स और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली से आधुनिक भारतीय इतिहास में एमए की डिग्री प्राप्त की है। पेटलावद में उन्हें 14 सितंबर 2024 को पदस्थ किया गया था, तथा अब तनुश्री मीणा बालाघाट में पदभार ग्रहण करेंगी।

### बालाघाट के अन्य अधिकारीयों का भी हुआ स्थानांतरण..

प्रदेश सरकार द्वारा किये गए प्रशासनिक फेरबदल में बालाघाट में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैहर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्पिता गुप्ता को जिला पंचायत बड़वानी, अनिकेत शांडिल्य सहायक कलेक्टर सतना से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैहर पदस्थ किया गया है। आकाश अग्रवाल सहायक कलेक्टर बालाघाट से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मझौली जिला सीधी तथा कार्तिकेय जायसवाल अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बारासिवनी से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवपुर स्थानांतरित किये गए हैं।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

# असाटी समाज बालाघाट द्वारा संगीतमय पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक, भक्ति और श्रद्धा से गूंजा नया श्री राम मंदिर





**जगप्रेरणा बालाघाट।**
असाटी समाज बालाघाट की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए असाटी वैश्य विकास समिति बालाघाट द्वारा नए श्री राम मंदिर में भव्य एवं संगीतमय पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक का आयोजन श्रद्धा, आस्था एवं भक्तिभाव के साथ किया गया। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में समाजजनों ने सहभागिता की और भगवान भोलेनाथ की आराधना कर सभी के सुख-समृद्धि, शांति एवं मंगलमय जीवन की कामना की।

कार्यक्रम में शीतला रामायण भजन मंडल 'भोले के दीवाने', आमगांव द्वारा मधुर एवं संगीतमय भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। भजनों, शिव स्तुति एवं भगवान भोलेनाथ के जयकारों से पूरा श्री राम मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पार्थिव शिवलिंग का पूजन कर रुद्राभिषेक किया और भगवान शिव के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की।

इस अवसर पर असाटी वैश्य विकास समिति बालाघाट के अध्यक्ष श्री संजय लखनलाल जी असाटी ने कहा, ÷हमारे समाज की पहचान केवल सामाजिक एकता से नहीं, बल्कि हमारी धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पारंपरिक मूल्यों से भी है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को एक सूत्र में जोड़ने का कार्य करते हैं। भगवान भोलेनाथ की आराधना हमें सेवा, समर्पण, संयम और सद्भाव की प्रेरणा देती है। हमारा प्रयास है कि धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से नई पीढ़ी को भी अपनी संस्कृति और संस्कारों से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों की सहभागिता एवं सहयोग से आयोजित इस प्रकार के आयोजन आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता को और मजबूत करते हैं। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। रुद्राभिषेक के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से सभी परिवारों में सुख-शांति, समृद्धि, स्वास्थ्य, सद्भाव एवं मंगलमय जीवन की प्रार्थना की।

कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं एवं वरिष्ठजनों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम के समापन अवसर पर भगवान भोलेनाथ की भव्य आरती की गई। इसके पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। संपूर्ण आयोजन श्रद्धा, भक्ति, संस्कार एवं सामाजिक एकता का सुंदर उदाहरण रहा। असाटी वैश्य विकास समिति बालाघाट ने आयोजन में सहभागिता करने वाले सभी समाजजनों, शीतला रामायण भजन मंडल 'भोले के दीवाने', आमगांव के सदस्यों एवं आयोजन में सहयोग प्रदान करने वाले सभी सहयोगियों के प्रति हृदय से आभार

SARDAR PATEL UNIVERSITY
BALAGHAT (M.P.)
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING
POLYTECHNIC
B.TECH | M.TECH
Part Time / Full Time
AICTE Approved
• Civil Engg.
• Mechanical Engg.
• Electrical Engg.
• Mining Engg.
• Computer Sc. & Engg.
• Mining & Mine Surveying
छात्रवृत्ति* SC/ST/OBC छात्रों को शासन के योजनानुसार
B.Tech. (AI & ML)
100% Job Oriented Program
PHARMACY
PCI Approved
• D. PHARMACY
• B. PHARMACY
• M. PHARMACY
Pharmacology / Pharmaceutics
MBA PHARMACEUTICAL MANAGEMENT
AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.) • M.Sc.(Ag.)
• B.Tech (Agril) • Diploma
ABM AGRI BUSINESS MANAGEMENT
LAW
• B.A. LL.B.
• LL.B. • LL.M.
BCI Approved
MANAGEMENT
• BBA (Hons.) • MBA • BHM
BAMS SARDAR PATEL AYURVEDIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
BHMS S.M. DEO HOMOEOPATHIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.)
9174192111, 9174202111, 9174212111

विज्ञापन संकलन
मो. हासिब खान
जिला सिवनी
संपर्क - मो. 7898530101



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

***आधुनिक भारत के निर्माता संचार क्रांति के जनक भारत रत्नए देश के पूर्व स्वर्गीय राजीव गांधी जी की जयंती जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवनए सिवनी*** में मनाई गई। कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी एवं श्रीमती शिवकली बुआ द्वारा राजीव गांधी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया गया।

तत्पश्चात जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी जी ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी जी एक दूरदर्शी नेता थे जिन्होंने आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखी। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी जी ने देश को 21वीं सदी की सोच से जोड़ने का कार्य किया और कंप्यूटरए संचार एवं तकनीकी क्रांति के माध्यम से भारत को नई दिशा दी। युवाओं को मतदान का अधिकार दिलाने पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने तथा देश के विकास में युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा।

श्री मरावी ने आगे कहा कि राजीव गांधी जी के विचारए उनकी दूरदृष्टि और आधुनिक भारत का उनका सपना आज भी हम सभी कांग्रेसजनों के लिए प्रेरणास्रोत है। हमें उनके बताए मार्ग पर चलते हुए देश की एकता अखंडता भाईचारे और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करना चाहिए। भाजपा पर कटाक्ष करते हुए श्री मरावी ने कहा कि जिस समय देश में राजीव जी संचार क्रं क्रांति लेकर आ रहें थे भाजपा के नेताओं द्वारा संचार क्रंति का घोर विरोध किया जा रहा था, आज उसी संचार माध्यमों के भरोसे पूरी सरकार और देश की व्यवस्था चल रही है।

कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव शिव सनोडिया द्वारा राजीव गांधी जयंती के कार्यक्रम का संचालन किया उन्होंने कहा कि राजीव गांधी जी केवल एक लोकप्रिय प्रधानमंत्री ही नहीं बल्कि भारत के भविष्य को नई दृष्टि देने वाले नेता थे। श्री सनोडिया ने कहा कि आज भारत जिस डिजिटल और तकनीकी युग में आगे बढ़ रहा हैए उसकी मजबूत आधारशिला राजीव गांधी जी के कार्यकाल में रखी गई थी। कार्यक्रम में श्रीमती आशा मोहन चंदेल द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

जयंती कार्यक्रम में हाजी मो. असलम खान, जेपीएस तिवारी, सुरेन्द्र करोसिया, प्रकाश सूर्यवंशी, यशपाल भलावी, विष्णु करोसिया, रंजीत यादव, एड़ राजगिरी गोस्वामी, गिडियन टीसिंह, श्रीमती आशा चंदेल, श्रीमती सरिता सनोडिया, श्रीमती आशा भलावी, श्रीमती निताशा बघेल, श्रीमती चित्रा बिसेन, श्रीमती किरण कौवरेती, श्रीमती बरखा बघेल, श्रीमती तृप्ति विनोद नामदेव, श्रीमती योगिता सनोडिया, श्रीमती ललिता बघेल, श्रीमती सीता निखारे, श्रीमती आकांक्षा शिबू सेंगर, श्रीमती नेहा पृथ्यानी, श्रीमती पवनरेखा रिनायत, श्रीमती सुनीता वर्मा, विनोद यादव, ठा. जयप्रकाशसिंह परिहार, नन्दू यादव, सुजीद गोदरे, एड़ मिर्जा फैसल बेग, शिवदीप डहेरिया, सतेन्द्र बघेल, श्यामसिंह माली, किशोरी कुंजाम, सरदारसिंह बघेल, अनिकेत चैरसिया, मनीष डहेरिया, कासिम खान, प्रवीण डहेरिया, जितेन्द्र तिवारी सहित बडी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहें।

# जिला कांग्रेस कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया हरियाली तीज महोत्सव




**जगप्रेरणा सिवनी।**

***जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन सिवनी में आज हरियाली तीज महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास उत्साह एवं पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया।***

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला मातृशक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा महाकाल भोलेनाथ का पूजन अर्चन करके किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम के आयोजक जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी के धार्मिक एवम सामाजिक कार्यक्रम प्रभारी द्वय यशपाल भलावी एवम प्रकाश सूर्यवंशी द्वारा जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी, उपाध्यक्ष मो. असलम खान, प्रवक्ता जे पी एस तिवारी, महामंत्री सुरेंद्र करोसिया, विष्णु करोसिया, रंजीत यादव, बिनोद यादव, घनश्याम सनोडिया, मोहन करवेति सहित उपस्थित कांग्रेस जनों का पुष्प हार से स्वागत किया।

इस अवसर पर उपस्थित महिला मातृशक्ति को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने कहा कि हरियाली तीज भारतीय संस्कृति, परंपरा, प्रकृति और नारी शक्ति के सम्मान का पावन पर्व है। यह पर्व हमारे जीवन में खुशहाली, हरियाली और नई ऊर्जा का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज और परिवार की संस्कृति एवं संस्कारों को सहेजने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आज आवश्यकता है कि महिलाओं को समाज के प्रत्येक क्षेत्र में समान अवसरए सम्मान और सहभागिता प्रदान की जाए। उन्होंने सभी महिलाओं को हरियाली तीज की शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखए समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए श्रीमती आषा चंदेल एवं शिव सनोडिया किया। शिव सनोडिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि नारी केवल परिवार की धुरी ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की शक्ति भी है हरियाली तीज महोत्सव में उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित श्रीमती आशा चंदेल ने कहा कि हरियाली तीज जैसे पर्व हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखने के साथ.साथ महिलाओं को एक मंच पर जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी सदैव महिला शक्ति के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है तथा मातृशक्ति की सहभागिता से ही समाज और संगठन और अधिक मजबूत बनता है। मातृशक्ति के इस कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में जिला कांग्रेस महासचिव द्वय यशपाल भलावी, प्रकाशसूर्यवंशी का विशेष योगदान रहा।

हरियाली तीज के इस अवसर पर प्रमुख रूप से महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती कविता कहार, श्रीमती आशा भलावी, श्रीमती बरखा बघेल, श्रीमती निताशा बघेल, सरिता सनोडिया, श्रीमती चित्रा बिसेन, श्रीमती तृप्ति नामदेव, श्रीमती आकांक्षा सेंगर, श्रीमती नेहापृथ्यानी, श्रीमती योगिता सनोडिया, श्रीमती सीता निखारे, श्रीमती ललिता बघेल, श्रीमती पवन रेखा रिनायत, श्रीमती किरण कौवरेती, श्रीमती संतोषी बिसेन, श्रीमती ज्ञानता बोरकर, श्रीमती सुनीता, श्रीमती गीता डहेरिया, श्रीमती सरला कुशवाहा, श्रीमती मालती डहेरिया, श्रीमती उर्मिला डहेरिया, श्रीमती गायत्री डहेरिया, श्रीमती रमता डहेरिया, श्रीमती पुष्पा झारिया, श्रीमती ओमेश्वरी बिसेन, श्रीमती संतोषी बिसेन, श्रीमती दुर्गा पुसाम, श्रीमती अनीता पुसाम, श्रीमती रामकली बाई, ममता चन्द्रवंशी, श्रीमती सीमा बघेल, श्रीमती हारो तेकाम, श्रीमती अनीता इनवाती, श्रीमती सुनीता वर्मा, श्रीमती सुनीता बघेल, श्रीमती सुलोचना डहेरिया सहित बडी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही ।

कार्यक्रम में मोहम्मद असलम खान, जेपीएस तिवारी, सुरेंद्र करोसिया, विष्णु करोसिया, घनश्याम सनोडिया, नन्दू यादव, ठा.जयप्रकाशसिंह परिहार, वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित महिला मातृशक्ति ने पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ हरियाली तीज महोत्सव में सहभागिता कर आयोजन की गरिमा को बढ़ाया।

इस कार्यक्रम को श्रीमती आशा मोहन चंदेल के द्वारा सफलतापूर्वक संचालित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने एक.दूसरे को हरियाली तीज की शुभकामनाएं देते हुए सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला मातृशक्ति एवं कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर स्थापना का प्रथम पाटोत्सव 23 अगस्त को..

## अभिषेक-पूजन एवं महाप्रसाद का आयोजन..




**जगप्रेरणा सिवनी।**

***नगर के बारापत्थर स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, समता नगर के प्राचीन वट वृक्ष के नीचे स्थापित वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर स्थापना का*** म पाटोत्सव इस वर्ष बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। मंदिर के पुजारी पंडित मोहन पांडे ने बताया कि पाटोत्सव का आयोजन दिनांक 23 अगस्त 2026, दिन रविवार, श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पुत्रदा एकादशी को किया जाएगा। इस पावन अवसर पर प्रातः काल से ही शिव परिवार का विशेष अभिषेक, पूजन-अर्चन एवं श्रृंगार किया जाएगा। पूजन कार्यक्रम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक प्रसिद्ध माता राजराजेश्वरी दुर्गा चौक दुर्गा मंदिर के आचार्य पंडित श्री राजेंद्र पांडे जी के आचार्यत्व में संपन्न होगा। पूजन उपरांत महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा समारोह राजराजेश्वरी दुर्गा चौक, दुर्गा मंदिर के आचार्य पंडित श्री राजेंद्र पांडे जी महाराज के आचार्यत्व में विद्वान ब्राह्मणों पंडित अजय शास्त्री, पंडित मोहन पांडे एवं पंडित शुभम तिवारी के सानिध्य में विधि-विधानपूर्वक संपन्न हुआ था। मंगलवार का दिन होने तथा प्राचीन वट वृक्ष में स्थापना होने के कारण आचार्य जी द्वारा मंदिर का नामकरण 'वीर वटकेश्वर महादेव' के नाम से किया गया था। यजमान जर्नलिस्ट जितेन्द्र सिंह, धर्मपत्नी श्रीमती राजेश्वरी सिंह (वर्षा), पुत्र वीर सिंह एवं सुपुत्री अवीरा सिंह ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं, माताओं-बहनों से वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर के प्रथम पाटोत्सव कार्यक्रम में दिनांक 23 अगस्त 2026, रविवार को अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार सम्मिलित होकर दर्शन लाभ एवं पुण्य अर्जित करने का विनम्र निवेदन किया है।

# किसानों के खेत में हाथियों की आमद से दहशत के साथ चिंता..



**जगप्रेरणा उगली।**

***उगली क्षेत्रांतर्गत ग्राम पोंडी के कुछ किसानों ने विगत दिवस एक हाथी के खेत में होने की जानकारी दिये. वन विभाग उगली रेंजर शिवभान नागेश्वर से जब इस मैं बारे में बात किये तो पता चला कि पौंड़ी के निकट किसानों*** के खेत में हाथी आया था, इसके आधार पर गत दिवस वहां पर पहुंचे हाथी के पद चिन्ह देखे गए, जिस आधार पर यह कह पाना अभी क्लियर नहीं है कि ये हाथी जंगली है, या फिर कान्हा और पेंच राष्ट्रीय उद्यान के वन विभाग की रेस्क्यू वाले गस्त के अंतर्गत पालतू हाथी, जिससे वन विभाग के द्वारा सघन वनों में गस्ती करते हैं, यह वह हाथी है, क्योंकि अभी विगत माह में हाथियों का रेजुनेशन कैंप जिसमें हाथियों की उचित देखभाल, स्वास्थ्य परिक्षण, खान पान और खातिरदारी की जाती है, कान्हा राष्ट्रीय उद्यान और पेंच राष्ट्रीय उद्यान में किया गया था, जो प्रतिवर्ष किया जाता है.जिसके आधार पर वन विभाग का समूचा दल व हमारे बड़े अधिकारी इस घटना के ऊपर जांच कर रहे हैं। फिलहाल किसानों की खेत में हाथियों के पहुंचने से क्षेत्रीय ग्रामीण दहशत में हैं।

## बोले रेंजर शिवभान नागेश्वर..

किसानों के खेत में हाथी के पद चिन्ह को देखकर यह क्लियर हो गया कि यह पगमार्क हाथी के ही है, जिस आधार पर एक हाथी जो पोंडी के निकट बैनगंगा के खेतों से होता हुआ चिखली के बाद संरडी तक इसके पद चिन्ह देखे गए हैं, जिसके आधार पर अभी इस हाथी के दिखाई देने की सूचना नहीं मिली है, बीते तीन-चार वर्ष पूर्व भी इस प्रकार की घटना हुई थी।

यह जंगली हाथी भी हो सकता है, जिसको लेकर क्षेत्रीय लोगों से वन विभाग ने सावधानी बरतने के लिए और यदि किसी व्यक्ति को यह हाथी दिखाई देता है इसकी सूचना वन विभाग को दें और सावधानी से रहे।

# द्वादश ज्योतिर्लिंग रुद्राभिषेक रविवार को, अंतिम सावन सोमवार को निकलेगी विशाल कांवड़ यात्रा




**जगप्रेरणा कहानी।**

परम पवित्र सावन मास के उपलक्ष्य में स्थानीय श्रीराम मंदिर में श्रीराम मंदिर वाले बाबा जी की प्रेरणा एवं संरक्षण में प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी अखंड रामायण पाठ एवं श्री रुद्राभिषेक सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन विधि-विधान से किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को श्री द्वादश ज्योतिर्लिंग रुद्राभिषेक का विशाल एवं भावपूर्ण आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर मंदिर परिसर में 12 पार्थिव ज्योतिर्लिंगों का निर्माण किया जाएगा। लगभग 50 मुख्य यजमानों की उपस्थिति में मंदिर के पुजारी अभिषेक पाठक एवं कर्मकांड पंडित संतोष उपाध्याय तथा मलखेड़ा वाले महाराज जी के सान्निध्य में रुद्राभिषेक एवं पूजन संपन्न कराया जाएगा।

श्रीराम मंदिर में आयोजित होने वाले इन धार्मिक आयोजनों की यह लगातार 35वीं वर्ष की परंपरा है। सावन मास के दौरान चलने वाले धार्मिक अनुष्ठानों का समापन रक्षाबंधन के दूसरे दिन आयोजित होने वाले कजलिया उत्सव पर होगा। समापन अवसर पर हवन-यज्ञ का आयोजन तथा विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें समस्त नगरवासियों का सहयोग रहेगा।

## अंतिम सावन सोमवार को निकलेगी विशाल कांवड़ यात्रा..

गत तीन वर्षों की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी नगर एवं क्षेत्र के धर्मप्रेमी बंधुओं द्वारा अंतिम सावन सोमवार को विशाल कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। कांवड़ यात्री नगर कहानी से लगभग 30 किलोमीटर दूर माजगामा में प्रवाहित मां गंगा नदी से कांवड़ में पवित्र जल लेकर नगर कहानी पहुंचेंगे। इसके बाद नगर के विभिन्न स्थापित देवालयों में जल अर्पित कर भगवान शिव का अभिषेक किया जाएगा।

यह कांवड़ यात्रा पिछले तीन वर्षों से लगातार आयोजित की जा रही है। इसमें नगर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण एवं क्षेत्रीय श्रद्धालु भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह एवं धार्मिक उल्लास का वातावरण रहता है।

आयोजन समिति ने समस्त नगरवासियों, ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कांवड़ यात्रा में शामिल होकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की है। समिति ने श्रद्धालुओं से यात्रा को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने का भी आग्रह किया है।

# कलश यात्रा के साथ ही सभी जिलों में खोले जाएं संत रविदास स्कूल : रघुवीर अहरवाल..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

संत रविदास जी की 650 वी जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 20 अगस्त से संत रविदास जी की शिक्षाओं का प्रचार प्रसार करने कलश यात्रा निकाली गई है जो आगामी 10 सितम्बर तक जारी रहेगी। यह एक सराहनीय कदम है। इसके साथ ही देश के सभी जिलों में संत रविदास केंद्रीय विद्यालय खोले जाएं। जिससे करीब एक लाख स्थाई शिक्षकों और कर्मचारियों की भर्ती से एक लोगों को स्थाई रोजगार मिलेगा।

रविदास शिक्षा मिशन सिवनी के अध्यक्ष रघुवीर अहरवाल ने उक्ताशय की मांग करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सन् 20 23 में मध्यप्रदेश के सागर जिले में संत रविदास जी के मंदिर और भव्य स्मारक की आधार शिला रखा था। वर्तमान में संत रविदास जी की जन्म स्थली काशी से पवित्र मिट्टी की कलश यात्रा निकाली जा रही है। आगामी 10 सितम्बर के बाद लोग इसको भूल जाएंगे। यदि सरकार संत रविदास जी की शिक्षाओं को स्थाई बनाना चाहती है तो वह देश के करीब 5 सौ जिलों में संत रविदास केंद्रीय विद्यालय प्रारम्भ करे। इससे करीब एक लाख शिक्षकों सहित अन्य कर्मचारियों की भर्ती होगी। इन विद्यालयों में नर्सरी से लेकर 12 तक की कक्षाओं का संचालन किया जाए। समाजसेवी रघुवीर अहरवाल ने आगे बताया कि इन विद्यालयों को आधुनिक टेक्नोलॉजी से सुसज्जित किया जाए। सभी विद्यार्थियों को पूरी तरह निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाए। यह कार्य एक वर्ष की समय सीमा में पूरा किया जाना चाहिए।

# आजादी के 80 वर्षो बाद भी जारी है दलितों, आदिवासियों का शोषण..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

शिक्षा विभाग में इस समय सुर्खियों मे है जहाँ एक आदिवासी कर्मचारी को अपनी पदांकित शाला के साथ साथ आधे किलोमीटर दूर दूसरी शाला मे भी काम करने का आदेश जारी किया गया है. पीड़ित अरविंद सिंह कुंजाम शासकीय माध्यमिक शाला भोंगाखेड़ा में भृत्य के पद पर कार्यरत है जहां कक्षा नर्सरी से आठवीं तक 114 बच्चे अध्यनरत हैं जिनकी पीने की पानी की व्यवस्था, कमरों की साफ सफाई, प्रांगण की साफ सफाई और अन्य स्कूल के कार्य उनके द्वारा निष्ठापूर्वक किए जाते हैं परंतु वर्तमान में जिला शिक्षा अधिकारी जिला सिवनी द्वारा एक आदेश जारी कर उन्हें शासकीय माध्यमिक शाला भोंगाखेडा के साथ-साथ शासकीय हाई स्कूल भोंगाखेडा में भी साफ सफाई और अन्य कार्य के लिए आदेशित किया गया है।

पीड़ित ने बताया की शासकीय हाई स्कूल एक परिसर एक शाला में नहीं है और मेरी पादांकित शाला से लगभग 500 मीटर दूर है इसलिए एक साथ दोनों शालाओ में काम करना संभव नहीं है7 उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी को उनके द्वारा दिये गए उपरोक्त आदेश को निरस्त करने और उन्हें केवल शासकीय माध्यमिक शाला भोंगाखेडा में कार्य करने देने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है.

ज्ञात हो की शासकीय माध्यमिक विद्यालय भोंगाखेडा शिक्षा के क्षेत्र मे नित नये नवाचार करने के लिए जिले की एक प्रतिष्ठित शाला है. श्री कुंजाम को उनके द्वारा पूर्ण निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का पूरा करने और शाला की साफ सफाई मे उत्तम कार्य करने के पुरस्कार स्वरुप विधानसभा उपाध्यक्ष हिना कावरे द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने का प्रमाण पत्र एवं नगद राशि 26 जनवरी 2020 को प्रदान की गई है जब वे शाला मे विशेष मध्यान भोजन के लिए उपस्थित हुई थी. इस आदेश के बाद शाला मे अध्ययनरत बच्चों के पालकों मे भी रोष व्याप्त है और उनके द्वारा जनसुनवाई एवम जिले के विधायक मुनमुन राय के समक्ष आवेदन देने की बात की गई है।

सिवनी मे जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद 7898530101

## श्री श्याम मंदिर में आज भव्य झूला उत्सव एवं भजन संध्या..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

श्री श्याम परिवार समिति, महिला इकाई सिवनी के तत्वावधान में श्री श्याम मंदिर परिसर में 22 अगस्त को दोपहर 3:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक भव्य झूला उत्सव आयोजित किया जा रहा है। झूला उत्सव में बच्चों एवं महिलाओं के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के आकर्षक झूले एवं मनोरंजन के साधन लगाए जाएंगे। इनमें विशाल झूला (जायंट व्हील), इन्फ्लेटेबल स्लाइड, ट्रैम्पोलिन तथा छोटे बच्चों के लिए कार राइड विशेष आकर्षण रहेंगे।

उत्सव के दौरान श्रद्धालुओं एवं परिवारों के लिए विभिन्न स्वादिष्ट खाद्य एवं पेय पदार्थों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। आयोजन को भक्तिमय एवं आनंदमय बनाने के लिए मधुर संगीत के साथ भजन संध्या का भी आयोजन किया गया है। श्री श्याम परिवार समिति महिला इकाई ने नगर एवं आसपास के सभी श्याम भक्तों, मातृशक्ति, बच्चों एवं परिवारों से अधिक से अधिक संख्या में श्री श्याम मंदिर पहुंचकर बाबा श्याम के दर्शन करने तथा झूला उत्सव एवं भजन संध्या का आनंद लेने की अपील की है।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

# विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433





# विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433


# सीएम हेल्पलाइन की जांच के दौरान हंगामा, शासकीय फाइलें फाड़ने और धमकी देने का आरोप

**सेलवटपार पंचायत सचिव ने दो ग्रामीणों के खिलाफथाने में दी शिकायत, शासकीय कार्य में बाधा डालने का आरोप..**



कैलाश कसार, जगप्रेरणा सेलवटपार।

***खैरलांजी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सेलवटपार में सीएम हेल्पलाइन शिकायत की जांच के दौरान शासकीय दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़, गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है।***

इस संबंध में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं शासकीय कर्मचारियों ने थाना प्रभारी रामपायली को शिकायती आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफशासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने सहित अन्य आरोपों में सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

शिकायत के अनुसार, 18 अगस्त 2026 को दोपहर लगभग 3 बजे जनपद पंचायत खैरलांजी के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी खाण्डेकर एवं एसबीएम बीसी तथा उपयंत्री श्रीमती नाजनीन खान सीएम हेल्पलाइन की शिकायत के निराकरण हेतु ग्राम पंचायत सेलवटपार पहुंचे थे। जांच प्रक्रिया के दौरान गांव के निवासी मंशाराम दांदरे एवं मोतीराम ठाकरे ने शिकायत से संबंधित फाइलों की मांग की। एपीओ के कहने पर पंचायत सचिव ने फाइलें अवलोकन हेतु उन्हें सौंप दीं। आरोप है कि फाइलों को पढ़ते समय मंशाराम दांदरे ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए कहा कि सरपंच एवं उपसरपंच गोंडिन द्वारा पूरे सेलवटपार की पंचायत को लूट लिया गया है। इसके बाद हाथ में रखी फाइलों को फर्जी बताते हुए उन्हें फाड़ना शुरू कर दिया। इस दौरान सचिव, रोजगार सहायक एवं सरपंच प्रतिनिधि राही पाण्डे ने दौड़कर शासकीय दस्तावेजों को बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक फाइलें फट चुकी थीं। घटना के दौरान आरोपियों द्वारा जांचकर्ता अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को कथित रूप से गंदी-गंदी गालियां दी गई तथा धमकी देते हुए कहा गया कि अभी तो शुरुआत है, आगे शिकायतों की झड़ी लगा दूंगा।÷

शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि अनावेदक विगत कई दिनों से फर्जी शिकायतें कर महिला सरपंच एवं उपसरपंच, जो कि आदिवासी वर्ग से हैं, को परेशान कर रहे हैं। शासकीय कार्यों में बार-बार बाधा उत्पन्न होने के कारण पंचायत प्रतिनिधियों को ग्राम विकास के कार्य करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

शिकायतकर्ता श्रीमती दिपिका राही पाण्डे, सरपंच, श्रीमती कमला भलावे, उपसरपंच, महेश हेडाऊ, सचिव एवं विजेन्द्र सिंह घरसोले, सहायक सचिव ने अनावेदक मंशाराम पिता जोशीराम दांदरे, निवासी सेलवटपार एवं मोतीराम पिता सुरेश्वर ठाकरे, निवासी सेलवटपार के विरुद्ध शासकीय कार्य में व्यवधान डालने, दस्तावेज नष्ट करने एवं धमकी देने के लिए तत्काल उचित कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग पुलिस प्रशासन से की है।

### श्रीराम मंदिर में भव्यता के साथ संपन्न हुआ

# 'अखंड भारत दिवस' विभाजन की विभीषिका का स्मरण कर राष्ट्र, संस्कृति और सामाजिक समरसता का दिया संदेश

कैलाश कसार, जगप्रेरणा वारासिवनी।



***विश्व हिंदू परिषद प्रखंड वारासिवनी के तत्वावधान में स्थानीय श्रीराम मंदिर प्रांगण में 'अखंड भारत दिवस' एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विभाजन की विभीषिका का स्मरण करने के साथ युवाओं में राष्ट्रीय चेतना जागृत करना एवं अखंड भारत के संकल्प को दोहराना रहा।***

कार्यक्रम का शुभारंभ अखंड भारत माता के चित्र का रेखांकन, दीप प्रज्ज्वलन एवं भारत माता की आरती से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी श्री शारदा प्रसाद जी शिव ने की। मुख्य वक्ता क्षेत्र धर्म प्रसार प्रमुख (भोपाल) श्री ललित जी पारधी रहे। मंच पर विहिप जिला अध्यक्ष श्री यज्ञेश (लालू) जी चावड़ा, प्रांत धर्म प्रसार प्रमुख श्री दिग्विजय सिंह जी एवं प्रखंड अध्यक्ष श्री श्याम बोकड़े उपस्थित रहे।

## अखंड भारत सांस्कृतिक एकता का प्रतीक : ललित पारधी

मुख्य वक्ता श्री ललित जी पारधी ने कहा कि अखंड भारत केवल भौगोलिक सीमाओं का विषय नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक एकता, सनातन परंपरा और राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए सामाजिक समरसता, गौसेवा एवं सनातन संस्कृति के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

## सामाजिक समरसता और नशामुक्ति जरूरी : दिग्विजय सिंह

श्री दिग्विजय सिंह जी ने कहा कि सामाजिक समरसता और नशामुक्ति मजबूत राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। संगठित एवं व्यसनमुक्त समाज ही धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के मूल्यों की रक्षा करते हुए आगे बढ़ सकता है। उन्होंने युवाओं से नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

विहिप जिला अध्यक्ष श्री यज्ञेश (लालू) जी चावड़ा ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद का ध्येय हिंदू समाज को एक सूत्र में पिरोना तथा धर्म एवं संस्कृति की रक्षा करना है।

अध्यक्षीय संबोधन में श्री शारदा प्रसाद जी शिव ने कहा कि सनातन संस्कृति के जीवन मूल्यों को अपनाते हुए राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना वर्तमान समय की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री प्रदीप जायसवाल, समीर बिसेन, मनीष मिश्रा, अनिल खंडेलवाल, छगन हनुवत, प्रदीप श्रीवास्तव, प्रदीप खंडेलवाल, प्रणय श्रीवास्तव, धर्मराज राणा, हरीश जैरथ सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

संगठन की ओर से विहिप जिला सेवा प्रमुख अभिषेक अग्रवाल, प्रचार-प्रसार प्रमुख कैलाश कसार, विहिप जिला सेवा प्रमुख अभिषेक अग्रवाल, प्रचार-प्रसार प्रमुख कैलाश कसार, बजरंग दल जिला संयोजक शुभम श्रीवाश, लालबर्रा जिला सहसंयोजक निलेश चौधरी, कटंगी जिला सहमंत्री सुनील नागोसे, प्रखंड मंत्री पंकज एडे, प्रखंड संयोजक मिथलेश राणा, प्रखंड सहसंयोजक तरुण ठाकरे, प्रखंड सहमंत्री शुभम शुक्ला, बिट्टू पारधी, ओम प्रकाश लांजेवर, लखन एडे, जयेश पटले तथा दुर्गा वाहिनी से सुप्रिया पालेवाल ,लालबर्रा प्रखंड मंत्री संदीप पटले, लालबर्रा प्रखंड संयोजक दिशु तिवारी, कटंगी प्रखंड मंत्री विजेंद्र गोलेंद्र एवं कटंगी धर्म प्रसार प्रमुख सीतेश पालीवाल उपस्थित रहे

कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती के साथ हुआ। उपस्थितजनों ने राष्ट्र, संस्कृति और सामाजिक एकता के प्रति अपने संकल्प को दोहराया

# सेवा को बनाया संकल्प, समाज को दी नई दिशा : नीरजा ठाकुर 'शहीद सृजन गौरव सम्मान' से सम्मानित

हितेश अजीत, जगप्रेरणा बालाघाट।

***जब समाज में बदलाव की बात होती है, तो बड़े पदों से ज्यादा मायने रखता है व्यक्ति का समर्पण। स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता को अपने जीवन का हिस्सा बनाकर निरंतर आगे बढ़ रहीं नीरजा ठाकुर ने इसी सोच को अपने कर्मों से सार्थक किया है।***

उनके उल्लेखनीय सामाजिक योगदान के लिए स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उन्हें 'शहीद सृजन गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय सखी सुलेखनी साहित्य मंच द्वारा 12, 13 एवं 14 अगस्त 2026 को आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम में यह सम्मान प्रदान किया गया। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में अमर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को काव्यांजलि अर्पित करते हुए समाज के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

स्वच्छता और पर्यावरण को बनाया अभियान..

नीरजा ठाकुर ने नागपुर सहित विदर्भ क्षेत्र में स्वच्छता, पॉलीथिन मुक्त नागपुर और पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार कार्य किया है। लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ ही पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण के लिए किए गए उनके प्रयासों को विभिन्न स्तरों पर सराहना मिली है। इन सामाजिक कार्यों के लिए उन्हें कई सम्मान भी प्राप्त हो चुके हैं।

उनकी विशेषता यह है कि वे केवल मंचों से संदेश देने तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि सामाजिक सरोकारों को अपने व्यवहार और कार्यों में उतारकर लोगों को जोड़ने का प्रयास करती रही हैं। यही निरंतरता आज उनकी पहचान बन गई है।



## बालाघाट की बेटी, सेवा के संस्कारों को आगे बढ़ाया..

नीरजा ठाकुर बालाघाट जिले के माटे निवासी समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि असीम चौहान की बड़ी बहन हैं। असीम चौहान भी लंबे समय से क्षेत्र में सामाजिक गतिविधियों और जनसेवा से जुड़े हुए हैं। परिवार में सेवा और समाज के प्रति जिम्मेदारी के संस्कार उन्हें अपने माता-पिता और पूर्वजों से मिले, जिन्हें नीरजा ठाकुर ने भी अपने जीवन में आत्मसात किया।

विवाह के बाद महाराष्ट्र को अपनी कर्मभूमि बनाकर नीरजा ठाकुर ने घर-परिवार की जिम्मेदारियों के साथ सामाजिक सेवा को भी निरंतर आगे बढ़ाया। यह उनके समर्पण का परिचायक है कि मायके से मिले सेवा के संस्कारों को उन्होंने ससुराल में भी जीवंत रखा और नागपुर सहित विदर्भ क्षेत्र में सामाजिक कार्यों के माध्यम से अपनी अलग पहचान बनाई।

## ठाकुर समाज के साथ दोनों परिवारों का बढ़ाया गौरव

नीरजा ठाकुर की सामाजिक सक्रियता ने ठाकुर समाज को गौरवान्वित किया है। साथ ही अपने मायके और ससुराल दोनों परिवारों की प्रतिष्ठा बढ़ाने में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महिला ठाकुर समाज, नागपुर में भी वे महत्वपूर्ण दायित्व संभालते हुए समाजहित के कार्यों में सक्रिय योगदान दे रही हैं। उनकी उपलब्धि इस बात का उदाहरण है कि यदि महिला अपनी क्षमता, संवेदना और दृढ़ इच्छाशक्ति को समाजहित से जोड़ दे, तो वह परिवार की जिम्मेदारियों के साथ-साथ पूरे समाज के लिए प्रेरणा बन सकती है।

'शहीद सृजन गौरव सम्मान' नीरजा ठाकुर के लिए केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि उनके द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों के प्रति समाज की स्वीकृति और सम्मान का प्रतीक है। उनकी इस उपलब्धि पर समाजजनों, परिजनों और शुभचिंतकों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक सेवा के इस सफर को निरंतर जारी रखने की कामना की है।

# असाटी समाज बालाघाट द्वारा संगीतमय पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक, भक्ति और श्रद्धा से गूंजा नया श्री राम मंदिर

जगप्रेरणा बालाघाट।



***असाटी समाज बालाघाट की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए असाटी वैश्य विकास समिति बालाघाट द्वारा नए श्री राम मंदिर में भव्य एवं संगीतमय पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक का आयोजन श्रद्धा, आस्था एवं भक्तिभाव के साथ किया गया।***

धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में समाजजनों ने सहभागिता की और भगवान भोलेनाथ की आराधना कर सभी के सुख-समृद्धि, शांति एवं मंगलमय जीवन की कामना की।



कार्यक्रम में शीतला रामायण भजन मंडल 'भोले के दीवाने', आमगांव द्वारा मधुर एवं संगीतमय भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। भजनों, शिव स्तुति एवं भगवान भोलेनाथ के जयकारों से पूरा श्री राम मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पार्थिव शिवलिंग का पूजन कर रुद्राभिषेक किया और भगवान शिव के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की।

इस अवसर पर असाटी वैश्य विकास समिति बालाघाट के अध्यक्ष श्री संजय लखनलाल जी असाटी ने कहा, ÷हमारे समाज की पहचान केवल सामाजिक एकता से नहीं, बल्कि हमारी धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पारंपरिक मूल्यों से भी है।

ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को एक सूत्र में जोड़ने का कार्य करते हैं। भगवान भोलेनाथ की आराधना हमें सेवा, समर्पण, संयम और सद्भाव की प्रेरणा देती है। हमारा प्रयास है कि धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से नई पीढ़ी को भी अपनी संस्कृति और संस्कारों से जोड़ा जाए।÷

उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों की सहभागिता एवं सहयोग से आयोजित इस प्रकार के आयोजन आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता को और मजबूत करते हैं। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

रुद्राभिषेक के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से सभी परिवारों में सुख-शांति, समृद्धि, स्वास्थ्य, सद्भाव एवं मंगलमय जीवन की प्रार्थना की। कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं एवं वरिष्ठजनों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर भगवान भोलेनाथ की भव्य आरती की गई। इसके पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। संपूर्ण आयोजन श्रद्धा, भक्ति, संस्कार एवं सामाजिक एकता का सुंदर उदाहरण रहा।

असाटी वैश्य विकास समिति बालाघाट ने आयोजन में सहभागिता करने वाले सभी समाजजनों, शीतला रामायण भजन मंडल 'भोले के दीवाने', आमगांव के सदस्यों एवं आयोजन में सहयोग प्रदान करने वाले सभी सहयोगियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

# कूलर के करंट की चपेट में आए ग्राम पंचायत मेट, 54 वर्षीय कोमल टेंभरे की मौत

जगप्रेरणा परसवाड़ा।





***थाना परसवाड़ा अंतर्गत ग्राम चीनी में शुक्रवार शाम उस समय मातम पसर गया, जब कूलर के करंट की चपेट में आने से 54 वर्षीय ग्राम पंचायत मेट कोमल टेंभरे पिता हगरूलाल टेंभरे की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।***



जानकारी के अनुसार शुक्रवार को कोमल टेंभरे घर पर अकेले थे। इसके बाद दिनभर उनके घर से बाहर नहीं निकलने और गांव में दिखाई नहीं देने पर उनके छोटे भाई भुवन लाल टेंभरे को शंका हुई।

शुक्रवार शाम करीब 7 बजे भुवन लाल ने कोमल के घर का दरवाजा खोला तो अंदर का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। कोमल टेंभरे कूलर से चिपकी हुई अवस्था में अचेत पड़े थे। उन्होंने तत्काल ग्रामीणों और परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजनों द्वारा घटना की सूचना परसवाड़ा पुलिस को दी गई।

पुलिस ने मौके की जानकारी लेने के बाद मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर ग्रामीणों द्वारा आशंका जताई जा रही है कि कूलर सुधारते अथवा चालू करते समय करंट की चपेट में आने से कोमल टेंभरे की मौत हुई है। बताया गया कि कोमल टेंभरे ग्राम पंचायत में मेट के रूप में कार्यरत थे। उनके परिवार में पत्नी और एक बेटा है, जबकि उनकी बेटी का विवाह हो चुका है। अचानक हुई इस दर्दनाक घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

घटना के बाद से ग्राम चीनी में शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# बिरसा के प्रभावित गांवों के 187 बच्चे स्वस्थ होकर घर लौटे, 26 मरीजो का चल रहा उपचार, शीघ्र होगी घर वापसी

जगप्रेरणा बिरसा।

***बालाघाट जिले के बिरसा विकासखंड के ग्राम कुंडेकसा, अडोरी, कोरका एवं बांदरी में स्वास्थ्य संबंधी समस्या, मौसमी बीमारी, सर्दी खांसी बुखार,चर्मरोग, मीजल्स स्कैबीज, मलेरिया से ग्रसित मरीजों का अस्पताल में उपचार जारी है। 21 अगस्त तक कुल 207 बच्चों में से 187 बच्चों को सफ्लतापूर्वक स्वास्थ्य*** लाभ मिलने के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज किया जा चुका है तथा 26 बच्चे अब भी अस्पताल में उपचाररत हैं, जो पूर्णतः स्वस्थ्य है। 21 अगस्त को 24 मरीज को अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया है और एहतियात के तौर पर 06 मरीजों को भर्ती कराया गया है।

उक्त ग्रामों में 20 सर्वेक्षण टीम, के माध्यम से घर-घर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है एवं 4 पीएमजनमन एएमएमयु, बीमार व्यक्तियों की जांच के लिए 10 चिकित्सा अधिकारी एवं 4 एम्बूलेंस भर्ती हेतु लगायी गयी है।

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। अब तक कुल 3527 लोगो की जांच की गई है, जिसमें मलेरिया के 291, दस्ेत के 142, शरीर पर दानों के साथ बुखार के 120 और चर्म रोग के 167 मरीज पाये गए है।

इस प्रकार कुल 720 मरीज विभिन्न बीमारियों के मिले, इनमें से 213 मरीजों को अस्पेताल में भर्ती कराया गया था, जिसमें से 187 को अस्पताल में उपचार कर डिस्चार्ज किया जा चुका है एवं 26 बच्चे अस्पेताल में उपचाररत है तथा 507 को घर पर ही उपचार प्रदान कर ठीक किया गया है।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live देश विदेश
भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, अमेरिका, ब्रिटेन, ईरान, चीन, जापान आदि की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

## बगलई स्कूल चोरी कांड में केवलारी पुलिस की बड़ी सफलता

# एक आरोपी गिरफ्तार, विधि - विरुद्ध बालक पर कार्रवाई, चोरी का सामान व वारदात में प्रयुक्त कार जब्त








जगप्रेरणा केवलारी (सिवनी)।

***शासकीय हाई स्कूल बगलई में 28 एवं 29 जुलाई की दरम्यानी रात हुई बहुचर्चित चोरी के मामले में केवलारी पुलिस ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। सिवनी पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के***

मार्गदर्शन तथा एसडीओपी केवलारी आशीष भराड़े के नेतृत्व में थाना केवलारी पुलिस ने उपलब्ध तकनीकी साक्ष्यों एवं घटनास्थल से मिलें सुरागों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई। पुलिस टीम ने संदिग्धों की पहचान कर चोरी की कड़ियों को जोड़ते हुए कार्रवाई की। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि एक विधि-विरुद्ध बालक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई है। वहीं वारदात में प्रयुक्त अर्टिगा कार सहित चोरी किए गए कम्प्यूटर पार्ट्स बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार एक आरोपी आर्यन उर्फचिकू की तलाश जारी है। मामले का विस्तृत आधिकारिक खुलासा अभी पुलिस द्वारा किया जाना शेष है।

### 29 जुलाई को थाने पहुंची थी लिखित शिकायत

विद्यालय में चोरी का पता 29 जुलाई की सुबह चला था। घटना की जानकारी मिलते ही विद्यालय के प्राचार्य चूरामन बघेल द्वारा उसी दिन थाना केवलारी में चोरी की लिखित शिकायत प्रस्तुत कर दी गई थी। इसके बाद पुलिस द्वारा 1 अगस्त 2026 को ऑनलाइन स्न्ढ्ढक्रदर्ज की गई। स्न्ढ्ढक्रमें अपराध क्रमांक 260/2026, धारा 331(4) एवं 305(द्व) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।

### कम्प्यूटर के महंगे पार्ट्स और स्मार्ट टीवी पर था चोरों का निशाना

चोरों ने विद्यालय के चैनल गेट एवं कम्प्यूटर कक्ष का ताला तोड़कर शासन से प्राप्त 8 कम्प्यूटर सेट तथा 2 अन्य कम्प्यूटर सेट के सीपीयू खोलकर हार्ड डिस्क, प्रोसेसर एवं रैम निकाल लिए थे। इसके अलावा प्राचार्य कक्ष में लगा सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर तथा 65 इंच का सैमसंग स्मार्ट टीवी भी चोरी कर लिया गया था। घटना के बाद पुलिस एवं फॉरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल का बारीकी से परीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए गए थे।

### कम्प्यूटर मेकेनिक विक्की बघेल गिरफ्तार

पुलिस के अनुसार विक्की बघेल पिता मेरसिंह बघेल, उम्र 34 वर्ष, निवासी उगलीनाका, केवलारी को गिरफ्तार किया गया है। विक्की बघेल के द्वारा अपने 2 वर्कर नविन सराठे और आर्यन उर्फचिकू को विद्यालय में 18 जुलाई को 2 केमरे और डीबीआर लगाने भिजवाया था। और इनके द्वारा उक्त घटना को अंजाम दिया गया, इसके अलावा एक विधि-विरुद्ध बालक के विरुद्ध विधि अनुसार कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जबकि विधि-विरुद्ध किशोर को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया।

### चोरी में प्रयुक्त कार सहित कम्प्यूटर पार्ट्स बरामद

पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त अर्टिगा कार क्रमांक स्न्न04ड्ड्क्क3124 जब्त की है। आरोपी विक्की बघेल के कब्जे से– 02 प्रोसेसर, 03 रैम, 02 स्स्ष्ठ प्लेट जब्त किए गए। वहीं विधि-विरुद्ध बालक की निशानदेही पर 01 हार्ड डिस्क, 06 रैम, 05 प्रोसेसर, 03 स्स्ष्ठ प्लेट बरामद किए गए हैं। हालांकि विद्यालय से चोरी गई पूरी शासकीय सामग्री अभी बरामद होना बाकी है।

### स्कूल प्रशासन की मांग–किसी भी दोषी को छोड़ा न जाए

विद्यालय प्रशासन ने पुलिस की कार्रवाई का स्वागत करते हुए मांग की है कि जांच को केवल चोरी करने वाले आरोपियों तक सीमित न रखा जाए। चोरी की योजना बनाने से लेकर वारदात को अंजाम देने, चोरी का सामान ले जाने, छिपाने अथवा उसे ठिकाने लगाने में यदि किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका सामने आती है तो साक्ष्यों के आधार पर उसके विरुद्ध भी कानून के अनुसार कार्रवाई की जाए।

प्रशासन का कहना है कि पुलिस को यह भी जांच करनी चाहिए कि चोरी के सामान को वारदात के बाद कहां-कहां और किसके माध्यम से रखा या ठिकाने लगाया गया। साथ ही चोरी में प्रयुक्त वाहनों और मोबाइल फोन सहित अन्य तकनीकी माध्यमों की भी जांच की जाए। यदि किसी व्यक्ति की संलिप्तता प्रमाणित होती है तो उसे भी कानूनी कार्रवाई के दायरे में लाया जाए।

### फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और पूरे सामान की बरामदगी का इंतजार

पुलिस द्वारा एक आरोपी की गिरफ्तारी एवं विधि-विरुद्ध बालक पर कार्रवाई के साथ जांच में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की गई है, लेकिन मामले की पूरी तस्वीर अभी सामने आना बाकी है। पुलिस के अनुसार आर्यन उर्फ चिकू की तलाश जारी है। नवीन सराठे की भूमिका एवं फरारी भी पुलिस जांच में प्रमाणित है, तो उसकी गिरफ्तारी भी जांच की महत्वपूर्ण कड़ी होगी। अब विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्कूल प्रशासन की नजर पुलिस की अगली कार्रवाई पर है। लोगों की मांग है कि जो भी व्यक्ति जांच में दोषी पाया जाए, उसे किसी भी परिस्थिति में छोड़ा न जाए और चोरी की पूरी कड़ी का निष्पक्ष रूप से खुलासा किया जाए।

### केवलारी पुलिस की कार्रवाई की हो रही सराहना

लगातार चर्चा में रही इस चोरी की घटना में केवलारी पुलिस द्वारा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंचना, एक आरोपी को गिरफ्तार करना, विधि-विरुद्ध बालक पर कार्रवाई करना, चोरी के इलेक्ट्रॉनिक पार्ट्स बरामद करना और घटना में प्रयुक्त वाहन जब्त करना महत्वपूर्ण सफलता मानी जा रही है। अब उम्मीद है कि पुलिस फरार आरोपियों तक भी जल्द पहुंचेगी और शेष चोरी की सामग्री बरामद कर पूरे घटनाक्रम और चोरी के सामान की आवाजाही से जुड़ी कड़ियों का आधिकारिक खुलासा करेगी।

### पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रीतम सिंह तिलगाम, सउनि राजेन्द्र चौधरी, सउनि जयकुमार चौहान, प्र.आर. 414 गोविंद सलाम, प्र.आर. 769 देवीसिंह रघुवंशी, आर. प्रखर सिरोहिया, आर. 88 नरेन्द्र चौरिया, म.आर. 542 सुमन, म.आर. 265 अनवती एवं थाना केवलारी पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही।

# उच्च न्यायालय ने पत्नी की गैर इरादतन हत्या के दोषी व्यक्ति को बरी किया

प्रयागराज, (भाषा)।

***इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि परिजनों की मौजूदगी में दर्ज किए गए मरणासन्न व्यक्ति के बयान पर सुरक्षित तौर पर भरोसा नहीं किया जा सकता। अदालत ने पत्नी की झुलसने से हुई मृत्यु के संबंध में गैर इरादतन हत्या के दोषी पति को बरी कर दिया। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति अचल सचदेव की पीठ ने मुरादाबाद के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्णय के खिलाफ***

जगन नाम के व्यक्ति की अपील स्वीकार कर ली। अधीनस्थ अदालत ने उसे आईपीसी की धारा 304 के तहत दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

आरोपों के मुताबिक, अपीलकर्ता ने 23 दिसंबर, 2025 को अपनी पत्नी त्रिवेणी पर केरोसिन तेल डालकर उसे आग लगा दी थी। त्रिवेणी को मुरादाबाद के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों के यह प्रमाणित करने के बाद कि वह बयान देने के लिए फिट है, मरणासन्न स्थिति में उसका बयान दर्ज किया गया।

अपने बयान में त्रिवेणी ने कहा था कि उसके पति ने उस पर केरोसिन तेल डालकर आग लगा दी थी।

हालांकि, अदालत ने उन परिस्थितियों पर गौर किया, जिनसे मृत्युपूर्व बयान की विश्वसनीयता संदिग्ध नजर आई। अदालत ने पाया कि त्रिवेणी के भाई ने जिरह के दौरान स्पष्ट रूप से बताया था कि मजिस्ट्रेट ने सभी परिजनों की मौजूदगी में पीड़िता का बयान दर्ज किया था। पीठ ने 17 जुलाई के अपने निर्णय में कहा, ''मरने से पहले दिए गए बयान को परिवार के सभी सदस्यों की मौजूदगी में दर्ज कराया गया था, इसलिए इसे कोई महत्व नहीं दिया जा सकता।''

अदालत ने यह भी कहा कि अपीलकर्ता पति अपनी पत्नी की जान बचाने का प्रयास करते समय स्वयं झुलस गया था।

अदालत ने कहा, ''इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि पति ने अपनी पत्नी को बचाने की कोशिश की थी और इस दौरान वह खुद भी झुलस गया था। बचाव पक्ष द्वारा जिरह में एक डॉक्टर ने भी यह कहा कि अपीलकर्ता को जो जख्म हुआ वह एक जलते हुए व्यक्ति को बचाने के प्रयास में होता है।''

बचाव पक्ष के एक गवाह ने भी यह प्रमाणित किया कि त्रिवेणी को अपीलकर्ता की मां द्वारा अस्पताल ले जाया गया था। अपीलकर्ता और महिला 18 वर्षों से विवाहित थे और उनकी कोई संतान नहीं थी।

अदालत ने कहा कि साक्ष्य से संकेत मिलता है दंपति के बीच विवाद इस बात को लेकर था कि बच्चा किस पक्ष से गोद लिया जाए। त्रिवेणी का परिवार ननिहाल से जबकि अपीलकर्ता का पक्ष ददिहाल से बच्चा गोद लिए जाने के पक्ष में था।

पीठ ने कहा कि चूंकि शादी के 18 साल बीत चुके थे, इसलिए किसी भी तरह से यह नहीं माना जा सकता कि शिकायतकर्ता पक्ष से किसी तरह के दहेज की मांग थी अदालत ने इस बात का परीक्षण किया कि क्या त्रिवेणी ने खुद अपने को आग लगाई थी या फिर यह कृत्य आरोपी ने किया था।

अदालत ने कहा, ''यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि आरोपी ने केरोसिन तेल डालकर अपनी पत्नी को आग लगाई थी। इस प्रकार से हमारा विचार है कि निश्चित तौर पर पति को इस घटना के लिए सीधे जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।''

# ओडिशा के जाजपुर में बाढ़ के बीच एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव 18 घंटे तक छत पर पड़ा रहा..

जाजपुर (ओडिशा), (भाषा)।

***ओडिशा के जाजपुर जिले में एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव लगभग 18 घंटे तक उनके घर की छत पर ही पड़ा रहा, क्योंकि बाढ़ का पानी बढ़ने के कारण परिजन अंतिम संस्कार के लिए शव को नीचे नहीं ला सके। रिश्तेदारों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।***

यह घटना बारी पंचायत के चिंतासाही गांव की है, जहां ब्राह्मणी और खरास्त्रोता नदियों में आई बाढ़ के कारण पिछले छह दिनों से कई परिवार पानी से घिरे हुए हैं।

मृतक की पहचान 61-वर्षीय हृषिकेश मल्लिक के तौर पर हुई है; उनकी मौत बुधवार शाम करीब 4:30 बजे हुई। रिश्तेदारों ने बताया कि परिवार ने शव को छत पर रखा, क्योंकि घर की निचली मंजिल लगभग चार फुट पानी में डूबी हुई थी।

बृहस्पतिवार को जब पानी का स्तर कम हुआ, तो परिजन शव को नीचे लेकर आए। परिवार का आरोप है कि स्थानीय प्रशासन को सूचित करने और अंतिम संस्कार के लिए शव को बाहर निकालने में मदद मांगने के बावजूद, उन्हें कोई मदद नहीं मिली।

मृतक के भतीजे अनिल मल्लिक ने कहा, ÷हमने अपने चाचा के अंतिम संस्कार के लिए प्रशासनिक सहायता मांगने के लिए बारी प्रखंड विकास अधिकारी (बीडीओ) को कई बार फोन किया, लेकिन फोन नहीं उठाया गया।

इसके बाद हमने मदद के लिए इलाके में बचाव कार्यों में लगी मोटर से चलने वाली एक नाव के संचालक से संपर्क किया, लेकिन उसने कहा कि वह ऊंचे अधिकारियों के आदेश के बिना गांव नहीं जा सकता।÷ बाद में, एक स्थानीय समाज-सेवक ने शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाने हेतु शव-वाहन का प्रबंध किया।

# विकास के लिए संसाधनों का अपव्यय रोकना और व्यय को परिणामदायी बनाना जरूरी: बिजेंद्र यादव

पटना, (भाषा)।

***बिहार के उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने शुक्रवार को कहा कि राज्य ने वित्तीय क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया है, लेकिन विकास को गति देने के लिए संसाधनों के अपव्यय पर नियंत्रण और प्रत्येक व्यय को परिणामदायी बनाना आवश्यक है।***

यादव यहां 'बिहार सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) कॉन्क्लेव-2026' के दो दिवसीय समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समय के साथ लोगों की आवश्यकताएं बदलती हैं, इसलिए तकनीक और बदलती परिस्थितियों के अनुरूप कार्यप्रणाली में भी बदलाव जरूरी है।

उन्होंने कहा कि विकास एक सतत प्रक्रिया है, जिसके लिए विवेकपूर्ण व्यय, नई तकनीक और प्रभावी क्रियान्वयन आवश्यक है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार मौसम सेवा केंद्रों के क्षेत्र में अग्रणी राज्यों में है तथा पंचायत स्तर तक मौसम पूर्वानुमान उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से ज्ञान, विज्ञान और ईमानदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

'विकसित बिहार-2047 की दिशा में तीव्र प्रगति' विषय पर आयोजित कॉन्क्लेव में आर्थिक परिवर्तन, समावेशी विकास, जिला आधारित योजना, एसडीजी के स्थानीयकरण तथा विकसित बिहार-2047 की प्राथमिकताओं पर मंथन किया गया।

नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि दुनिया की लगभग 55 प्रतिशत आबादी शहरों में रहती है और शहरी क्षेत्रों का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 80 प्रतिशत से अधिक योगदान है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार बिहार के 12 शहरों में आधुनिक टाउनशिप विकसित करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है, जहां बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, इंटरनेट, गुणवत्तापूर्ण सड़क, पार्क, शिक्षा, खेल और पर्यावरण संरक्षण जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। योजना एवं विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव एन. विजयलक्ष्मी ने कहा कि बिहार के विकास के बिना भारत का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि स्वच्छ जल एवं स्वच्छता श्रेणी में बिहार 98 अंकों के साथ देश में तीसरे स्थान पर है। इस क्षेत्र में सितंबर 2025 तक 26,960.3 करोड़ रुपये खर्च किए गए तथा 1.75 करोड़ ग्रामीणों को नल जल कनेक्शन उपलब्ध कराया गया।

उन्होंने कहा कि नीति आयोग के अनुसार वर्ष 2015-16 से 2019-21 के बीच बिहार में बहुआयामी गरीबी 51.8 प्रतिशत से घटकर 33.7 प्रतिशत रह गई और इस अवधि में लगभग 2.25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले।

विजयलक्ष्मी ने बताया कि वर्ष 2024-25 में बिहार की सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) वृद्धि दर 13.2 प्रतिशत रही, जो राष्ट्रीय औसत 9.8 प्रतिशत से अधिक है।

नीति आयोग के सदस्य के. वी. राजू ने कहा कि कॉन्क्लेव के दौरान मिले सुझावों पर आयोग गंभीरता से विचार करेगा, बशर्ते उन्हें योजना एवं विकास विभाग के माध्यम से औपचारिक रूप से प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने डेटा संग्रहण तथा पंचायत स्तर पर सूचकांक विकसित कर योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने पर बल दिया।

# झारखंड : प्रदर्शनकारी छात्रों ने मुख्यमंत्री का पुतला जलाने की कोशिश की, पुलिस के साथ झड़प..



रांची, (भाषा)।

झारखंड में भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ शुक्रवार को रांची में प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पुतले जलाने की कोशिश की तथा उनकी पुलिस के साथ झड़प हुई।

जेपीएससी-जेएसएससी रिफॉर्म मंच के बैनर तले छात्र नेताओं ने झारखंड सरकार पर अभ्यर्थियों को धोखा देने और विश्वासघात करने का आरोप लगाया है। इससे पहले उच्च न्यायालय ने 11वीं से 13वीं जेएसएससी तथा जेएसएससी-सीजीएल के जरिए की गयी नियुक्तियों को रद्द करने वाली कुछ अधिसूचनाओं पर रोक लगा दी है। एक अधिकारी ने बताया, ''भारी संख्या में प्रदर्शनकारी मुख्यमंत्री सोरेन और राहुल गांधी के पुतले फूंकने के लिए अल्बर्ट एक्का चौक पर एकत्र हुए। जब पुलिस ने उन्हें नियंत्रित करने का प्रयास किया, तो झड़प हो गई... झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता भी मौके पर मौजूद थे।''

लालपुर थाने के प्रभारी रूपेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रदर्शनकारी छात्रों द्वारा तयशुदा रास्ता बदलने और यातायात बाधित करने के बाद झड़प हुई। सिंह ने कहा, ''छात्रों ने मार्च और पुतला दहन के लिए तय किए गए मार्ग को बदल दिया.. वे जेपीएससी कार्यालय गए और वहां यातायात ठप कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने निर्धारित रास्ते का पालन करने के हमारे अनुरोधों पर ध्यान नहीं दिया।''

छात्र नेताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस और सत्ताधारी झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने उन्हें शांतिपूर्ण मार्च निकालने से रोकने की कोशिश की। छात्र नेता रवींद्र पासवान ने कहा, ÷वे हमें शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन करने से नहीं रोक सकते।÷

एक अन्य छात्र नेता पीयूष कुमार सिंह ने दावा किया कि मंच की कोर कमेटी के सदस्यों में से एक कुणाल को पुलिस ने हिरासत में लिया था, लेकिन वह बेहोश हो गए और बाद में उन्हें सदर अस्पताल ले जाया गया।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि झड़प के दौरान जेएमएम कार्यकर्ताओं ने महिला प्रदर्शनकारियों के साथ भी मारपीट की।

हजारीबाग और गिरिडीह से भी इसी तरह की झड़पों की सूचना मिली है, जहां झामुमो कार्यकर्ताओं और सोरेन का पुतला जलाने की कोशिश कर रहे छात्रों के बीच झड़पें हुईं।

इस बीच, जेएलकेएम नेता देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि वह 24 अगस्त से ''भर्ती प्रणाली सुधार यात्रा'' शुरू करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार कई भर्ती परीक्षाओं को रद्द किए जाने से जुड़े मामलों का उच्च न्यायालय में मजबूती से बचाव नहीं कर रही है।

उन्होंने आगाह किया कि यदि सरकार 15 सितंबर को होने वाली सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय के समक्ष अपना पक्ष प्रभावी ढंग से रखने में नाकाम रहती है, तो वे मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने की योजना बनाएंगे।









जग प्रेरणा

खेल मनोरंजन

खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..



# नीरज चोपड़ा लुसाने डायमंड लीग में होंगे एक्शन में, कब-कहां और कितने बजे से देखें लाइव?

डेस्क जगप्रेरणा।

***भारतीय स्टार जैवलिन थ्रो एथलीट नीरज चोपड़ा 21 अगस्त की रात को डायमंड लीग 2026 के जारी सीजन का अगला चरण जो लुसाने में हो रहा है उसमें एक्शन में दिखाई देंगे। नीरज चोपड़ा के लिए पिछला एक साल काफी बेहतर नहीं रहा है***



जिसमें उनका अधिकतर समय अनफिट होने की वजह से खराब हो गया। नीरज ने स्कॉटलैंड में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में शानदार वापसी करने के साथ सिल्वर मेडल को अपने नाम किया था। अब एशियन गेम्स 2026 से पहले उनके पास डायमंड लीग में खुद को परखने का शानदार मौका रहने वाला है जिसमें उनकी नजरें अगले महीने होने वाले फाइनल मुकाबले को लेकर अपनी जगह को पक्का करने पर रहने वाली हैं। नीरज के लिए ये चुनौती आसान नहीं रहेगी जिसमें उनका सामना एकबार फिर से इस सीजन शानदार फॉर्म में चल रहे श्रीलंका के रुमेश पथिरागे से होगी। नीरज चोपड़ा के इवेंट की शुरुआत भारतीय समयानुसार देर रात 11:52 पर होगी जिसमें इसका सीधा प्रसारण डायमंड लीग के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा।

## दोहा डायमंड लीग में चौथे स्थान पर किया था खत्म..

नीरज चोपड़ा ने अब तक दो बार डायमंड लीग का खिताब अपने नाम किया है, जिसमें साल 2022 में उन्होंने 89.08 मीटर थ्रो के साथ इसे अपने नाम किया था,

तो वहीं साल 2023 में 87.66 मीटर थ्रो के साथ उसे जीतने में कामयाब रहे थे। वहीं नीरज साल 2024 की डायमंड लीग फाइनल में 89.49 मीटर थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। लुसाने डायमंड लीग 2026 में जैवलिन थ्रो का इवेंट स्विट्जरलैंड के स्टेड ओलंपिक डे ला पोंटेस में आयोजित होगी। नीरज ने डायमंड लीग के इस सीजन में इससे पहले दोहा में हिस्सा लिया था जहां पर वह 85.69 मीटर थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे थे।

नीरज चोपड़ा के लिए सीजन के आखिर में होने वाले डायमंड लीग फाइनल की रैंकिंग में अपनी स्थिति सुधारने के लिहाज से भी अहम है। नीरज को फाइनल इवेंट के लिए अपनी जगह पक्की करने के टॉप-6 में शामिल होना होगा, जिसमें अभी वह रैंकिंग में 5 अंकों के साथ 7वें नंबर पर है।

## कब-कहां और कैसे देखें नीरज चोपड़ा का लुसाने डायमंड लीग इवेंट..

लुसाने डायमंड लीग इवेंट का भारत में किसी भी टीवी चैनल पर सीधा प्रसारण नहीं किया जाएगा। वहीं नीरज चोपड़ा के इवेंट का आगाज भारतीय समयानुसार 21 अगस्त की देर रात 11:52 पर होगी। फैंस इस इवेंट का ऑनलाइन लाइव स्ट्रीमिंग डायमंड लीग के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर देख सकते हैं।

# शूटिंग से लौटते वक्त अर्जुन बिजलानी की कार का एक्सीडेंट, दुर्घटना में बाल-बाल बचे एक्टर, टीम ने दी अपडेट..

डेस्क जगप्रेरणा।

***टीवी एक्टर अर्जुन बिजलानी से जुड़ी परेशान कर देने वाली खबर सामने आई है। अर्जुन बिजलानी का कार एक्सीडेंट हो गया। यह हादसा तब हुआ, जब वह अपने अपकमिंग नेटफ्लिक्स प्रोजेक्ट 'चुंबक कॉलोनी' के प्रमोशन से लौट रहे थे।***



उनकी टीम ने शुक्रवार, 21 अगस्त को इस घटना की पुष्टि की और फैंस को भरोसा दिलाया कि एक्टर और उनके साथ यात्रा कर रहे सभी लोग सुरक्षित हैं और किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई है। उनकी टीम के अनुसार अर्जुन 'इंडियन गेम शो' में शामिल होने के बाद लौट रहे थे, जहां उन्होंने चुंबक कॉलोनी के प्रमोशन कैंपेन के तहत हिस्सा लिया था। बताया जा रहा है कि यह हादसा प्रमोशन इवेंट से लौटते समय हुआ।

## कार एक्सीडेंट में बाल-बाल बचे अर्जुन बिजलानी..

अर्जुन बिजलानी की टीम ने एक बयान में बताया, 'अर्जुन अपने प्रोजेक्ट के प्रमोशन के सिलसिले में इंडियन गेम शो में शामिल होने गए थे। शूट से लौटते समय उनकी कार का एक्सीडेंट हो गया।

अच्छी बात यह है कि अर्जुन और कार में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। किसी को गंभीर चोट नहीं आई है और एक्टर ठीक हैं।' बयान में कहा गया, 'इस घटना से थोड़ी चिंता हुई, लेकिन अच्छी बात यह है कि इसमें शामिल सभी लोग सुरक्षित हैं। अर्जुन नेटफ्लिक्स पर चुंबक की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।'

## अर्जुन बिजलानी का नेटफ्लिक्स पर होगा धमाका..

काम की बात करें तो अर्जुन बिजलानी अपने आने वाले प्रोजेक्ट 'चुंबक कॉलोनी' की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं।

एक्टर इस प्रोजेक्ट का जोर-शोर से प्रमोशन कर रहे हैं और हाल ही में इसके प्रमोशन कैंपेन के तहत 'इंडियन गेम शो' में शामिल हुए थे। उनके रोल और प्रोजेक्ट के बारे में और जानकारी इसके रिलीज के आस-पास सामने आने की उम्मीद है।

## मौनी रॉय संग अर्जुन बिजलानी की बॉन्ड..

हाल ही में अर्जुन बिजलानी ने मौनी रॉय संग अपने डेटिंग रूमर्स के बारे में खुलकर बात की थी। इस दौरान उन्होंने बताया था कि मौनी रॉय इन दिनों अपनी जिंदगी के सबसे मुश्किल दौर से गुजर रही हैं। डेटिंग रूमर्स के बारे में बात करते हुए कहा था कि वो दोनों

सिर्फ अच्छे दोस्त हैं और मौनी को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। मौनी रॉय और अर्जुन बिजलानी ने मशहूर शो 'नागिन' में साथ काम किया है। तब से दोनों बहुत अच्छे दोस्त भी हैं।

# दोनों अपने-अपने संघर्षों से जूझ रही थीं: त्रीसा-गायत्री के पदक पक्का करने पर सुमीत..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***युगल कोच कोच बी सुमीत रेड्डी ने त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद के संघर्ष को करीब से देखा है। चोट, खराब फॉर्म और लगातार गिरती रैंकिंग के दौर से गुजरने के बाद दोनों ने शुक्रवार को विश्व चैंपियनशिप में भारत का पदक पक्का कर दिया।***



ओलंपियन और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता रेड्डी पिछले साल संन्यास के बाद भारतीय राष्ट्रीय कोचिंग टीम से जुड़े थे। वह मुख्य कोच पुलेला गोपीचंद के साथ कोर्ट के बाहर मौजूद थे, जब त्रीसा और गायत्री कांस्य पदक पक्का होने के बाद भावुक हो गईं।

भारतीय जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया की चौथे नंबर की चीन की जोड़ी जिया यी फान और झांग शू शियान को 16-21, 21-15, 21-13 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। रेड्डी ने कहा, 'जब भावनाएं हावी हो जाती हैं तो कोई शब्द उस स्थिति को सामान्य नहीं कर सकते। वे अब भी काफी भावुक हैं। शायद इस उपलब्धि को पूरी तरह समझने में उन्हें एक दिन लगेगा।' उन्होंने कहा, 'दोनों के अपने-अपने संघर्ष हैं। इसकी शुरुआत गायत्री के गोपी सर की बेटी होने से होती है। लोग हमेशा कहते रहे कि उसे सब कुछ आसानी से मिला है। इस उपलब्धि से उसे यह संतोष भी मिलेगा कि वह विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता है। उसके करियर में यह बहुत बड़ा पदक होगा।' त्रीसा को लेकर उन्होंने कहा, 'वह अपने करियर की शुरुआत से ही बहुत कुछ हासिल करने के लिए बेताब रही है। वह यह साबित करना चाहती थी कि वह सिर्फ हिस्सा लेने के लिए टूर्नामेंट नहीं खेलती। वह हमेशा भारतीय बैडमिंटन की स्टार बनना चाहती थी। यह उपलब्धि उसके लिए भी बहुत बड़ी है और शायद यही वजह है कि वह इतनी भावुक हुई।'

कोर्ट पर दोनों की शैलियां एक-दूसरे से बिल्कुल अलग हैं। गायत्री अपने संयम के लिए जानी जाती हैं, जबकि त्रीसा का खेल आक्रामक है। रेड्डी ने कहा, 'हमारे पास दो अलग तरह की खिलाड़ी हैं। त्रीसा हमेशा प्रतिद्वंद्वी पर हमला करने के लिए तैयार रहती है, जबकि गायत्री संयमित रहती है। इसलिए दोनों से अलग-अलग तरीके से निपटना पड़ता है। जब त्रीसा जरूरत से ज्यादा आक्रामक हो जाती है या बहुत ज्यादा स्मैश करने लगती है तो हम उसे थोड़ा शांत रहने के लिए कहते हैं। वहीं गायत्री को थोड़ा और आक्रामक होने के लिए प्रेरित करते हैं।' रेड्डी ने कहा, 'पिछले 30-40 दिनों में उनका रोटेशन काफी बेहतर हुआ है। पहले लोग कहते थे कि त्रीसा हमेशा पीछे रहती हैं और गायत्री आगे, लेकिन इस टूर्नामेंट में ऐसा नहीं है। दोनों ने अपनी जिम्मेदारियां बराबर बांटी हैं।'

# अभिनेत्री सौकार जानकी का निधन, 94 साल की उम्र में ली अंतिम सांस, चेन्नई के निजी अस्पताल में चल रहा था इलाज..

डेस्क जगप्रेरणा।

***पद्म श्री से सम्मानित सौकार जानकी का 94 साल की उम्र में निधन हो गया है। चेन्नई के एक प्राइवेट अस्पताल के IC में इलाज के दौरान उन्होंने आखिरी सांस ली। वह कुछ समय से सांस लेने में तकलीफ और बुढ़ापे से जुड़ी समस्याओं से जूझ रही थी।***



हाल ही में उनकी तबीयत फिर से बहुत बिगड़ गई और परिवार वाले उन्हें चेन्नई के कावेरी अस्पताल ले गए, जहां उनका निधन हो गया। नादिगर संगम के प्रेसिडेंट नासर ने भी इस दुख खबर की पुष्टि की है। हाल ही में एक्टर कयाल देवराज ने सोशल मीडिया पर सौकार जानकी के अस्पताल में भर्ती होने की खबर शेयर की थी और उनकी सेहत के बारे में जानकारी दी थी।

## सौकार जानकी का 7 दशक लंबे करियर का अंत..

1950 में सौकार जानकी ने LV प्रसाद की डायरेक्ट की हुई तेलुगु फिल्म 'शावुकारु' से सिनेमा में डेब्यू किया। उन्होंने 1952 में अक्र सुंदरम की डायरेक्ट की हुई फिल्म 'वलयापति' से तमिल सिनेमा में कदम रखा। इतने सालों में जानकी ने अपने करियर में तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम फिल्मों में बेहतरीन काम किया है। 1959 में उन्होंने कन्नड़ सिनेमा की पहली पैन-इंडिया फिल्म 'महिषासुर मर्दिनी' में डॉ. राजकुमार के साथ काम किया। मलयालम सिनेमा में उन्होंने 1964 की फिल्म 'स्कूल मास्टर' से डेब्यू किया। जानकी ने 1991 में दूरदर्शन के तमिल शो 'ऊरारिंदा रहस्यम' से टेलीविजन की दुनिया में कदम रखा।

## पद्म श्री सम्मानित सौकार जानकी ने 4 भाषाओं में किया काम..

सौकार जानकी ने तेलुगु, मलयालम, तमिल और कन्नड़ भाषाओं में लगभग 400 से ज्यादा फिल्मों और एक मलयालम फिल्म में काम किया। वह अपनी शानदार अदाकारी से दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब रही।

भारत सरकार ने फिल्म इंडस्ट्री में उनके योगदान के लिए उन्हें 2022 में पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया था। सौकार जानकी ने अपने करियर में कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया था, जिसमें 'वड्डुंते डब्बा', 'कन्या शुल्कम', 'पिच्ची पुलैया', 'रेचुक्का-पगतीचुक्का', 'रोजुलु मरायी', 'सोंथवूर', 'जयम मनदे', 'डॉक्टर चक्रवर्ती', 'संसारम ओका चदरंगम', 'टोडिकोडल्लू', 'बाबू बंगाराम', 'गीतांजलि' जैसी कई हिट मूवीज शामिल है। आखिरी बार उन्हें 'अन्नी मांची सकुनमुले' में देखा गया था।

## दिवंगत सौकार जानकी का परिवार..

आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में एक कन्नड़ भाषी परिवार में जन्मीं सौकार जानकी, जिनका जन्म का नाम शंकरमंची जानकी था। उनकी शादी उनके परिवार ने कम उम्र में ही कर दी थी। वह आकाशवाणी मद्रास ऑल इंडिया रेडियो में रेडियो जॉकी के तौर पर काम करती थीं। 1947 में उनकी शादी शंकरमंची श्रीनिवास राव से हुई। उन्होंने गर्भवती होने के दौरान ही अपनी मैट्रिक की परीक्षा दी और बाद में असम की गुवाहाटी यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन किया।

उनकी दो बेटियां और एक बेटा है - यज्ञ प्रभा कोटी, वेंकटरमण शंकरमंची और साची राव। वहीं सौकार की छोटी बहन कृष्णा कुमारी और पोती वैष्णवी अरविंद ने भी उन्हीं के नक्शेकदम पर चलते हुए एक्टिंग को अपना करियर बनाया।

# 'वंदे मातरम्' पर शर्मिला टैगोर के बयान पर भड़कीं कंगना रनौत, बोलीं- 'हिंदू-मुस्लिम वाली सोच से बाहर आएं'..

डेस्क जगप्रेरणा।

राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' को लेकर छिड़ी बहस के बीच बॉलीवुड की वरिष्ठ अभिनेत्री शर्मिला टैगोर के हालिया बयान पर अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत ने कड़ा ऐतराज जताया है। शर्मिला टैगोर ने राष्ट्रगीत के बाद के छंदों में हिंदू देवी-देवताओं के संदर्भों का उल्लेख करते हुए केवल शुरुआती दो छंदों को ही बनाए रखने का सुझाव दिया था। उन्होंने तर्क दिया था कि एक ईश्वर में विश्वास रखने वाले लोगों के लिए इन छंदों को स्वीकार करना कठिन हो सकता है। शर्मिला टैगोर के इस बयान वाले वीडियो को अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा करते हुए कंगना रनौत ने लिखा कि वे वरिष्ठ अभिनेत्री द्वारा अपनी राय व्यक्त करने का सम्मान करती हैं,



लेकिन कला और कविता की इस तरह की संकुचित व्याख्या से हैरान हैं। कंगना ने उनसे 'हिंदू-मुस्लिम वाली मानसिकता से बाहर आने' की अपील की। हाल ही में समाचार एजेंसी आईएएनएस को दिए एक साक्षात्कार में शर्मिला टैगोर ने विभिन्न धर्मों के लोगों के लिए 'वंदे मातरम' की प्रासंगिकता पर अपनी बात रखी थी। उन्होंने कहा था कि जो लोग केवल एक ईश्वर में आस्था रखते हैं, उनके लिए राष्ट्रगीत के बाद के कुछ छंदों को गाना थोड़ा कठिन हो सकता है। शर्मिला टैगोर ने कहा था, 'मेरा दृष्टिकोण यह है कि कई धार्मिक लोग केवल एक ही ईश्वर में विश्वास करते हैं, अनेक देवों में नहीं। वंदे मातरम् में एक ऐसा छंद है जिसमें कई देवी-देवताओं का उल्लेख है। जो लोग एक धर्म या एक ईश्वर में विश्वास करते हैं, उनके लिए 'वंदे काली, वंदे दुर्गा' कहना कठिन होता है। इसलिए यदि हम भारत के सभी धार्मिक लोगों को एक साथ लेकर चलना चाहते हैं तो इसके शुरुआती दो छंद बहुत अच्छे हैं।'

शर्मिला टैगोर के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कंगना रनौत ने कहा कि किसी भी कविता या गीत में शब्दों का इस्तेमाल रूपक के रूप में होता है और उसे धार्मिक दृष्टिकोण से नहीं देखा जाना चाहिए। कंगना ने लिखा, 'मैं इस बात की सराहना करती हूं कि शर्मिला जी ने वंदे मातरम पर अपनी बात रखी, लेकिन एक कलाकार के तौर पर मुझे हैरानी है कि कला और कविता पर उनकी सोच इतनी सीमित और बनावटी कैसे हो सकती है। किसी भी गीत में कवि अपनी बात का गहरा असर छोड़ने के लिए विभिन्न कल्पनाओं और प्रतीकों का सहारा लेता है।

'वंदे मातरम्' हमारे स्वतंत्रता संग्राम की भावना है, जिसमें बंकिम चंद्र जी देशवासियों के भीतर की 'शक्ति' को जगाने का प्रयास कर रहे हैं। आप कला के इतने महान नमूने को सिर्फ एक धार्मिक रीति-रिवाज तक कैसे सीमित कर सकती हैं?' कंगना ने कविता में 'शक्ति' के संदर्भ को महज एक धार्मिक प्रतीक के बजाय ऊर्जा और ताकत का प्रतीक बताया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों को उद्धृत करते हुए अपनी बात रखी। कंगना ने आगे लिखा, 'स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि मुझे ऐसे युवा चाहिए जिनकी मांसपेशियां लोहे की, हड्डियां स्टील की और नसों में बिजली दौड़ती हो। वे मौसम का हाल नहीं बता रहे थे, बल्कि देश की युवा शक्ति का आह्वान कर रहे थे। कृपया इस हिंदू-मुस्लिम वाली सोच से बाहर आएं। यदि हम एक ही ईश्वर पर विश्वास करते हैं, तब भी डॉक्टर ताकत को 'शक्ति' ही कहते हैं। आइए हम सब एक-दूसरे को अपना समझकर गले लगाएं।

मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं और मुझे आपके उस हग से कोई आपत्ति नहीं है, जो आप हमेशा मुझे देती हैं।' 'वंदे मातरम्' की रचना 1870 के दशक में बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने की थी, जिसे बाद में उनके प्रसिद्ध उपन्यास 'आनंदमठ' में शामिल किया गया था। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान यह गीत राष्ट्रीय चेतना और देशभक्ति का मुख्य प्रतीक बन गया था। गीत के शुरुआती दो छंदों में भारत माता के प्राकृतिक सौंदर्य और उर्वरता का वर्णन किया गया है, जबकि बाद के छंदों में दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती जैसी हिंदू देवियों का उल्लेख मिलता है। इसी वजह से समय-समय पर इसके विभिन्न छंदों को लेकर बौद्धिक और राजनीतिक स्तर पर चर्चाएं होती रही हैं। शर्मिला टैगोर के बयान के बाद कंगना रनौत के इस जवाब ने इस ऐतिहासिक और कलात्मक बहस को एक बार फिर चर्चा के केंद्र में ला खड़ा किया है। इससे पहले कंगना रनौत नसीरुद्दीन शाह को भी फटकार लगाते नजर आई थीं, एक्टर को 'लोमड़ी' कहा था।

# इंग्लैंड ने पहले टेस्ट में पाकिस्तान को पारी और 103 रन से हराया..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***इंग्लैंड ने शुक्रवार को पहले टेस्ट में पाकिस्तान को तीन दिन के अंदर ही पारी और 103 रन से हरा दिया जिससे वापसी करने वाले कप्तान जो रूट के नेतृत्व में यह जीत बैजबॉल के बाद के नए दौर की शानदार शुरुआत रही। तीसरे दिन इंग्लैंड की पहली पारी 409 रन पर समाप्त हुई। इससे उसे पाकिस्तान पर 238 रन की बढ़त मिली।***



इसके बाद इंग्लैंड ने पाकिस्तान की दूसरी पारी को सिर्फ 135 रन पर समेट दिया। पाकिस्तान की पारी 37.3 ओवर में खत्म हो गई। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने तीन मैच की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। दूसरा टेस्ट बृहस्पतिवार से लॉर्ड्स में खेला जाएगा।

इंग्लैंड के चार तेज गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी की और पाकिस्तान के बल्लेबाजों पर लगातार दबाव बनाए रखा। जोफ्रा आर्चर ने नयी गेंद से पाकिस्तान के दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट किया। ओली रॉबिन्सन ने तीन और विकेट लिए। लंच के बाद जोश टंग को गेंदबाजी पर लगाया गया और उन्होंने करीब 143 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट लिए। गुस एटकिंसन ने भी शानदार गेंदबाजी की और पाकिस्तान के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले मोहम्मद रिजवान का विकेट हासिल किया। रॉबिन्सन और टंग ने इस मैच में आठ-आठ विकेट लिए। पहली पारी में पांच-पांच विकेट लेने के बाद दोनों ने तीन तीन विकेट लिए। इंग्लैंड अब एक नए दौर में है। पूर्व कप्तान बेन स्टोक्स के संन्यास और जून में न्यूजीलैंड से श्रृंखला में 1-2 की हार के बाद टेस्ट कोच ब्रेंडन मैकुलम को हटाए जाने के बाद टीम में बदलाव हुआ है।

वेस्टइंडीज के खिलाफ इस महीने सीरीज ड्रॉ करने और पिछले सप्ताह अभ्यास मैच खेलने के बाद पाकिस्तान थोड़े आत्मविश्वास के साथ इंग्लैंड पहुंचा था। लेकिन मैच में पाकिस्तान के खिलाड़ी लय में नजर नहीं आए। उनकी गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण भी कमजोर रहा। सुबह इंग्लैंड की पहली पारी खत्म करने के बाद पाकिस्तान के सामने सबसे बड़ा सवाल यही था कि क्या वह मैच को चौथे दिन तक ले जा पाएगा। लेकिन इंग्लैंड के गेंदबाजों ने ऐसा होने नहीं दिया।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433



जग प्रेरणा
साहित्य अभिव्यक्ति
■ संपादकीय ■ लेख ■ कविता ■ व्यंग्य ■ महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..
एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433

# चीनी की मिठास पर महंगाई का वार : ईंधन के लिए गन्ना या थाली के लिए चीनी? -ई-20 नीति ने खड़ा किया खाद्य बनाम ईंधन का बड़ा सवाल? -ई-20 के दौर में चीनी क्यों हुई इतनी कड़वी!

वैश्विक स्तरपर इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक में दुनियाँ एक ऐसे दौर से गुजर रही है,जहां ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन तीनों एक-दूसरे से गहराई से जुड़ चुके हैं।पेट्रोलियम आयात पर निर्भरता कम करना,कार्बन उत्सर्जन घटाना और घरेलू ऊर्जा संसाधनों का विस्तार करना आज भारत सहित हर बड़ी अर्थव्यवस्था की प्राथमिकता है।इसी व्यापक रणनीति के तहत भारत ने पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य निर्धारित किया। सरकार के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार एथनोल सप्लाई ईयर 2024-25 में पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण 19.24 प्रतिशत तक पहुंच चुका था और 2025-26 के लिए 20 प्रतिशत का लक्ष्य रखा गया है।

एथेनॉल उत्पादन क्षमता भी अक्टूबर 2025 तक बढ़कर लगभग 1,953 करोड़ लीटर हो चुकी थी। लेकिन अगस्त 2026 में चीनी की कीमतों में आई असाधारण तेजी ने इस नीति के दूसरे पहलू पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं, क्या ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दौड़ में कहीं भारत कीखाद्य सुरक्षा और आम उपभोक्ता की रसोई तो महंगी नहीं हो रही?मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि यह प्रश्न इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत जैसा विशाल और घनी आबादी वाला देश खाद्य पदार्थों की उपलब्धता के मामले में किसी भी प्रकार का जोखिम लंबे समय तक वहन नहीं कर सकता।

ऊर्जा और भोजन दोनों आवश्यकताएं हैं, लेकिन प्राथमिकता के स्तर पर भोजन जीवन की अनिवार्य आवश्यकता है।यदि किसी नीति के कारण ईंधन सस्ता, आयात बिल कम और पर्यावरणीय लाभ बेहतर होते हैं,लेकिन उसी प्रक्रिया में रोजमर्रा की खाद्य सामग्री महंगी होने लगती है, तो नीति की सफलता को केवल ऊर्जा के आंकड़ों से नहीं मापा जा सकता। उसे किसान,उद्योग, उपभोक्ता,महंगाई और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा,सभी कसौटियों पर परखना होगा। आज चीनी का बाजार इसी बहुआयामी परीक्षा के सामने खड़ा दिखाई दे रहा है।

साथियों,अगस्त 2026 इस चिंता को और गंभीर बनाता हैं। चीनी की कीमतें पिछले महीनों में तेजी से बढ़ी हैं और सरकार को घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए असाधारण कदम उठाने पड़े हैं। 20 अगस्त को केंद्र ने एक दशक में पहली बार 10 लाख टन कच्ची चीनी के शुल्क-मुक्त आयात की अनुमति दी,जिसका उद्देश्य घरेलू उपलब्धता बढ़ाकर कीमतों पर दबाव कम करना है। एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले दो महीनों में घरेलू चीनी कीमतों में लगभग 40 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है।सरकार ने इससे पहले निर्यात पर रोक और स्टॉक-सीमा जैसे कदम भी उठाए थे।इसका अर्थ स्पष्ट है कि समस्या केवल किसी एक व्यापारी, किसी एक राज्य या किसी एक दिन की कीमत वृद्धि नहीं है; देश के चीनी आपूर्ति तंत्र में वास्तविक दबाव पैदा हुआ है। मेरी अपनी राइस सिटी गोंदिया में पिछले लगभग 20 दिनों से चीनी के खुदरा भाव पर नजर रखने के दौरान शुक्रवार 21 अगस्त 2026 को लगभग 70 रुपये प्रति किलोग्राम का भाव बताया गया। यदि यह स्थानीय खुदरा बाजार का वास्तविक लेन-देन मूल्य है, तो लगभग 20 दिनों में 45 रुपये के आसपास के स्तर से 70 रुपये तक पहुंचना करीब 25 रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि है। इसे राष्ट्रीय औसत मानना उचित नहीं होगा,क्योंकि अलग-अलग शहरों में थोक, खुदरा, ब्रांड, गुणवत्ता, परिवहन और स्थानीय आपूर्ति के कारण कीमतें अलग हो सकती हैं।फिर भी गोंदिया का यह अनुभव उस राष्ट्रीय मूल्य-दबाव की स्थानीय तस्वीर अवश्य प्रस्तुत करता है जिसकी पुष्टि राष्ट्रीय बाजार में तेजी से भी होती है। मुंबई में भी हाल में चीनी के भाव में एक सप्ताह में लगभग 8 रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि दर्ज की गई। यह अकेले ई-20 की कीमत नहीं है; इसमें उत्पादन की कमी, मौसम, कम शुरुआती स्टॉक, त्योहारी मांग, व्यापारिक अपेक्षाएं, परिवहन, स्थानीय मार्जिन और संभव जमाखोरी जैसे कई तत्व शामिल हो सकते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर भी उपलब्ध आंकड़े बताते हैं कि संकट बहु-कारकीय है। सरकार का 10 लाख टन शुल्क- मुक्त आयात का निर्णय इस बात का प्रमाण है कि घरेलू आपूर्ति बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता महसूस हुई है। इसलिए गोंदिया में 70 रुपये का भाव यदि लगातार कई दुकानों और अलग-अलग लेन-देन में मिल रहा है, तो इसे स्थानीय आपूर्ति-श्रृंखला में असामान्य तनाव का सटीकता से संकेत माना जाना चाहिए।

साथियों,सबसे पहले भारत का चीनी नियामक ढांचा भी इस संकट को समझने में महत्वपूर्ण है। चीनी और गन्ना एसेंशियल कमोडिटीज एक्ट,1955 के दायरे में आते हैं। डिपार्टमेंट ऑफ़ फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन के अनुसार शुगरकेन (कंट्रोल ) आर्डर ,1966 के तहत सरकार गन्ने के एफआरपी सहित कई पहलुओं को नियंत्रित करती है, जबकि शुगर (कंट्रोल ) आर्डर 2025 उत्पादन, बिक्री, स्टॉक, आयात - निर्यात और न्यूनतम बिक्री मूल्य जैसे विषयों पर सरकार को नियामक शक्तियां देता है।इसलिए चीनी को पूरी तरह मुक्त बाजार की वस्तु समझना सही नहीं होगा। यह ऐसा क्षेत्र है जहां सरकार किसान, मिल, व्यापारी और उपभोक्ता के बीच संतुलन बनाने के लिए लगातार हस्तक्षेप करती है।यही कारण है कि चीनी की कीमत बढ़ने का असर केवल उपभोक्ता की चाय तक सीमित नहीं रहता।मिठाई उद्योग, बिस्कुट, बेकरी,शीतल पेय,आइसक्रीम होटल- रेस्तरां और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की लागत बढ़ती है। अंततः इसका कुछ हिस्सा उपभोक्ता तक पहुंचता है और व्यापक खाद्य महंगाई को प्रभावित कर सकता है। दूसरी ओर, यदि चीनी की कीमत बहुत कम रखी जाती है तो मिलों की नकदी स्थिति कमजोर हो सकती है और किसानों के गन्ना भुगतान में देरी हो सकती है। इसलिए सरकार के सामने चुनौती चीनी सस्ती करो जितनी सरल नहीं है;उसे किसान को उचित मूल्य, मिल को आर्थिक स्थिरता और उपभोक्ता को वहनीय कीमत,तीनों उपलब्ध कराने हैं।

साथियों, इस परिस्थिति को केवल एथेनॉल बनाम चीन के सरल समीकरण से समझना अधूरा होगा।वास्तव में भारतीय चीनी अर्थव्यवस्था गन्ना, चीनी, शीरा, एथेनॉल, किसान भुगतान, मिलों की नकदी स्थिति, सरकारी कोटा, निर्यात-आयात, मौसम और त्योहारों की मांग–इन सभी के बीच बनी एक जटिल आर्थिक श्रृंखला है। एथेनॉल इस श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा अवश्य है, लेकिन वही अकेला कारण नहीं है। यही इस पूरे विवाद का सबसे महत्वपूर्ण निष्कर्ष है।गन्ने से चीनी और एथेनॉल बनने की प्रक्रिया को समझना यहां जरूरी है। गन्ने से चीनी बनाने के बाद अलग-अलग प्रकार के शीरे प्राप्त होते हैं।सी -हैवी मोलासेज मुख्यतः चीनी निर्माण की अंतिम अवस्था का उप-उत्पाद है, जबकि बी - हैवी मोलासेज में अधिक सुक्रोज रहता है। सरकार ने एथेनॉल उत्पादन बढ़ाने के लिए बी - हैवी मोलासेज , गन्ने के रस, सिरप और यहां तक कि चीनी-आधारित फीडस्टॉक से एथेनॉल उत्पादन की अनुमति दी है। आधिकारिक नीति के अनुसार 2024-25 में गन्ने के रस/चीनी/शुगर सिरप से बने एथेनॉल का एक्स-मिल मूल्य 65.61 रुपये प्रति लीटर और बी - हैवी मोलासेज आधारित एथेनॉल का 60.73 रुपये प्रति लीटर निर्धारित था। इससे मिलों के लिए एथेनॉल एक महत्वपूर्ण वैकल्पिक राजस्व स्रोत बन गया।यहीं फूड बनाम फ्यूल का प्रश्न सटीकता से वास्तविक रूप लेता है।

साथियों, 21 अगस्त 2026 को यहीं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा उठाया गया राजनीतिक आरोप बहस को और तीखा बनाता है। उन्होंने केंद्र की ई-20 नीति को चीनी की कीमतों में तेजी से जोड़ते हुए दावा किया कि एथेनॉल के लिए गन्ने और चीनी की दिशा बदलने से बाजार में कमी पैदा हुई। उनके आरोप को राजनीतिक बयान के रूप में अलग रखा जा सकता है,लेकिन जिस मूल आर्थिक प्रश्न की ओर वे संकेत करते हैं,यानी वैकल्पिक उपयोग के कारण किसी वस्तु की घरेलू उपलब्धता पर दबाव उसे आंकड़ों के आधार पर जांचना आवश्यक है।

दूसरी ओर, सरकार की नीति का मूल उद्देश्य भी केवल पेट्रोल में एथेनॉल मिलाना नहीं था; इसका एक उद्देश्य चीनी उद्योग में अतिरिक्त स्टॉक, मिलों की नकदी समस्या और किसानों के बकाये का समाधान करना भी रहा है। सरकार ने 2021 में स्पष्ट किया था कि एथेनॉल के लिए डायवर्ट की गई मात्रा को चीनी मिलों के मासिक रिलीज कोटा में प्रोत्साहन दिया जाएगा।इसलिए आज की महंगाई के लिए केवल ई -20 को विलेन घोषित करना आर्थिक रूप से उतना ही सरलीकरण होगाजितना उसे पूरी तरह निर्दोष मान लेना।वास्तविकता कई कारणों का संगम है।पहला बड़ा कारण उत्पादन में कमजोरी है।मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार महाराष्ट्र,कर्नाटक और उत्तर प्रदेश जैसे प्रमुख गन्ना क्षेत्रों में प्रतिकूल मौसम ने उत्पादन और उपलब्धता पर दबाव डाला है।इसके परिणाम स्वरूप अक्टूबर 2026 की शुरुआत में चीनी का शुरुआती स्टॉक लगभग 35 लाख टन तक गिरने का अनुमान लगाया गया है, जिसे करीब तीन दशकों का निम्न स्तर बताया गया है।जब शुरुआती स्टॉक कमजोर हो, तब मामूली मांग वृद्धि भी कीमतों पर असाधारण प्रभाव डाल सकती है।

साथियों दूसरा कारण है त्योहारी मांग।भारत में रक्षाबंधन से लेकर गणेश चतुर्थी, दशहरा और दीपावली तक मिठाई, बेकरी, पेय पदार्थ, धार्मिक प्रसाद और घरेलू उपभोग में चीनी की मांग बढ़ती है।

अगस्त से नवंबर का समय इसलिए चीनी बाजार के लिए संवेदनशील है। सरकार ने भी इसी कारण थोकउपभोक्ताओं की स्टॉक सीमा को 30 दिनों से घटाकर 15 दिनों तक करने का निर्णय लिया है, ताकि बड़े खरीदार अत्यधिक स्टॉक जमा करके बाजार में कृत्रिम कमी न पैदा करें। यह कदम इस बात का संकेत है कि सरकार स्वयं मांग, आपूर्ति और जमाखोरी के संयुक्त दबाव को गंभीर मान रही है।तीसरा कारण है व्यापारिक मनोविज्ञान। जब बाजार में यह धारणा बन जाती है कि आने वाले दिनों में चीनी और महंगी होगी, तो व्यापारी सामान्य आवश्यकता से अधिक खरीद सकते हैं। उपभोक्ता भी भविष्य की कीमतों से डरकर अग्रिम खरीदारी कर सकते हैं। इस तरह वास्तविक कमी से अधिक 'कमी की आशंका' कीमत बढ़ा सकती है। सरकार ने 28 जुलाई 2026 को चीनी डीलरों पर स्टॉक-होल्डिंग सीमा लागू करते हुए स्पष्ट किया था कि हाल की एक्स-मिल कीमत वृद्धि मौजूदा मांग-आपूर्ति फंडामेन्टलस से पूरी तरह समर्थित नहीं थी और इसका उद्देश्य जमाखोरी तथा सट्टेबाजी पर रोक लगाना था। इसलिए बिचौलियों और जमाखोरों की भूमिका की सटीकता से जांच भी उतनी ही जरूरी है जितनी एथेनॉल नीति की।

साथियों,चौथा कारण है पूर्ववर्ती व्यापार नीति। यदि किसी समय घरेलू उपलब्धता के अनुमान के आधार पर निर्यात की अनुमति दी गई हो और बाद में उत्पादन अनुमान कमजोर साबित हों, तो घरेलू बाजार में स्टॉक तेजी से घट सकता है। वर्तमान संकट में पिछले निर्यात और कमजोर शुरुआती स्टॉक को प्रमुख कारणों में गिना जा रहा है। ऋह्हह्लद्दह्य ने लगभग 8 लाख टन के पूर्व निर्यात को भी उपलब्धता के दबाव से जोड़ा है। यही कारण है कि आज सरकार को एक तरफ घरेलू बाजार में कीमत रोकने के लिए आयात खोलना पड़ रहा है और दूसरी तरफ स्टॉक सीमा तथा व्यापार नियंत्रण जैसे कदम सटीकता से उठाने पड़ रहे हैं।


साथियों, सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या भारत को ईंधन की आत्मनिर्भरता भोजन की कीमत पर हासिल करनी चाहिए? इसका उत्तर स्पष्ट रूप से नहीं होना चाहिए। लेकिन इसका अर्थ यह भी नहीं कि एथेनॉल नीति गलत है।सही निष्कर्ष यह है कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता और खाद्य आत्मनिर्भरता को एक-दूसरे का प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि परस्पर संतुलित राष्ट्रीय लक्ष्य बनाया जाए। जिस वर्ष गन्ने का उत्पादन मजबूत हो, घरेलू चीनी स्टॉक पर्याप्त हो और खपत की जरूरत सुरक्षित हो, उस समय एथेनॉल के लिए अधिक म डायवर्जन किया जा सकता है। लेकिन जब शुरुआती स्टॉक ऐतिहासिक रूप से नीचे जा रहा हो और त्योहारी मांग सामने हो, तब खाद्य सुरक्षा को प्राथमिकता देना अधिक विवेकपूर्ण होगा।

लेखक



एडव्होकेट किशन भावनानी गोंदिया


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 252



ck;| l| nk;| |& 1) मंद मंद हंसी हंसना 5) शपथ 8) अभिनेता देव आंनद के भाई जो स्वयं सफल अभिनेता, निर्माता एवं निर्देशक थे. 13) मदिरापान 16) लालिमा 17) जमानत 19) सहायता 21) बदसूरत 23) एक श्रीराम पुत्र 24) कर्मचारी, मजदूर 26) विज्ञान का एक शैक्षणिक विषय 28) साथ, सहित 29) एक स्थान पर न रहकर अलग अलग जगहों पर भटकनेवाला 31) नाव चलानेवाला 32) कार्तिक बदी चतुर्थी को मनाया जानेवाला स्त्रियों का एक व्रत 33) झुका हुआ 35) यह का बहुवचन 36) ध्यान, चिंता 37) परसों के बाद का दिन 39) आराम, सुख 42) धर्म का आचरण44) समीप 46) ताकतवर 49) नीले रंग का एक रत्न 50) गिरे पड़े मकानों का चूना, पत्थर, लकड़ियां आदि का ढेर 52) चरण, पैर 53) हवाई जहाज 54) सहायता करनेवाला 57) धिक्कारना, जाने के लिये कहना या आने न देना 60) केरल की प्रमुख भाषा 61) सुंदर 64) हिन्दी की एक प्रसिद्ध कवयित्री जो छायावाद की प्रबल समर्थक है 65) लक्ष्मण का सरलीकृत रुप 67) प्रथा, चलन 69) होम, यज्ञ 71) अपशब्द 72) स्वप्न 73) पत्थर का लंबा टुकड़ा जिसका चटनी बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है 74) सुंदर अक्षरों में लिखा हुआ, अच्छी लिखावट 76) अंदर 77) लाभ 78) चित्त, अन्तःकरण 81) रसों की संख्या 82) सांस लेने की क्रिया 83) मुंबई का एक प्रमुख उपनगर 84) डुबना, उदय का विरुद्धार्थी शब्द 85) बकरा 86) नीच, पापी 87) परीक्षण, परीक्षा, कसौटी 88) मृग 90) लीपने – पोतने का काम 92) फांसे फेंककर भविष्य जानने की विद्या 93) सोना 94) अधिकार 95) प्रमाणसहित 97) रोड़ा अटकानेवाला या बाधा ड़ालनेवाला 98) चित्र 100) शेष रहना 102) गढ़िया रोग, वायु 103) वर्ष 104) बड़ा गांव 105) बेकार, निष्फल 106) किश्ती 108) फिर से आना 109) एक प्रसिद्ध भारतीय नर्तक 110) दुर्भिक्ष्य 111) मथने का काम

Åij l| uhps |& 1) भेंट, मीलन 2) अकबर के बेटे का नाम जो अनारकली पर फिदा था 3) प्राचीन काल के एक प्रसिद्ध चित्रकार राजा 4) प्रसिद्ध 6) वक्त 7) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापक 9) पानी 10) जल वायु 11) यशोदा के पति का नाम 12) रामायण में वर्णित राजा जिनकी तीन पत्नियां थी 13) बादशाह 14) दिल्ली के एक आंतर राष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम 15) नवीन 18) पुरुष 20) हालत 22) थोड़ा, न्यून 25) गीत 27) सामान्य 28) राई जिससे तेल निकाला जाता है 30) रात को सुगंध देनेवाला एक फूल 32) कमल के समान सुंदर हाथ 34) समाप्त 36) परत 37) सरिता 38) खैरात 40) बलरामजी का एक नाम, किसान 41) एक भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री (महिला) 42) भारी चीज गिरने या गोली आदि के छूटने से होनेवाली आवाज, लाक्षणिक दृष्टी से तहलका 43) संचालित करना 45) लोग 46) परिवर्तन 47) नियंत्रित करना अर्थपाला एक मुहावरा 48) आक्रमण, दिन 51) बुरी आदत 55) अत्यन्त दयालु 56) दबाव 58) देशी रियासत, राजा का महल 59) गरमी के मौसम में सैर करने का महाराष्ट्र का एक पर्यटन स्थल 60) भग्नहृदय, जिसके मर्म पर चोट लगी हो 61) रक्त 62) सूना होने का भाव या अवस्था 63) फिर 66) पैगंबर महम्मद के उत्तराधिकारी, हारु अल रशीद को दी गई उपाधि 68) महाराष्ट्र में मकर संक्राति के अवसर पर इसके लड्डू बनाने की प्रथा है. 70) देवताओं द्वारा प्रसन्न होकर दिया जानेवाला वर 72) सारा, समूचित 75) पोस्ते के बारीक दाने जिनका खादय पदार्थो में इस्तेमाल किया जाता है 77) श्रीकृष्ण का एक नाम 79) आंखो में लगाया जानेवाला अंजन 80) अधूरा ( ज्ञान आदि) 84) बीता हुआ काल 85) जम्मू कश्मीर का एक प्रमुख तीर्थ स्थल 86) बिगाड़, वैमनस्य 87) घी या तेल में पकाये गये व्यंजन 88) भारत का सबसे प्रमुख पर्वत जो उत्तर सीमा की रक्षा करता है 89) युद्ध 91) पवित्र 92) एक फसल 96) कृपा, देवताओं को अर्पित वस्तु 97) जो भीतर न हो 99) विषम का विरुद्धार्थी शब्द 101) सर्प देवता 104) संदेह 105) शहर या नगर का प्रवेश स्थल जहां चुंगी वसूल करने की व्यवस्था होती है 107) जंगल

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691





जग प्रेरणा
व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# उद्योग की परिभाषा पर पुनर्विचार की मांग वाला संदर्भ गलत धारणा पर आधारितः न्यायमूर्ति नागरत्ना..

**नई दिल्ली, (भाषा)।**



उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना ने 'उद्योग' शब्द की श्रमिक अनुकूल और व्यापक व्याख्या करने वाले 1978 के ऐतिहासिक फैसले पर पुनर्विचार के लिए नौ न्यायाधीशों की पीठ को भेजे गए संदर्भ को 'गलत धारणा पर आधारित' और 'अनावश्यक' करार दिया है।

उन्होंने 1991 के बाद अर्थव्यवस्था के 'उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण' को ध्यान में रखते हुए श्रम अदालतों, औद्योगिक न्यायाधिकरणों, उच्च न्यायालयों और शीर्ष अदालत के समक्ष लंबित मामलों पर 1978 के फैसले और 'उद्योग' शब्द की इसकी श्रमिक-अनुकूल व्याख्या को लागू रहने देने की पुरजोर वकालत की।

यह असहमति न्यायमूर्ति नागरत्ना ने भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की पीठ को भेजे गए संदर्भ पर शुक्रवार को वेबसाइट पर अपलोड किए गए अपने अलग 157 पन्नों के फैसले में व्यक्त की। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को 6:3 के बहुमत से कहा कि 1978 के अपने फैसले में दी गई श्रम हितैषी और व्यापक 'उद्योग' की परिभाषा को औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 की व्याख्या के लिए आधार नहीं बनाया जा सकता।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने बहुमत के फैसले में यह भी कहा कि 'उद्योग' की परिभाषा से संबंधित 1978 के सात सदस्यीय पीठ के फैसले पर पुनर्विचार के लिए भेजा गया संदर्भ वैध था।

सात सदस्यीय पीठ ने 21 फरवरी, 1978 को बेंगलुरु जल आपूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड की याचिका पर फैसला सुनाते हुए 'उद्योग' शब्द की परिभाषा का विस्तार किया था। इसके तहत अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों, क्लब और सरकारी कल्याण विभागों के लाखों कर्मचारियों को औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के संरक्षण के दायरे में लाया गया था।

न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने अलग-अलग फैसले लिखे और मोटे तौर पर प्रधान न्यायाधीश के बहुमत के फैसले से सहमति जताई। दोनों न्यायाधीशों ने कहा कि 'उद्योग' की परिभाषा से संबंधित 1978 के फैसले पर पुनर्विचार के लिए भेजा गया संदर्भ वैध था।

न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां ने खासकर नौ सदस्यीय पीठ के समक्ष भेजे गए संदर्भ की सुनवाई योग्य होने के मुद्दे पर बहुमत के फैसले से असहमति जताई। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि 1978 का फैसला सही था और उस पर पुनर्विचार की कोई आवश्यकता नहीं थी।

उन्होंने लिखा, ''मैंने यह भी कहा है कि इस न्यायालय की पांच न्यायाधीशों की पीठ द्वारा भेजा गया संदर्भ... अनावश्यक था। बहरहाल, मैंने 'बैंगलोर जल आपूर्ति' मामले में इस न्यायालय के फैसले का विश्लेषण किया है और यह निष्कर्ष निकाला है कि इसमें किसी भी हस्तक्षेप या संशोधन की आवश्यकता नहीं है।''

संदर्भ का उत्तर देने की आवश्यकता क्यों नहीं है, इसके कारणों को संक्षेप में बताते हुए उन्होंने कहा कि औद्योगिक विवाद (आईडी) अधिनियम, 1947 को 21 नवंबर, 2025 से निरस्त कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि 21 नवंबर, 2025 को 'औद्योगिक संबंध (आईआर) संहिता, 2020' के रूप में एक नया कानून लागू किया गया, जिसमें 'उद्योग' की एक नई परिभाषा शामिल है।

उन्होंने कहा कि 'बैंगलोर जल आपूर्ति' मामले में सात न्यायाधीशों की पीठ का फैसला लगभग आधी सदी यानी 48 वर्षों से प्रभावी रहा है। उन्होंने कहा, ''जब 1978 में 'बैंगलोर जल आपूर्ति' मामले में इस न्यायालय की सात न्यायाधीशों की पीठ का फैसला आया था, तब ऐसी अनगिनत गतिविधियां थीं जिन्हें स्वयं राज्य द्वारा शुरू किया गया था।''

न्यायाधीश ने कहा, ''हालांकि, उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण के रूप में 1991 के सुधारों के चलते केंद्र और राज्य सरकारों की नीति में पूरी तरह से बदलाव आया, जिसके तहत केंद्र और राज्य सरकारों की कई गतिविधियों का अब निजीकरण, उदारीकरण या वैश्वीकरण हो गया है।'' उन्होंने कहा कि नियोक्ताओं, कामगारों और औद्योगिक गतिविधियों के साथ ही भारतीय अर्थव्यवस्था के हित में है कि 1947 के आईडी अधिनियम के तहत 'उद्योग' की परिभाषा, जैसा कि 1978 में व्याख्या की गई थी, लंबित मामलों पर लागू होती रहे।

# सुधार हमारी सरकार की प्रतिबद्धता, भारत वृद्धि एवं उम्मीद का प्रमुख केंद्रः मोदी

**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि सभी क्षेत्रों में सुधार उनकी सरकार की प्रतिबद्धता है और भारत आर्थिक वृद्धि की रफ्तार बनाए रखने के लिए लगातार कई कदम उठा रहा है। मोदी ने 'इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम' को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में***



राजनीतिक स्थिरता और इसकी नीतियों में निरंतरता है तथा दुनिया देश को वृद्धि एवं उम्मीद के एक प्रमुख केंद्र के रूप में देख रही है। उन्होंने कहा, ''भारत लगातार वृद्धि की गति बनाए रखने के लिए कई कदम उठा रहा है। भारत सभी क्षेत्रों में सुधारों को आगे बढ़ा रहा है और सुधार हमारी प्रतिबद्धता हैं।''

प्रधानमंत्री ने कहा कि संसाधनों का इस्तेमाल हथियार के तौर पर किए जाने से दुनिया में वृद्धि को लेकर कई चिंताएं हैं, लेकिन भारत को वृद्धि के एक प्रमुख केंद्र के रूप में देखा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के पास सुधारों के लिए स्पष्ट खाका है जिसमें सुशासन पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार अधिक उत्पादन को प्रोत्साहन के जरिये बढ़ावा दे रही है।

मोदी ने पिछली सरकारों पर लोगों को अभाव में रखने की नीति अपनाने का आरोप लगाया, ताकि उन्हें बुनियादी जरूरतों के लिए भी सरकार के सामने निर्भर रहना पड़े।

उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों का 'लाइसेंस-राज' बेरोजगारी का बोझ बढ़ाता था, जबकि उनकी सरकार का उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन मॉडल अवसर पैदा कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा, ''हम केवल नियमों में बदलाव नहीं कर रहे हैं, बल्कि नियमों की समूची नीति को ही बदल रहे हैं। हमारी सरकार का मानना है कि ऐसा कोई काम करने के लिए कोई नियमन नहीं होना चाहिए, जिसे कानून के तहत स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित नहीं किया गया है।'' उन्होंने कहा कि सरकार नीतिगत स्तर पर अगली पीढ़ी के सुधार कर रही है तथा सुशासन एवं जीवन सुगमता के स्तर पर भी सुधार लागू कर रही है।

उन्होंने कहा, ''हम 'अनुमति मिलने तक प्रतिबंधित' दृष्टिकोण से 'प्रतिबंधित होने तक अनुमति' के मॉडल की तरफबढ़ रहे हैं।''

मोदी ने कहा कि भारत पिछली सरकारों के 'उत्पादन आधारित दंड' (पीएलपी) मॉडल से निकलकर अब 'उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन' (पीएलआई) की ओर बढ़ गया है।

उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे, दिल्ली मेट्रो और नमो रैपिड रेल में छोटे-छोटे सुधार भी दिखाते हैं कि देश वक्त के साथ बदल रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले भारत का नक्शा बनाने के लिए भी अनुमति लेनी पड़ती थी, जबकि विदेशी उपग्रह भारत का नक्शा बना सकते थे। लेकिन उनकी सरकार ने इस व्यवस्था को बदल दिया है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने सीमा पर बुनियादी ढांचे को भारत की कमजोरी के बजाय ताकत मानने का फैसला किया है और सीमा अवसंरचना की तस्वीर बदली है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया का सबसे सस्ता डेटा भारत में उपलब्ध है और देश सस्ते एवं सबसे अच्छे मोबाइल फोन बना रहा है।

# चीनी की कीमत बढ़ने का एथनॉल उत्पादन से संबंध नहीं, उद्योग ने बढ़ाए दामः सरकार

**नई दिल्ली, (भाषा)।**



सरकार ने शुक्रवार को इस दावे को खारिज कर दिया कि एथनॉल उत्पादन के लिए चीनी के इस्तेमाल से इसकी कीमतों में तेज वृद्धि हो रही है। सरकार ने कहा कि घरेलू मांग पूरी करने के लिए पर्याप्त भंडार होने के बावजूद चीनी उद्योग ने कीमतें बढ़ाई हैं। इसके साथ ही सरकार ने चीनी की जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ राज्यों को कार्रवाई करने और चीनी मिलों में इस साल 15 अक्टूबर के आसपास पेराई शुरू कराने की तैयारी करने को कहा है।

खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने चीनी की उपलब्धता और कीमतों के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि सरकार ने एहतियाती कदम के तौर पर 31 अक्टूबर तक 10 लाख टन कच्ची चीनी के शुल्क-मुक्त आयात की अनुमति दी है। इसके अलावा, कारोबारियों और शीतल पेय एवं आइसक्रीम विनिर्माताओं जैसे थोक उपभोक्ताओं के लिए भंडारण सीमा भी लागू की गई है।

उन्होंने कहा कि विपणन सत्र 2025-26 में चीनी का उत्पादन पहले के 343 लाख टन के अनुमान से घटकर 306 लाख टन रह जाने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद देश में पर्याप्त भंडार है। घरेलू चीनी की सालाना मांग करीब 280-285 लाख टन है।

चोपड़ा ने कहा कि गन्ने की फसल में 'रेड रॉट' और 'टॉप बोरर' रोग लगने तथा अधिक बारिश से जलभराव के कारण उत्पादन प्रभावित हुआ है।

उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय औसत खुदरा चीनी कीमत 20 जुलाई के 48 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 56 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। वहीं, चीनी की मिलों के स्तर पर कीमत करीब सात-दस दिन में 47-48 रुपये से बढ़कर 62 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। उन्होंने इस तीव्र मूल्य वृद्धि को 'पूरी तरह अनुचित' बताया।

चोपड़ा ने कहा, ''हाल में चीनी की कीमतों में तेज वृद्धि हुई है। करीब 15 दिन पहले कीमत 48 रुपये प्रति किलोग्राम थी, जो अब बढ़कर 56 रुपये हो गई है। यह स्पष्ट करना जरूरी है कि इस वृद्धि का कोई बुनियादी कारण नहीं है।''

उन्होंने कहा कि चीनी के दाम में हाल की तेजी को एथनॉल उत्पादन के लिए चीनी के इस्तेमाल से जोड़ना सही नहीं है। चालू 2025-26 विपणन वर्ष में केवल 28 लाख टन चीनी का इस्तेमाल एथनॉल उत्पादन के लिए हुआ है।

चोपड़ा ने कहा कि विविधीकरण की वजह से अब एथनॉल का केवल एक-चौथाई हिस्सा ही चीनी से बनता है, जबकि बाकी मुख्य रूप से मक्का जैसे अनाज से तैयार होता है। उन्होंने कहा कि देश में चीनी का पर्याप्त भंडार है और किसी भी संबंधित पक्ष को इसका अनुचित फायदा उठाकर मुनाफाखोरी, जमाखोरी या सट्टेबाजी नहीं करनी चाहिए तथा यह धारणा नहीं बनानी चाहिए कि देश में चीनी की कमी है।

खाद्य सचिव ने कहा कि सितंबर 2026 के अंत में देश में 33-35 लाख टन चीनी का भंडार रहने का अनुमान है। इस साल चीनी मिलों में 15 अक्टूबर के आसपास पेराई शुरू होने की उम्मीद है, जिससे अक्टूबर में करीब 10-12 लाख टन अतिरिक्त चीनी उपलब्ध होगी।

उन्होंने कहा कि चीनी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए अग्रिम मंजूरी योजना के तहत कच्ची चीनी आयात करने वाली रिफाइनरियों को अपने भंडार की घरेलू बिक्री की अनुमति भी दी गई है। इससे तत्काल तीन-चार लाख टन चीनी की अतिरिक्त उपलब्धता होने की उम्मीद है।

चोपड़ा ने कहा कि सरकार ने प्रमुख चीनी उत्पादक राज्यों के साथ बैठक की है और उन्हें जमाखोरों, कालाबाजारियों एवं सट्टेबाजों के खिलाफकड़ी कार्रवाई करने को कहा है।

इसके अलावा सरकार कारोबारियों की मौजूदा 400 टन की भंडार सीमा को और कम करने पर भी विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि एक सितंबर से थोक उपभोक्ताओं को भी 15 दिन की खपत से अधिक चीनी का भंडार रखने की अनुमति नहीं होगी। चोपड़ा ने उम्मीद जतायी कि सरकार के इन कदमों से बाजार में चीनी की उपलब्धता सुधरेगी और त्योहारी मौसम एवं उसके बाद भी भंडार को लेकर कोई समस्या नहीं होगी।

# भारतीय बौद्धिक संपदा वाले मोबाइल फोन 10-14 महीने में बाजार में आने की उम्मीदः वैष्णव..

**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय कंपनियों के बौद्धिक संपदा अधिकार वाले और देश में डिजाइन किए गए मोबाइल फोन अगले 10-14 महीने के भीतर बाजार में आने की उम्मीद है।***



ये फोन 62,500 करोड़ रुपये की 'मोबाइल फोन विनिर्माण योजना' (एमपीएमएस) के तहत पेश किए जाएंगे। वैष्णव ने एमपीएमएस की अधिसूचना जारी किए जाने के मौके पर कहा कि इस योजना के तहत आवेदन करने वाली कंपनियों को यह साबित करना होगा कि मोबाइल फोन के विनिर्माण में इस्तेमाल होने वाले डिजाइन के बौद्धिक संपदा अधिकार उनके पास हैं।

उन्होंने कहा, ''भारतीय ब्रांड विकसित करने के लिए लक्षित क्षेत्र में हम इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट हैं कि डिजाइन आपका अपना होना चाहिए। यह किसी अन्य उत्पाद की नकल नहीं हो सकता। उन्हें अपना डिजाइन तैयार करना होगा और साबित करना होगा कि उसका बौद्धिक संपदा अधिकार उनका अपना है।''

वैष्णव ने कहा कि सरकार भारतीय ब्रांडों के डिजाइन के मूल्यांकन में किसी तरह की नरमी नहीं बरतेगी। उन्होंने कहा कि तीन कंपनियों को डिजाइन के विकल्प पेश करने को कहा गया है और उनके डिजाइन अपने क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ उत्पादों के स्तर के होने चाहिए। उन्होंने कहा, ''हमें तीन ऐसी कंपनियां दिख रही हैं, जिनमें अब से करीब 10-14 महीने में इस क्षेत्र में आने की क्षमता है।''

फिलहाल कोई भी मोबाइल फोन पूरी तरह भारत में डिजाइन नहीं किया जाता है। घरेलू ब्रांड लावा इंटरनेशनल और एआई प्लस का दावा है कि वे अपने स्मार्टफोन को स्थानीय स्तर पर ही डिजाइन करते हैं।

एमपीएमएस को दो हिस्सों में बांटा गया है। इनमें मोबाइल फोन विनिर्माण को बढ़ावा देने वाला लक्षित खंड-1 (टीएस1) और भारतीय मोबाइल फोन ब्रांडों को समर्थन देने वाला लक्षित खंड-2 (टीएस2) शामिल हैं।

टीएस1 के तहत अनुबंध पर इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण कंपनियों समेत पिछले वित्त वर्ष में 10,000 करोड़ रुपये का कारोबार करने वाली मोबाइल फोन कंपनियां योजना का लाभ लेने के लिए पात्र होंगी। टीएस2 के तहत आवेदन करने वाली कंपनियों में 51 प्रतिशत भारतीय स्वामित्व और वित्त वर्ष 2025-26 में कम-से-कम 1,000 करोड़ रुपये का कारोबार होना जरूरी है। वैष्णव ने कहा कि भारत में पहले मोबाइल फोन विनिर्माण का परिवेश था, लेकिन कर-संबंधी मुद्दों और चीनी कंपनियों से प्रतिस्पर्धा के कारण भारतीय कंपनियों के लिए बाजार में टिक पाना मुश्किल हो गया। उन्होंने कहा कि अब विनिर्माण का परिवेश फिर से स्थापित हो गया है और भारतीय ब्रांड विकसित करने पर ध्यान देने का समय है। एमपीएमएस को मार्च 2026 में मोबाइल फोन उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की अवधि समाप्त होने के बाद पेश किया गया है। यह चालू वित्त वर्ष से शुरू होकर पांच साल तक लागू रहेगी।

दिशानिर्देशों के अनुसार, मौजूदा ब्रांड को योजना का लाभ लेने के लिए हर साल वित्त वर्ष 2025-26 के कुल कारोबार से कम से कम 5,000 करोड़ रुपये अधिक की बिक्री का न्यूनतम स्तर हासिल करना होगा। नए ब्रांड के लिए योजना के तहत पात्र होने के लिए भारत में सालाना कम-से-कम 10,000 करोड़ रुपये की बिक्री जरूरी होगी।

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने कहा कि भारतीय ब्रांडों को वैश्विक बनाने के लिए सरकार तकनीकी संप्रभुता और रणनीतिक स्वायत्तता पर ध्यान दे रही है। इसका उद्देश्य अधिक आर्थिक मूल्य हासिल करना, अपने उत्पाद और बौद्धिक संपदा विकसित करना तथा भारत को उत्पाद बनाने वाला देश बनाना है। योजना को एक परियोजना प्रबंधन एजेंसी के माध्यम से लागू किया जाएगा। मंत्रालय इसके क्रियान्वयन से जुड़े दिशानिर्देश अलग से जारी करेगा।

# गाजा अल्टरनेटिव एसेट मैनेजमेंट के आईपीओ को अंतिम दिन 31.33 गुना अभिदान मिला..

**नई दिल्ली, (भाषा)।**




परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी गाजा अल्टरनेटिव एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के अंतिम दिन शुक्रवार को 31.33 गुना अभिदान मिला। एनएसई के आंकड़ों के मुताबिक, 550 करोड़ रुपये के आईपीओ के तहत पेश 2,53,28,946 शेयरों के मुकाबले 79,35,33,846 शेयरों के लिए बोलियां मिलीं। गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए आरक्षित श्रेणी को 62.35 गुना बोलियां मिलीं। पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के हिस्से को 43.58 गुना और खुदरा निवेशकों को 11.03 गुना अभिदान मिला। 'गाजा कैपिटल' ब्रांड के तहत संचालन करने वाली गाजा अल्टरनेटिव एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड ने मंगलवार को एंकर निवेशकों से 165 करोड़ रुपये जुटाए।

आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 152-160 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया था। मूल्य दायरे की ऊपरी सीमा पर कंपनी का बाजार पूंजीकरण लगभग 2,256 करोड़ रुपये होगा। सार्वजनिक निर्गम में 450 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम और 100 करोड़ रुपये तक के शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

नए शेयर निर्गम से मिलने वाली रकम का इस्तेमाल कर्ज चुकाने, नए कोष में लगाने और सामान्य निगमित उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

इसके इक्विटी शेयरों को 26 अगस्त को बीएसई और एनएसई दोनों पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

# नवोन्मेष टिकाऊ, जन-केंद्रित बना रहना चाहिएः संचार मंत्री सिंधिया..

**पुणे, (भाषा)।**



केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) और क्लाउड कंप्यूटिंग समेत नई प्रौद्योगिकियां अर्थव्यवस्था और समाज को तेजी से बदल रही हैं। ऐसे में यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि नवाचार सुरक्षित, टिकाऊ, समावेशी और जन-केंद्रित बना रहे।

उन्होंने यहां ब्रिक्स संचार मंत्रियों की 12वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही।

भारत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक का विषय 'मजबूत भविष्य के लिए नवाचार, सहयोग और बदलाव' था। इसमें ब्रिक्स सदस्य देशों के संचार मंत्रियों और प्रतिनिधिमंडल के प्रमुखों ने हिस्सा लिया।

बैठक की शुरुआत में सिंधिया ने कहा, ''भारत 2026 में ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है। हम विनम्रता और अपने विषय 'लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता' के प्रति साझा प्रतिबद्धता के साथ यह जिम्मेदारी निभा रहे हैं।''

उन्होंने कहा, ''आज दुनिया बड़े प्रौद्योगिकीय बदलाव के दौर से गुजर रही है। कृत्रिम मेधा, अगली पीढ़ी के नेटवर्क, उपग्रह संचार, क्लाउड कंप्यूटिंग और उन्नत डिजिटल बुनियादी ढांचा अर्थव्यवस्था और समाज को बदल रहे हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि नवाचार सुरक्षित, समावेशी, टिकाऊ और जन-केंद्रित बना रहे।''

सिंधिया ने कहा कि भारत की अध्यक्षता में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) क्षेत्र में सहयोग चार प्रमुख स्तंभों पर आधारित है। इनमें टिकाऊ और मजबूत डिजिटल एवं आईसीटी तंत्र, साइबर सुरक्षा और भरोसेमंद आईसीटी, डिजिटल कौशल तथा क्षमता निर्माण और नवाचार, स्टार्टअप एवं उद्यमिता शामिल हैं।

बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में सिंधिया ने कहा कि ब्रिक्स देशों के बीच भविष्य के आईसीटी सहयोग को दिशा देने के लिए व्यापक चर्चा की गई और प्राथमिकताएं तय की गई हैं।

उन्होंने कहा कि इन प्राथमिकताओं में सार्वभौमिक और सार्थक संपर्क व्यवस्था, मजबूत सार्वजनिक बुनियादी ढांचा, भरोसेमंद, सुरक्षित और जन-केंद्रित डिजिटल तंत्र, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा, कृत्रिम मेधा और भविष्य की नेटवर्क प्रौद्योगिकियां, नवाचार, स्टार्टअप एवं उद्यमिता तथा डिजिटल विस्तार और ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग बढ़ाना शामिल है।

सुश्रुत वात क्लिनिक
डॉ. आकाश अनिल शेंडे
जनरल फिजिशियन
बी.ए.एम.एस. (नाशिक)
वात रोग तज्ञ
कमर दर्द, सायटिका, आमवात, अस्थीवात, गठियावात, लकवा, नसों का दर्द (मोंदरा) एवं कमर गैप आदि वात रोगों का उपचार..
पता - भिलाई रोड, भारती लॉन के सामने, लांजी मो. 8637707202





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# पशीने पॉली क्लीनिक में डॉ. पहलाजानी ने महिलाओं को दी स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां





### समय पर उपचार संबंधी दिए टिप्स..

जगप्रेरणा लांजी।

*महिलाओं के स्वास्थ्य, स्त्री रोग संबंधी समस्याओं तथा बांझपन एवं मातृत्व संबंधी परेशानियों के बेहतर उपचार और विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श के उद्देश्य से 21 अगस्त 2026 को*

लांजी-भिलाई मार्ग स्थित डॉ. पशीने पॉली क्लीनिक एवं मल्टी फैसिलिटी हॉस्पिटल में महिला रोग एवं बांझपन निवारण संबंधी निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पहुंचकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्राप्त किया।

शिविर में छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज पहलाजानी एवं उनकी विशेषज्ञ टीम ने महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय सलाह प्रदान की। शिविर का आयोजन पहलाजानी विमेंस हॉस्पिटल एवं टेस्ट ट्यूब बेबी-आईवीएफ सेंटर, रायपुर के सहयोग से किया गया। इस दौरान महिलाओं को आधुनिक चिकित्सा पद्धति एवं उपचार की उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में भी जानकारी दी गई।

शिविर में डॉ. मेघना, डॉ. नम्रता पशीने, डॉ. दिनेश राम सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सेवाएं प्रदान कीं। वहीं शिविर के सफल संचालन में शिविर अधिकारी रामकिरण देवांगन, विशाल मिश्रा सहित डॉ. पशीने हॉस्पिटल के संपूर्ण स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### विभिन्न स्त्री रोगों की हुई जांच..

शिविर में बांझपन एवं संतान प्राप्ति संबंधी समस्याएं, गर्भावस्था की जटिलताएं, अधिक या अनियमित मासिक धर्म, एंडोमेट्रियोसिस, पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस), अंडाशय संबंधी समस्याएं, बच्चेदानी से जुड़ी विभिन्न परेशानियां, संक्रमण, सफेद पानी तथा अन्य स्त्री रोगों के संबंध में विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श दिया गया।

इसके अलावा बच्चेदानी की दूरबीन से जांच एवं शल्य चिकित्सा, बच्चेदानी निकालने की विभिन्न शल्य प्रक्रियाओं, अधूरे अथवा रुके हुए गर्भ से संबंधित उपचार तथा गांठ और पुटी जैसी समस्याओं के उपचार के संबंध में भी महिलाओं को आवश्यक जानकारी एवं परामर्श प्रदान किया गया।

### समय पर उपचार कराने का दिया संदेश..

चिकित्सकों ने महिलाओं को सलाह दी कि वे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को नजरअंदाज न करें। लंबे समय से मासिक धर्म में अनियमितता, अत्यधिक दर्द, बांझपन अथवा अन्य स्त्री रोग संबंधी परेशानी होने पर समय रहते विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लेना आवश्यक है। समय पर जांच और उचित उपचार से अनेक स्वास्थ्य समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव है।

आयोजकों ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं आस-पास के क्षेत्रों की महिलाओं तक विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता को पहुंचाना है, ताकि महिलाएं अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति सजग रहें और आवश्यकता पड़ने पर समय पर उपचार प्राप्त कर सकें। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श निःशुल्क उपलब्ध कराया गया।

# मिशन शक्ति अभियान: महिलाओं, बच्चों के सुरक्षा और अधिकार के प्रति किया जागरूक





जगप्रेरणा लांजी।

*महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत विकासखंड लांजी के ग्राम देवलगांव स्थित प्राथमिक शाला आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक-01 एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक*

विद्यालय में जन-जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा, अधिकारों तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कलेक्टर सत्यम कुमार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेन्द्र कुमार सुंद्रियाल के मार्गदर्शन तथा वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक रचना चौधरी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, महिला श्रमिकों के लिए संचालित योजनाओं एवं प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

### कानूनी अधिकारों और सहायता सेवाओं की दी जानकारी..

कार्यशाला में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, वन स्टॉप सेंटर, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम सहित महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। विद्यालय की छात्राओं को साइबर सुरक्षा, बाल अधिकार तथा हिंसा या शोषण की स्थिति में उपलब्ध सहायता सेवाओं के प्रति भी जागरूक किया गया। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न या शोषण की स्थिति में चुप रहने के बजाय उपलब्ध सहायता सेवाओं का उपयोग करना चाहिए।

### स्वच्छता और संक्रमण से बचाव का संदेश..

कार्यक्रम के दौरान वर्षा ऋतु में होने वाले संक्रमण से बचाव, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा आसपास साफ-सफाई बनाए रखने के संबंध में भी जानकारी दी गई। महिलाओं और बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां बरतने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यशाला में धीरज वहाने, पैरा लीगल वॉलेंटियर, सुश्री हाफिजा मिर्जा, समाज सेविका, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक शिक्षिकाएं सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं एवं बच्चों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और शासन की सहायता योजनाओं का लाभ उठाने का संदेश दिया गया।

# नप ने नीरी के साथ संयुक्त सर्वेक्षण कर जल संबंधी जानकारियों से कराया अवगत






### वैज्ञानिक तरीकों से जल प्रबंधन की सलाह..

जगप्रेरणा लांजी।

स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत उपयोगिता जल प्रबंधन परियोजना के सफल क्रियान्वयन एवं नगर के विभिन्न स्थानों पर गंदे पानी के वैज्ञानिक तकनीक से उपचार की दिशा में नगर परिषद लांजी द्वारा पहल शुरू की गई है। इसी क्रम में 21 अगस्त 2026 को **National Environmental Engineering Research Institute (NEERI)**, नागपुर के पर्यावरण विशेषज्ञों एवं नगर परिषद की टीम द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों का संयुक्त तकनीकी एवं वैज्ञानिक सर्वेक्षण किया गया सर्वेक्षण के दौरान नगर के विभिन्न क्षेत्रों में उपयोगिता जल के प्रबंधन एवं उपचार की संभावनाओं का प्राथमिक स्तर पर अध्ययन किया गया। विशेषज्ञों ने गंदे पानी को वैज्ञानिक तकनीक के माध्यम से शोधित कर व्यवस्थित तरीके से साफ करने तथा उसके उचित प्रबंधन के लिए आवश्यक बिंदुओं का अवलोकन किया। इस दौरान **NEERI** नागपुर के विशेषज्ञ वैज्ञानिक डॉ. विशेष रितेश विजय, इंजीनियर अभिषेक बिसारिया, इंजीनियर आकाश पटवा एवं इंजीनियर शोभित जैन के साथ नगर परिषद लांजी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी मयूर वाहने, नोडल अधिकारी एवं उपयंत्री अमित नगपुरे, फील्ड इंजीनियर अंकुर बिसेन एवं विजय महोबिया उपस्थित रहे।

### वैज्ञानिक तरीके से तैयार होगी कार्य योजना..

नगर परिषद के अनुसार सर्वेक्षण के आधार पर आगामी चरण में परियोजना की डिजाइन एवं ड्रॉइंग तैयार की जाएगी। इसके साथ ही नगर में गंदे पानी के वैज्ञानिक तरीके से शोधन एवं प्रबंधन के लिए आवश्यक तकनीकी व्यवस्था विकसित करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। सर्वे के दौरान फिकल स्लज के उपचार तथा बायो टॉयलेट की स्थापना से संबंधित कार्यों पर भी विशेषज्ञों और नगर परिषद की टीम के बीच चर्चा की गई। परियोजना के माध्यम से नगर में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने, गंदे पानी के उचित प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। नगर द्वठु परिषद लांजी द्वारा बताया गया कि तकनीकी एवं वैज्ञानिक सर्वेक्षण के बाद विशेषज्ञों की अनुशंसा के आधार पर आगामी कार्ययोजना को आगे बढ़ाया जाएगा।

# सेन समाज ने वृक्षारोपण कर नंदू दादा की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि..



जगप्रेरणा लांजी।

*सेन समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश राज्य केश शिल्पी बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) स्वर्गीय नंदकिशोर वर्मा उर्फ 'नंदू दादा' की प्रथम पुण्यतिथि पर शुक्रवार को लांजी में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।*

सेन शक्ति महा संगठन एवं सेन समाज विधानसभा लांजी के तत्वावधान में मां काली मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में समाजबंधुओं ने उनके सामाजिक योगदान को याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम की शुरुआत संत शिरोमणि सेन जी महाराज की पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ हुई। इसके बाद स्वर्गीय नंदकिशोर वर्मा के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित समाजबंधुओं ने उनके जीवन, सामाजिक सक्रियता और सेन समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों को याद किया।

### सेन समाज के उत्थान के लिए रहे समर्पित..

स्वर्गीय नंदकिशोर वर्मा सेन समाज के प्रमुख सामाजिक नेताओं में शामिल रहे। वे भारतीय सेन समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ मध्यप्रदेश राज्य केश शिल्पी बोर्ड के अध्यक्ष भी रहे। समाज से जुड़े कार्यक्रमों में वे केश शिल्पियों के हित, सामाजिक एकजुटता और समाज के विकास की आवाज प्रमुखता से उठाते रहे। उन्होंने केश शिल्पी बोर्ड के माध्यम से समाज के लोगों को शासन की योजनाओं से जोड़ने तथा सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए लगातार प्रयास किया।

इसी सामाजिक भावना को आगे बढ़ाते हुए उनकी पुण्यतिथि पर 'एक पेड़ नंदू दादा के नाम' अभियान के तहत मां काली मंदिर के गेट तथा सेन चौक में प्रस्तावित सेन मंदिर की भूमि पर पौधारोपण किया गया तथा समाजबंधुओं ने लगाए गए पौधों की देखभाल का संकल्प लेते हुए इसे नंदू दादा की स्मृति को जीवंत रखने का सार्थक प्रयास बताया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संतोष श्रीवास, प्रतिनिधि केश शिल्पी बोर्ड मध्यप्रदेश शासन, नगर परिषद लांजी एवं जबलपुर संभाग अध्यक्ष सेन शक्ति महा संगठन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष लक्ष्मण श्रीवास ने की।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष राकेश श्रीवास, युवा जिला अध्यक्ष शुभम श्रीवास, शिवम श्रीवास, दुर्गा श्रीवास, कमलेश चांडिल, भोला श्रीवास, छोटा श्रीवास, बाबू श्रीवास सहित बड़ी संख्या में सेन समाज के महिला-पुरुष एवं समाजबंधु उपस्थित रहे। अंत में विधानसभा अध्यक्ष राकेश श्रीवास ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी समाजबंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

# आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ ज्ञान, विज्ञान और जय किसान से ग्राम विकास के लिए हुआ नवाचार..





### राम भक्ति भाव में डूबे पालडोंगरी के ग्रामीण..

जगप्रेरणा लांजी।

लांजी-किरनापुर क्षेत्र के ग्राम पालडोंगरी में अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ समिति, स्थानीय ग्राम समितियों एवं अभिनंदन लाइफ फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ का 20 अगस्त को शुभारंभ होकर 21 अगस्त को विश्रांति के साथ समापन हुआ। धार्मिक आयोजन के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, जैविक खेती, नशामुक्ति एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़ी विभिन्न सेवा गतिविधियां भी आयोजित की गईं। राम यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने घरों के सामने दीप सजाकर, पूजा की थाली से भगवान श्रीराम, माता सीता एवं लक्ष्मण का श्रद्धापूर्वक स्वागत किया। बैंड-बाजे और भजनों के साथ निकली राम यात्रा में ग्रामीणों का उत्साह और श्रद्धा देखते ही बनता था।

**पौधारोपण अभियान — हरियाली से समृद्ध और स्वस्थ गांव की ओर एक कदम**-'एक पौधा लगाएं, प्रकृति बचाएं – स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ जीवन अपनाएं।' पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से पौधारोपण अभियान कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों, बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। लोगों को बताया गया कि पौधा लगाना केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि उसकी नियमित देखभाल और सुरक्षा करना भी उतनी ही महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

### योग से स्वस्थ जीवन का संदेश..

कार्यक्रम के दौरान योग शिविर का भी आयोजन किया गया। बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों सहित सभी आयु वर्ग के लोगों को योग और प्राणायाम के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। आयोजकों ने कहा कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और सकारात्मक सोच के लिए योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है।

### सांस्कृतिक मंच से बच्चों ने दिया समाज संदेश..

कार्यक्रम में ग्रामीण बच्चों को शिक्षा, अनुशासन, संस्कार एवं नियमित अध्ययन के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक एवं शिक्षाप्रद कार्यक्रम प्रस्तुत कर सामाजिक संदेश दिए। वक्ताओं ने कहा कि श्रीरामचरितमानस केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि आदर्श जीवन, संस्कार, सेवा, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देता है।

### अध्यात्म के साथ समाज ,सेवा का संदेश..

कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि धार्मिक आयोजनों को समाज सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति एवं संस्कार निर्माण जैसे कार्यों से जोड़कर समाज के सर्वांगीण विकास की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। आयोजकों ने कहा कि ÷मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है।÷ इसी भावना के साथ सावन माह में 30 गांवों में अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### ग्राम बड़गांव( म )में भी अखण्ड पाठ का शुभारंभ..

इसी क्रम में ग्राम बड़गांव (म) में 21 अगस्त 2026 को स्थानीय नागरिकों, ग्राम समितियों एवं ग्रामीणों के सहयोग से संगीतमय अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का समापन 22 अगस्त को विश्रांति के साथ स्वास्थ्य शिविर, निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान एवं महाप्रसाद के साथ किया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से धार्मिक एवं सामाजिक सेवा के इस अभियान में अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की।


## कार्यालय नगर परिषद लांजी, जिला-बालाघाट (म.प्र.)

पत्र क्र. 1026 / ई-टेण्डर // 2026-27 लांजी, दिनांकः 21/08/2026

**।। निविदा सूचना ।।**

निम्नलिखित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र कामूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_ 530372_1 21.08.2026 | आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्यो हेतु मेनपॉवर/ श्रमिक (कुशल/अर्द्धकुशल/ अकुशल), सफाईकर्मी वाहन ड्राईवर समयपाल इत्यादि उपलब्ध कराने का कार्य। | 12 माह 8000000.00 | 10000.00 80000.00 | 24.09.2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mp-tenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

( श्रीमति रेखा ताराचंद कालबेले)
अध्यक्ष
नगर परिषद. लांजी

(श्री दिनेश कचवाहे)
सभापति
लोक निर्माण शाखा
नगर परिषद, लांजी

(श्री मयूर वहाने )
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद, लांजी



दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें मो. 9329033433

मंडला जिले में हिन्दी दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हेमंत नायक
मो. 88273 19933



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# कलश यात्रा के साथ श्री झूलेलाल चालीसा महोत्सव का भव्य समापन





## बहिराणा साहिब का पूजन, शोभायात्रा और विशाल भंडारे में उमड़े श्रद्धालु..

जगप्रेरणा मंडला।

अंबेडकर वार्ड स्थित भगवानी बाई केवलराम श्री झूलेलाल मंदिर में 13 जुलाई से चल रहे श्री झूलेलाल चालीसा महोत्सव का शुक्रवार को विधि-विधान के साथ समापन हुआ। 40 दिनों तक चले महोत्सव में प्रतिदिन धार्मिक आयोजन हुए। प्रत्येक शुक्रवार को महाआरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम, छप्पन भोग सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। चालीसा महोत्सव के समापन अवसर पर 40 दिन का व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने हवन-पूजन कर आहुतियां दीं। पंडित रानूनाथ शर्मा की मौजूदगी में हवन संपन्न हुआ। इसके बाद भगवान श्री झूलेलाल की आरती, अखंड दिव्य ज्योत के दर्शन तथा बहिराणा साहिब का पूजन-अर्चन किया गया।

## पिंक ड्रेस में महिलाएं, सफेद वेशभूषा में पुरुष..

महोत्सव के समापन पर धर्मप्रेमी महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। वहीं बहिराणा साहिब की शोभायात्रा बैंड-बाजे के साथ निकाली गई। यात्रा में पुरुष सफेद और महिलाएं पिंक ड्रेस कोड में नजर आईं। महिलाओं ने गरबा-डांडिया की प्रस्तुति देकर आयोजन की शोभा बढ़ाई। कलश शोभायात्रा अंबेडकर वार्ड स्थित श्री झूलेलाल मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रंगरेज घाट स्थित मां नर्मदा के पावन तट पर पहुंची। यहां आरती, पूजा, अरदास और पल्लव पूजा के साथ यात्रा का समापन हुआ। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय नजर आया।

## संगीतमय प्रस्तुति के बाद हुई महाआरती..

सायंकाल इंद्रेश तलरेजा द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी गई। इसके बाद श्री झूलेलाल मंदिर में महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजन समिति की ओर से आम लंगर की व्यवस्था की गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण की। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का माहौल बना रहा।

# सांदीपनी विद्यालय में छात्र के बैग से देशी पिस्तौल बरामद, पुलिस जांच में जुटी..






## निवास स्थित सांदीपनि विद्यालय की घटना, मुख्य आरोपी गिरफ्तार, आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा निवास (मंडला)।

*मंडला जिले के निवास नगर स्थित सांदीपनि विद्यालय में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब विद्यालय प्रशासन द्वारा की जा रही नियमित चेकिंग के दौरान कक्षा 12वीं के एक छात्र के बैग से छह राउंड वाली देशी*

पिस्तौल बरामद हुई। घटना की जानकारी मिलते ही विद्यालय प्रबंधन ने तत्काल निवास पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पिस्तौल को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।जानकारी के अनुसार विद्यालय में छात्रों के बीच अनुशासन बनाए रखने तथा गुटखा, मोबाइल फोन एवं अन्य प्रतिबंधित सामग्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से समय-समय पर बैगों की जांच की जाती है।

शुक्रवार को भी इसी क्रम में जब छात्र-छात्राओं के बैग की जांच की जा रही थी, तब एक छात्र के बैग में संदिग्ध वस्तु दिखाई दी। जांच करने पर वह छह राउंड वाली देशी पिस्तौल निकली। पिस्तौल मिलने की खबर से विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस द्वारा छात्र से पूछताछ किए जाने पर उसने बताया कि यह पिस्तौल उसे लगभग चार महीने पहले निवास के रसलगंज निवासी 19 वर्षीय मोहित मरकाम ने दी थी। छात्र ने बताया कि पिस्तौल पुरानी होने के कारण उसमें जंग लग गई थी और वह उसे रंग-रोगन करवाने के उद्देश्य से अपने साथ लेकर आया था। हालांकि पुलिस छात्र के बयान की सत्यता की जांच कर रही है और मामले के हर पहलू को गंभीरता से खंगाल रही है।

## मुख्य आरोपी मोहित मरकाम गिरफ्तार..

छात्र द्वारा दिए गए बयान के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए रसलगंज निवासी मोहित मरकाम को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि मोहित वर्तमान में जबलपुर में रहकर कॉलेज की पढ़ाई कर रहा है। पुलिस उसे निवास लाकर पूछताछ कर रही है।

## हथियार कहां से आया, पुलिस कर रही जांच..

निवास थाना प्रभारी धर्मेंद्र धुर्वे ने बताया कि मामले में आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। बरामद देशी पिस्तौल को जब्त कर लिया गया है तथा आरोपी मोहित मरकाम से हथियार के स्रोत और उसके उपयोग के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि पिस्तौल किसी अन्य व्यक्ति के माध्यम से प्राप्त हुई थी या इसके पीछे कोई संगठित नेटवर्क सक्रिय है।

## स्कूलों में सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल..

विद्यालय परिसर में छात्र के बैग से हथियार मिलने की घटना ने अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों के बीच चिंता बढ़ा दी है। शिक्षा संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था और छात्रों की गतिविधियों पर निगरानी को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और जांच पूरी होने के बाद ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा हो सकेगा।

# 4500 रुपये की अवैध मदिरा जब्त, आबकारी विभाग की दबिश



जगप्रेरणा मंडला।

*कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी तथा प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती शैली सैयाम के मार्गदर्शन में*

आबकारी विभाग ने मंडला वृत्त क्षेत्र में अवैध शराब के विक्रय एवं संग्रहण के खिलाफ कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान ग्राम मधुपुरी में मदन नंदा के कब्जे से 5 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब जब्त की गई। वहीं ग्राम घूघरा में राजाराम के कब्जे से 10 नग देसी मदिरा प्लेन तथा विलेज कैफे से 16 नग विदेशी मदिरा और 2 केन बीयर बरामद की गई। जब्त मदिरा की कुल अनुमानित कीमत करीब 4500 रुपये बताई गई है। मामले में संबंधित आरोपियों के खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

आबकारी विभाग ने कहा कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, विक्रय और संग्रहण के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक भानु पुशाम, हरे सिंह उइके, प्रधान आरक्षक शकुंतला सैयाम, नेतराम काकोटिया एवं विकास कौरव की भूमिका रही।

# लापता 3 नाबालिग बालिकाएं मंडला बस स्टैंड से सकुशल दस्तयाब, परिजनों को सौंपा..



जगप्रेरणा मंडला।

*ग्राम खमतरा से अपने माता-पिता को बिना बताए अचानक लापता हुई तीन नाबालिग बालिकाओं को घुघरी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए*

मंडला बस स्टैंड से सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर तीनों बच्चियों को सुरक्षित उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

बताया गया कि बालिकाओं के अचानक लापता होने से परिजन बेहद चिंतित थे। सूचना मिलते ही घुघरी थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल मामला दर्ज किए। इन तीनों मामलों में धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण कायम कर पुलिस टीम द्वारा संभावित स्थानों पर सघन तलाशी अभियान शुरू किया गया था।पुलिस अधीक्षक के कड़े निर्देशन में थाना प्रभारी प्रकाश चंद्र सेन द्वारा एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था। टीम ने जानकारी जुटाते हुए लगातार तलाश जारी रखी। इसी सक्रियता के परिणामस्वरूप 18 अगस्त को तीनों बालिकाओं को मंडला बस स्टैंड से सुरक्षित दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त हुई।

दस्तयाबी के बाद पुलिस द्वारा नियमानुसार बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की गई और कागजी कार्रवाई पूरी कर उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया। बच्चियों के लापता होने से तनाव में चल रहे परिवार ने उनके सुरक्षित घर लौटने पर राहत की सांस ली है। इस संवेदनशील मामले में पुलिस की त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है। पुलिस द्वारा मामले में आगे की आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# ग्वारी में हुई डीजे बॉक्स चोरी का खुलासा, 3 आरोपी गिरफ्तार..



जगप्रेरणा मंडला।

*कोतवाली थाना पुलिस ने ग्वारी गांव में पंचायत भवन परिसर से चोरी हुए 16 डीजे बॉक्स के मामले का खुलासा करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे*

से चोरी किए गए 16 डीजे बॉक्स तथा वारदात में प्रयुक्त पिकअप वाहन बरामद किया है। जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत करीब 4 लाख 25 हजार रुपए बताई गई है।

जानकारी के अनुसार ग्वारी निवासी हेमंत कुमार परते के 16 डीजे बॉक्स 15 अगस्त की रात ग्राम पंचायत भवन परिसर से चोरी हो गए थे। अज्ञात चोर पिकअप वाहन में डीजे बॉक्स लादकर फरार हो गए थे। मामले की शिकायत मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तथा मुखबिरों से भी जानकारी जुटाई। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस ने नारायणगंज के पास से अंकित सिंगरोरे, हिमांशु सरवटे एवं योगेश राजपूत को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली, जिसके बाद उनके कब्जे से चोरी किए गए 16 डीजे बॉक्स और पिकअप वाहन बरामद कर लिया गया।

कोतवाली थाना प्रभारी शफीक खान ने बताया कि मामले में अभी दो अन्य आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपियों को शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

इस कार्रवाई में एएसआई मायाराम धुर्वे, प्रधान आरक्षक विकास पटेल, आरक्षक प्रियांश, रमेश, मृदुल एवं यमुना सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कोई भी पात्र योजनाओं से वंचित न रहे - मंत्री सम्पतिया उईके..




## नारायणगंज में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान शिविर संपन्न, हर घर जल और सड़क री-स्टोरेशन पर दिया जोर..

जगप्रेरणा नारायणगंज (मण्डला)।

*मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को नारायणगंज में जनसमस्या निवारण एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ वितरण हेतु शिविर का आयोजन किया गया।*

कार्यक्रम में प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री सम्पतिया उईके मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे और प्रत्येक जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे। मंत्री सम्पतिया उईके ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश के सभी 55 जिलों में प्रत्येक शुक्रवार को जन विश्वास अभियान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है तथा विभिन्न विभागों की योजनाओं का लाभ सीधे हितग्राहियों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिंगल विलेज एवं समूह जल प्रदाय योजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है। जिन क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने या अन्य कार्यों के कारण सड़कों को नुकसान पहुंचा है, वहां शीघ्र री-स्टोरेशन कर मार्गों को पूर्व स्थिति में लाने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्री ने रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर लाडली बहना योजना की हितग्राहियों को विशेष राशि प्रदान किए जाने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम में कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने बताया कि जिले में आयोजित यह तीसरा जन विश्वास अभियान शिविर है। इससे पूर्व मोहगांव एवं मवई में सफलतापूर्वक शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। शिविरों के माध्यम से आम जनता की समस्याओं का निराकरण करने के साथ-साथ योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा भी की जा रही है। निवास विधायक चैनसिंह वरकड़े ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ उपलब्ध कराने का आग्रह किया। शिविर से पूर्व कलेक्टर ने विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक लेकर पीडीएस, आंगनबाड़ी, आशा कार्यकर्ता, नामांतरण, बंटवारा, फार्मर आईडी एवं अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। कार्यक्रम में स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए आत्मनिर्भरता की सफलता की कहानियां प्रस्तुत कीं। स्थानीय उद्यमियों के साथ भी संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष आशाराम भारतीय, जिला पंचायत सदस्य भूपेन्द्र वरकड़े, पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी, डीएफओ एम.एस. मौर्य, जिला पंचायत सीईओ शाश्वत सिंह मीना सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# आंगनवाड़ी केंद्रों को जन-समुदाय से जोड़कर बनाएं जीवंत, कमियों में तत्काल सुधार के निर्देश..

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिला स्तरीय सह कार्यशाला एवं समीक्षा बैठक संपन्न

जगप्रेरणा मंडला।

*महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बुधवार को जिला स्तरीय सह कार्यशाला एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे के निर्देशन तथा जिला*

पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शाश्वत मीना के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। कार्यशाला का उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों एवं कार्यकर्ताओं के कार्यों में सकारात्मक सुधार लाने के साथ विभागीय सेवाओं को पारदर्शी एवं प्रभावी बनाकर प्रत्येक पात्र हितग्राही तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना रहा। जिला पंचायत सीईओ श्री शाश्वत मीना ने परियोजना अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों को मैदानी क्षेत्रों का नियमित भ्रमण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान सामने आने वाली कमियों में तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में किसी भी आंगनवाड़ी केंद्र पर लापरवाही की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री विनोद परस्ते ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों को केवल शासकीय भवन तक सीमित न रखते हुए उन्हें जन-समुदाय से जोड़कर अधिक जीवंत बनाया जाए। उन्होंने सही एवं सटीक सर्वे के आधार पर प्रत्येक पात्र हितग्राही तक विभागीय योजनाओं और सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

बैठक में बच्चों को नियमित नाश्ता एवं भोजन उपलब्ध कराने, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई), बच्चों का नियमित वजन, गर्भवती महिलाओं का समयबद्ध पंजीयन तथा गुणवत्तापूर्ण एएनसी जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कुपोषित बच्चों में सैम, मैम एवं एसयूडब्ल्यू श्रेणी के बच्चों का त्वरित चिन्हांकन, सघन फॉलोअप और प्रबंधन करने के साथ हाई रिस्क एनीमिक महिलाओं के प्रभावी प्रबंधन पर भी विशेष जोर दिया गया। इसके अलावा आंगनवाड़ी केंद्रों को सुसज्जित करने, पोषण वाटिका विकसित करने तथा बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा की रोकथाम के लिए प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में सहायक संचालक श्री रोहित बड़कुल, श्रीमती लीना चौधरी सहित सभी परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा
ग्रामीण गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# आमगांव से सालेकसा चांदसूरज राज्यमार्ग के मजबूतीकरण एवं निर्माण की मांग..





जगप्रेरणा प्रा राकेश रोकडे सालेकसा।

***आमगांव से सालेकसा होते हुए चांदसूरज तक जाने वाले राज्यमार्ग क्रमांक 335 का मजबूतीकरण एवं नए स्वरूप में निर्माण करने की मांग को लेकर शुक्रवार, 21 अगस्त 2026 को गोंदिया***

जिले के दौरे पर आए सांसद श्री प्रफुल पटेल एवं सांसद श्री राजेंद्र जैन को निवेदन सौंपा गया। यह निवेदन सालेकसा तहसील के नागरिकों, किसानों, विद्यार्थियों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों तथा अधिकारी-कर्मचारियों की ओर से दिया गया।

निवेदन में मांग की गई कि राज्यमार्ग क्रमांक 335 को केंद्र सरकार की किसी उपयुक्त योजना में शामिल कर मजबूतीकरण के साथ नए सिरे से निर्माण कराया जाए। यह मार्ग सालेकसा तहसील के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी मार्ग से प्रसिद्ध कचारगढ़ देवस्थान, हाजरा फॉल, पुजारीटोला बांध सहित अनेक प्राकृतिक एवं पर्यटन स्थलों तक पहुंचा जा सकता है। सालेकसा व्यापारिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण केंद्र है। इसके अलावा यह मार्ग महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ राज्यों को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। वर्तमान में इस मार्ग की हर वर्ष केवल मरम्मत की जाती है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण वाहन चालकों, विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिदिन विद्यार्थी इसी मार्ग से आवागमन करते हैं, जबकि अधिकारी-कर्मचारियों तथा चारपहिया वाहन चालकों को भी खराब सड़क के कारण परेशानी होती है। भविष्य की आवश्यकता को देखते हुए इस मार्ग का चौड़ीकरण और मजबूतीकरण करना बेहद जरूरी है। कुछ वर्ष पूर्व इस मार्ग को **HAM** (हाइब्रिड एन्युइटी मॉडल) के तहत बनाने के दावे किए गए थे, लेकिन वे दावे भी अब तक हकीकत में नहीं बदल पाए हैं। वहीं, रावणवाड़ी से आमगांव तक राज्यमार्ग क्रमांक 365 का निर्माण एशियन डेवलपमेंट बैंक **(ADB)** के आर्थिक सहयोग से शुरू होने जा रहा है। ऐसे में आमगांव से सालेकसा-चांदसूरज मार्ग का भविष्य क्या होगा, इसे लेकर नागरिकों में असमंजस बना हुआ है।

इसी महत्वपूर्ण मुद्दे को लेकर सांसद श्री प्रफुल पटेल एवं सांसद श्री राजेंद्र जैन से मुलाकात कर निवेदन सौंपा गया तथा मांग की गई कि वे इस विषय पर तत्काल गंभीरता से ध्यान देकर संबंधित विभाग एवं केंद्र सरकार के स्तर पर आवश्यक कार्यवाही के लिए प्रभावी रूप से पाठपुरावा करें।

निवेदन सौंपते समय राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के तालुका अध्यक्ष डॉ. अजय उमाटे, सालेकसा शहर अध्यक्ष ब्रजभूषण बैस, जिला महासचिव डॉ. हिरालाल साठवणे, तालुका युवक अध्यक्ष बाजीराव तरोने, सामाजिक न्याय विभाग के राजेश डोंगरे, वरिष्ठ कार्यकर्ता रघुदास नागपुरे, ओमप्रकाश लिल्हारे, बबलू मानकर, ऋषी बैस सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# विद्युत प्रवाह से होने वाले वन्यजीव शिकार को रोकने के लिए बोंडे में संयुक्त कार्यशाला संपन्न



जगप्रेरणा देवरी।

***नवेगांव-नागझिरा टाइगर रिजर्व (गोंदिया) और वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया (WTI) के संयुक्त तत्वावधान में आज वन परिक्षेत्र कार्यालय, बोंडे में 'विद्युत प्रवाह द्वारा होने वाले शिकार को***

रोकने के लिए संयुक्त गश्त' विषय पर एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। खेतों में अवैध रूप से बिजली का प्रवाह छोड़कर होने वाले वन्यजीवों के शिकार की घटनाओं को रोकना और वन विभाग तथा महावितरण के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य था। इस कार्यशाला में बोंडे वन्यजीव प्रभाग के वन परिक्षेत्र अधिकारी पी. आर. शिरपुरकर और देवरी महावितरण के कनिष्ठ अभियंता कटरे मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यशाला में मुख्य मार्गदर्शक के रूप में **WTI** के इद्रिस अहमद ने उपस्थित लोगों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने प्रस्तुतीकरण (पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन) के माध्यम से विद्युत शिकार के तरीकों, उन्हें पहचानने के संकेतों और तकनीकी पहलुओं को स्पष्ट किया। इसके साथ ही, जंगल से सटे खेतों में शिकार के लिए बिछाए गए बिजली के तारों की खोज करने और उन्हें सुरक्षित रूप से निष्क्रिय करने का व्यावहारिक प्रदर्शन (डेमो) भी करके दिखाया।

### वन विभाग और महावितरण की संयुक्त गश्त..

शिकार की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए दोनों विभागों द्वारा एकजुट होकर योजनाबद्ध तरीके से संयुक्त गश्त लगाने पर जोर दिया गया। अधिकारियों द्वारा महावितरण के कर्मचारियों से बिजली प्रवाह से संबंधित तकनीकी सहायता प्रदान करने और वन कर्मचारियों से जमीनी स्तर पर सतर्क रहने का आह्वान किया गया।

इस कार्यशाला में बोंडे वन परिक्षेत्र के सभी वनकर्मी, वनपाल, वनरक्षक तथा देवरी महावितरण **(MSEB)** विभाग के कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद थे।




# गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

## पुराने विवाद पर की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 19/8/2026 के 9 बजे के दरम्यान आमगाव मे फर्यादी शुभम अनिल राहुलकर उम्र 26 वर्ष निवासी पदमपुर ने आरोपियो को पुराने झगडे के बारे मे बोला इस बात पर तीनो आरोपियो ने फर्यादी को पत्थर और रॉड से मारपीट कर जख्मी कर आगे देख लेने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे आमगाव मे अपराध क्रमांक 547/2026 धारा 118, 1, 115, 2, 351, 2, 3, 5, बि एन एस 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा दुबेलाल उईके 795 पोस्टे आमगांव कर रहे है।

## बाथरूम मे नॉयलान की रस्सी बांधकर लगाई फांसी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के डुग्गीपार पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 20/8/2026 के शाम 6 बजे के दरम्यान सौंदड मे श्रीकांत सुर्यभान राऊत उम्र 44 वर्ष निवासी सौंदड ने अपने घर के बाथरूम के स्लैब को नायलान की रस्सी बांधकर फसी लगाई फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे डुग्गीपार मे अकस्मात मौत क्रमांक 36/2026 धारा 194, बि एन एस एस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा उईके 1120 पोस्टे डुग्गीपार कर रहे है।

## जहर पिने से तबीयत खराब हुवे युवक की उपचार के दौरान मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 9/8/2026 के सुबह 10 बजे के दरम्यान पठानटोला मे कपील जिवनलाल मच्छिरके उम्र 30 वर्ष निवासी पठानटोला मे जहर पिया तबीयत खराब होने से उसे उपचार के लिये अस्पताल ले गये जहा उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई डाक्टर के लिखीत मेमो पर पोस्टे सालेकसा मे अकस्मात मौत क्रमांक 31/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सफौ वानखेडे 1184 पोस्टे सालेकसा कर रहे है।

# वि. कौशल्यायन महिला महाविद्यालय में 'जल संरक्षण दिवस' और 'जल संरक्षण सप्ताह' उत्साहपूर्वक मनाया गया..



जगप्रेरणा देवरी।

***आश्रय शैक्षणिक एवं सामाजिक विकास संस्था द्वारा संचालित वि. कौशल्यायन महिला महाविद्यालय (गृह विज्ञान विभाग), देवरी में 15 अगस्त 2026 से 21 अगस्त 2026 की अवधि के दौरान 'जल संरक्षण***

सप्ताह' का आयोजन किया गया था। साथ ही, 21 अगस्त 2026 को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री वसंतराव नाईक की जयंती के अवसर पर 'जल संरक्षण दिवस' उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राध्यापिका कु. शिल्पा राउत ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्राध्यापिका ईश्वरी कोसरे, कु. भाग्यश्री उइके और बिंदुमती बिसेन उपस्थित थीं।

### 'मिट्टी बचाओ, पानी बचाओ' का संदेश और वाद-विवाद प्रतियोगिता

कार्यक्रम की अध्यक्ष प्रा. कु. शिल्पा राउत ने विद्यार्थियों को **"Save Soil, Save Water, Secure Tomorrow"** (मिट्टी बचाओ, पानी बचाओ, भविष्य सुरक्षित करो) की अवधारणा पर आधारित जल संरक्षण के महत्व को समझाते हुए बहुमूल्य मार्गदर्शन किया। अन्य मुख्य अतिथियों ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय में 'जल संरक्षणः सरकार की जिम्मेदारी या जनता की जिम्मेदारी?' विषय पर एक अत्यंत रोचक वाद-विवाद प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

### उत्साहपूर्ण भागीदारी..

कार्यक्रम की प्रस्तावना प्राध्यापिका बिसेन ने प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आशीष इंदुरकर, योगेश श्रीपात्रे, प्रशांत टेंभुरकर, मोरेश्वर मडावी और पुष्पा वाघाडे ने विशेष परिश्रम और सहयोग दिया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर उत्साहजनक प्रतिक्रिया दी।

# के. के. इंग्लिश प्रायमरी स्कूल में नशामुक्त भारत का संकल्प..

### विद्यार्थियों में जनजागृति का जागर..

### 'नशे को टालें, जीवन को अपनाएँ!'





जगप्रेरणा आमगांव।

***के.के. इंग्लिश प्रायमरी स्कूल में विश्वकुमारी प्रजापति जी के मार्गदर्शन तथा विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रीना भुते मैडम के मार्गदर्शन में***

नशामुक्ति जनजागृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों में नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था। इस अवसर पर विश्वकुमारी वैशाली दीदी एवं वर्षा दीदी ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के व्यसनों से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने नशे के कारण होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक नुकसान के बारे में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। साथ ही, स्वस्थ जीवनशैली, अच्छी आदतों एवं सकारात्मक सोच के महत्व को भी समझाया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। 'नशामुक्त समाज - स्वस्थ समाज' का संदेश देते हुए विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई।

इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में नशे के विरुद्ध जागरूकता एवं सकारात्मक सोच का निर्माण हुआ। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी एवं मार्गदर्शक रहा।

# आमगांव में तीन दिवसीय श्रीमद् भक्तमाल कथा का आयोजन..

### 24 अगस्त को चित्र-विचित्र की भव्य भजन संध्या में भक्ति मे हजारो श्रद्धालु होगे भाव-विभोर..

### धार्मिक नगरी आमगांव में फिर दिखाई देगा भक्तों का सैलाब..





जगप्रेरणा प्रा. गणेश भदाडे आमगांव।

***आमगाव शहर से एक कि, मी, दुरी पर लांजी रोड परिसर मे श्रृंगार परिवार के तत्वावधान मे तीन दिवसीय श्रीमद् भक्तमाल कथा का भव्य आयोजन किया गया है।***

आगामी 25 से 27 अगस्त 2026 तक आयोजित होने वाले इस धार्मिक आयोजन के चलते श्रीमद् भक्तमाल कथा का प्रवचन परमपूज्य जगद्गुरु द्वाराचार्य अग्र पीठाधीश्वर, मूलक पीठाधीश्वर श्रीमद् स्वामी श्री राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज के मुखवानी में किया जाएगा।

बताया जा रहा है की लांजी रोड, में आयोजित इस कथा का आयोजन प्रतिदिन सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। वहीं शाम के सत्र में शाम 4 बजे से हरि इच्छा तक भक्तमाल कथा का आयोजन होगा।

धार्मिक आयोजन की पूर्व संध्या पर 24 अगस्त को शाम 7 बजे भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर वृंदावन धाम के प्रसिद्ध चित्र-विचित्र द्वारा भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति की जाएगी।

श्रीमद् भक्तमाल कथा के दौरान संत-महात्माओं के जीवन चरित्र, उनकी भक्ति साधना, आध्यात्मिक विचार तथा सनातन परंपरा में भक्ति के महत्व पर मार्गदर्शन किया जाएगा। इस धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम मे श्रद्धालुओं से 24 अगस्त की भव्य भजन संध्या तथा 25 से 27 अगस्त तक आयोजित श्रीमद् भक्तमाल कथा में उपस्थित होकर कथा श्रवण का लाभ लेने की अपिल आयोजको ने किया है।

# शांतता समिती की बैठक मे की गयी विभिन्न विषयों पर चर्चा..



जगप्रेरणा आमगांव।

***स्थानिय पुलिस स्टेशन के सभागृह मे नवनियुक्त थानेदार - निलकंठ कुकड़े की अध्यक्षता मे शांतता समिती की बैठक का आयोजन किया।***

बैठक मे आगामी त्यौहार ईद ए मिलाद, रक्षाबंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, पोला, मारबत, गणेश उत्सव एवं अश्विन नवरात्री पर पर नगर एवं पुलिस स्टेशन परिसर मे शांतता, सुव्यवस्था रखने , नगर के मेन रोड़, किडंगीपार मार्ग पर बढते अतिक्रमण से ट्राफिक व्यवस्था मे रुकावटे, स्पीड ब्रेकर लगाने आदी विभिन्न विषयोंपर चर्चा की गयी।

थानेदार- निलकंठ कुकड़े ने नगर एवं परिसर मे नागरिकोंको शांतता बनाये रखने की अपील किया। बैठक मे आमगांव तालुका मराठी पत्रकार संघ के अध्यक्ष - इसुलाल भालेकर, व्यापारी संगठना के अध्यक्ष- संपतलाल सोनी, शहर कांग्रेस के अध्यक्ष - देवकांत बहेकार, महीला दक्षता समिती की सदस्या सौ, प्रभादेवी उपराडे, जि, प, सदस्या सौ, छब्बुताई उके, बौद्ध महासभा के योगेश रामटेके, सेवानिवृत्त पुलिस कर्मि, दिलीप कन्नमवार, आदि शांतता समिती के सदस्य मौजुद थे।

बैठक का संचालन एवं आभार प्रदर्शन महिला पुलिस कर्मि सौ, सत्या छिप्पे ने किया।






अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET) ■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI) ■ (IUI) आय.यू.आय. ■ अधिक उम्र में मातृत्व ■ ओव्हम डोनेशन द्वारा ■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार ■ शुक्राणु बैंक सुविधा ■ सोनोग्राफी ■ हार्मोस की जांच ■ हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज ■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754



जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# गोंदिया से मुंबई के लिये शुरु होगी विमान सेवा.. - सांसद प्रफुल पटेल

### चौतरफा गुणवत्तापूर्ण सड़कें, ओवरब्रीज के निर्माण संपूर्ण विकास को दी जा रही प्राथमिकता..

### समृद्धि महामार्ग से जुड़ेंगे गोंदिया और गढ़चिरोली..

### प्रेस कॉन्फ्रेंस में सांसद प्रफुल पटेल ने दिये पत्रकारों के सवालों के जवाब..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***सांसद प्रफुल पटेल एक बार फिर दो दिवसीय प्रवास एवं जनसंपर्क हेतु गोंदिया पहुंचे। अपने दो दिवसीय दौरा कार्यक्रम के तहत सांसद प्रफुल पटेल ने 20 अगस्त को भंडारा में एवं 21 अगस्त को गोंदिया में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता व आम नागरिकों से मुलाकात की, तथा सुबह से शाम तक लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जानकर यथोचित समाधान के***

लिये निर्देश दिये। इसी प्रकार सांसद प्रफुल पटेल ने 21 अगस्त को दोपहर में प्रेस कॉन्फ्रेंस को भी संबोधित किया, तथा पत्रकारों के सवालों के जवाब भी दिये। इस अवसर पर सांसद श्री पटेल के साथ राज्यसभा सदस्य सांसद राजेन्द्र जैन भी उपस्थित थे।

### बोले सांसद प्रफुल पटेल..

सांसद प्रफुल पटेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि हाल ही में उन्होंने दिल्ली में केन्द्रिय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितीन गडकरी से मुलाकात की, तथा गोंदिया भंडारा जिले की आवश्यकता के अनुरुप सड़कों, ओवरब्रीज आदि के निर्माण संबंधी विस्तार से चर्चा की। सांसद श्री पटेल ने बताया कि नागपुर से मुंबई तक निर्मित समृद्धि महामार्ग गोंदिया एवं गढ़चिरोली से भी जुड़ रहा है, जिसके लिये युद्ध स्तर पर कार्य शुरु है। श्री पटेल ने कहा कि भूमि अधिग्रहण की अधिकांश प्रक्रिया पूर्ण होने की कगार पर है, तथा जैसे ही समृद्धि महामार्ग बनकर तैयार होगा इसका लाभ संपूर्ण गोंदिया जिले को मिल सकेगा। सांसद श्री पटेल ने यह भी कहा कि गोंदिया जिले में विभिन्न ओवरब्रीज के निर्माण, आमगांव, देवरी, गोंदिया, तिरोड़ा, तुमसर, भंडारा आदि तहसीलों में बाईपास रोड के निर्माण एवं उक्त तहसीलों के समृद्धि महामार्ग से कनेक्टिविटी के संदर्भ में व्यापक स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं, जिसके कार्य पूर्ण होने के बाद गोंदिया जिले का सड़क संपर्क हर दृष्टिकोण से चारो दिशाओं से बेहरत हो जायेगा।

### केन्द्रिय मंत्रीमंडल में स्थान का निर्णय प्रधानमंत्री जी के अधिकार क्षेत्र का विषय..

**प्रेस कॉन्फ्रेंस में सांसद प्रफुल पटेल से पत्रकारों ने राष्ट्रवादी कांग्रेस को केन्द्रिय मंत्रीमंडल में स्थान नहीं मिलने के संदर्भ में सवाल पूछा, जिस पर सांसद श्री पटेल ने कहा कि केन्द्रिय मंत्रीमंडल में किसे कौन सी जवाबदारी दी जायेगी, यह हमारा विषय नहीं है, बल्कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के अधिकार क्षेत्र का विषय है, इसलिये इस संदर्भ में हमारा कुछ कहना उचित नहीं होगा।**

### बोले, इसलिये बंद हुई विमान सेवाएं..

प्रेस कॉन्फ्रेंस में सांसद प्रफुल पटेल ने पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि हैदराबाद एवं इंदौर के लिये जो विमान सेवाएं शुरु की गई थी, उन विमान सेवाओं को निरंतर शुरु रखने में विमान कंपनीयों को भारी नुकसान हो रहा था। इन मार्गों पर उतना यातायात कंपनियों को नहीं मिल रहा था, जिसके कारण विमान कंपनीयों को सेवाएं बंद करने का निर्णय लेना पड़ा। लेकिन उम्मीद है कि गोंदिया से मुंबई के लिये विमान सेवा को भरपूर यातायात प्राप्त होगा, जिसके लिये सहमति बनाए जाने के प्रयास किये जा रहे हैं। सांसद श्री पटेल ने कहा कि गोंदिया से मुंबई और अन्य विमान सेवाओं के लिये भी प्रयास किये जा रहे हैं। दीपावली तक विमान सेवाएं प्रारंभ करने के प्रयास सफल होंगे, ऐसी हमें उम्मीद है।

### धुरंतो एक्सप्रेस संहित अनेक ट्रेनों के स्टॉपेज एवं नई ट्रेनों के लिये प्रयास जारी..

सांसद प्रफुल पटेल ने रेल संबंधी सवालों के जवाब में कहा कि क्षेत्र के नागरिकों की गोंदिया से होकर नई दिल्ली की ओर जाने वाली धुरंता एक्सप्रेस को गोंदिया में स्टॉपेज मिले, इसके प्रयास किये जा रहे हैं। इसी प्रकार अन्य नई यात्री ट्रेनों की मांग भी जो आम जनता की ओर से की जा रही है, उन सभी के लिये प्रयास किये जा रहे हैं। आमगांव एवं सालेकसा में भी यात्री ट्रेनों के स्टॉपेज के लिये उन्होंने प्रयासों की बात कही।

### मालधक्का को हिरडामाली में स्थानांतरित किया जायेगा..

गोंदिया शहर में रेलवे स्टेशन के समीप भारी वाहनों की भीड़ को लेकर परेशानी दूर करने के संदर्भ में सवाल पूछे जाने पर सांसद प्रफुल पटेल ने बताया कि मालधक्का को हिरडामाली रेलवे स्टेशन के समीप स्थानांतरित करने की प्रस्तावित प्रक्रिया को तेज किया गया है। इस संबंध में सांसद राजेंद्र जैन ने मामला केंद्रीय रेल कमेटी के समक्ष भी रखा है। मालधक्का स्थानांतरित होने से शहर के उत्तरी हिस्से में भारी वाहनों के दबाव और यातायात संबंधी समस्याओं में कमी आने की उम्मीद है।

### किसानों को बोनस पर सरकार का रुख जल्द स्पष्ट होगा..

पत्रकार वार्ता में किसानों से जुड़े मुद्दे भी प्रमुखता से सामने आए। पटेल ने किसानों की दो लाख रुपये तक की कर्जमाफी होने के साथ ही बोनस के मुद्दे पर सरकार का रुख जल्द स्पष्ट होने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसानों से जुड़े इन महत्वपूर्ण विषयों के समाधान को लेकर सरकार के स्तर पर प्रक्रिया जारी है और जल्द ही इस संबंध में स्पष्ट स्थिति सामने आने की उम्मीद है।

### भीमनगर रेलवे चौकी पर उड़ान पुल को लेकर सकारात्मक पहल

**गोंदिया के भीमनगर रेलवे चौकी क्षेत्र में प्रस्तावित उड़ान पुल के मुद्दे पर भी सांसद पटेल ने सकारात्मक पहल शुरू होने की जानकारी दी। उन्होंने संकेत दिया कि क्षेत्र की यातायात समस्या और नागरिकों की सुविधा को देखते हुए इस महत्वपूर्ण प्रकल्प को आगे बढ़ाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।**

# गोंदिया जिले के औद्योगिक क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के लिए 15 करोड़ मंजूर : उद्योग मंत्री उदय सामंत

### 10 महीने में निर्माणाधीन सांस्कृतिक भवन को भी पूर्ण करने के निर्देश..





जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया जिले के औद्योगिक क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए 15 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। यह जानकारी राज्य के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। इससे पहले मंत्री सामंत ने जिले के उद्यमियों***

तथा उद्योग विभाग के कामकाज की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में बताया गया कि गोंदिया जिले से हर वर्ष करीब 2 हजार करोड़ रुपये के चावल का निर्यात होता है। इसके चलते जिले में राइस मिल उद्योगों की संख्या अधिक है। इसी को ध्यान में रखते हुए एमआईडीसी क्षेत्र में राइस मिल एवं अन्य उद्योगों को बढ़ावा देकर औद्योगिक विकास को गति देने की बात मंत्री उदय सामंत ने कही। जिलाधिकारी कार्यालय के सभागृह में उद्योग विभाग, महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडल (एमआईडीसी) तथा खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग की समीक्षा की गई। इसके साथ ही जिले के उद्यमियों से संवाद भी किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी मंदार पत्की, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेनिथ चंद्रा दोंतुला, जिला उद्योग केंद्र के सहायक आयुक्त विक्की खिराले, एमआईडीसी के क्षेत्रीय अधिकारी मनोहर पोटे, खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी इंद्रजीत देवीपुत्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### गोंदिया एमआईडीसी में बनेगा कंटेनर पार्क

मंत्री उदय सामंत ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र के पदाधिकारियों द्वारा परिवहन संबंधी समस्याएं सामने रखी गई हैं। इसे देखते हुए गोंदिया एमआईडीसी में कंटेनर पार्क विकसित किया जाएगा। जिले से करीब 2 हजार करोड़ रुपये का चावल निर्यात होने के कारण भविष्य में इस क्षेत्र में एक अच्छा औद्योगिक प्रोजेक्ट विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत बैंकों को सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं को योजना का लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में पीएम विश्वकर्मा तथा 'मधाचे गाव' योजनाओं की भी समीक्षा की गई।

### जरूरतमंद उद्यमियों को भूखंड देने के निर्देश

मंत्री ने एमआईडीसी अधिकारियों को जिले में अविकसित भूखंडों को तत्काल अपने कब्जे में लेकर जरूरतमंद छोटे उद्यमियों को उपलब्ध कराने की प्रक्रिया तेजी से पूरी करने के निर्देश दिए। साथ ही एमआईडीसी क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए आवश्यक निधि उपलब्ध कराने के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने बताया कि गोंदिया जिले से लगभग 2 हजार करोड़ रुपये के चावल का निर्यात होता है। चावल निर्यातकों का परिवहन खर्च कम करने के उद्देश्य से गोंदिया शहर के समीप कंटेनर डिपो विकसित करने की मांग भी रखी गई। इस मांग को लेकर मंत्री सामंत ने कॉनकॉर कंपनी के अधिकारियों से फोन पर चर्चा की। कंपनी की ओर से सकारात्मक रुख होने की जानकारी देते हुए उन्होंने जिला प्रशासन को कंटेनर डिपो के लिए आवश्यक जमीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### डोंगरगांव में प्रस्तावित एमएसएमई पार्क की भी समीक्षा

बैठक में गोंदिया तहसील के मौजा डोंगरगांव में करीब 40 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रस्तावित एमएसएमई पार्क की वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा की गई। मंत्री ने कहा कि जिले में राइस मिलिंग प्रमुख औद्योगिक गतिविधि है। इसलिए राइस मिल उद्यमियों और विशेष रूप से चावल निर्यातकों को निर्यात बढ़ाने के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उन्होंने औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ उद्यमियों की विभिन्न समस्याओं एवं अड़चनों पर विस्तृत चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। बैठक में औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं पर सकारात्मक चर्चा करने और उनके समाधान के लिए आवश्यक निर्देश देने पर उद्योग मंत्री उदय सामंत का आभार व्यक्त किया।

### यह भी बोले उदय सामंत..

गोंदिया में निर्माणाधीन सांस्कृतिक भवन (नाट्य संकुल) के अपूर्ण होने की स्थिति पर मंत्री उदय सामंत ने कहा कि सांस्कृतिक भवन के अपूर्ण होने की जानकारी उन्हें प्राप्त हुई है, तथा उन्होंने जिलाधिकारी से चर्चा कर इसके निर्माण में तेजी लाने के निर्देश भी दे दिये हैं। उन्हें विश्वास है कि आगामी 08 से 10 महीने में सांस्कृतिक भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो जायेगा।

# वॉक फॉर वॉटर' महा वॉकथॉन का जल संरक्षण के लिये हुआ आयोजन..

### पानी और मिट्टी बचाने के लिए गोंदिया के धावकों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग..




जगप्रेरणा गोंदिया।

***महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुधाकरराव नाईक की जयंती के अवसर पर 21 अगस्त को जल संरक्षण दिवस मनाया गया। पानी और मिट्टी के संरक्षण की मुहिम केवल सरकारी पहल न रहकर जन आंदोलन बने, इस उद्देश्य से गोंदिया में 'महा वॉकथॉन ङ्क वॉक फॉर वॉटर' का आयोजन किया गया।***

इसमें नागरिकों, विद्यार्थियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, खिलाड़ियों तथा विभिन्न संस्थाओं और संगठनों के पदाधिकारियों व सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर जल संरक्षण के संदेश को जनभागीदारी से जोड़ा। शुक्रवार, 21 अगस्त को सुबह 7 बजे जयस्तंभ चौक से वॉकथॉन की शुरुआत हुई।

इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेनिथ चंद्रा दोंतुला, अपर जिलाधिकारी अभिजीत घोरपड़े, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. तानाजी लोखंडे, उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी फ्रेंद्र कुतिरकर, विजय लोंढे, कार्यकारी अभियंता अजिंक्य वानखड़े, जिला जल संरक्षण अधिकारी सत्यजीत राऊत, सहायक जिला जल संरक्षण अधिकारी आदित्य राऊळवार, स्वाती तुरकर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुधाकरराव नाईक की प्रतिमा का पूजन एवं अभिवादन कर की गई। इसके बाद उपस्थित नागरिकों को मृदा एवं जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। जिला परिषद अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेनिथ चंद्रा दोंतुला ने हरी झंडी दिखाकर वॉकथॉन को रवाना किया। जयस्तंभ चौक से शुरू हुई वॉकथॉन शिवधाम, फुलचूर पहुंची। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों ने जल संरक्षण, पानी की बचत और मिट्टी संरक्षण का संदेश दिया। शिवधाम में जल पूजन किया गया। वॉकथॉन में शामिल नागरिकों, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों तथा विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों और संस्थाओं-संगठनों के पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। सभी उपस्थित लोगों के लिए चाय-नाश्ते की व्यवस्था भी की गई।

### 'पानी रोकें, का संदेश

जिला परिषद अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर ने कहा कि पानी का संरक्षण, भूजल स्तर बढ़ाना और भविष्य में जल संकट से निपटने के लिए 'पानी रोकें, पानी जमीन में उतारें' मूल मंत्र है। जल संरक्षण के कार्यों को जनभागीदारी के माध्यम से व्यापक रूप से लागू करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बारिश के पानी को रोककर उसे जमीन में उतारने तथा जल स्रोतों का पुनर्जीवन करने से भूजल स्तर बढ़ाने और खेती के लिए पानी की उपलब्धता बनाए रखने में मदद मिलती है।

प्रत्येक व्यक्ति द्वारा पानी का जरूरत के अनुसार और मितव्ययिता से उपयोग करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने 26 जनवरी तक चलने वाले विभिन्न जल संरक्षण अभियानों में नागरिकों से अधिक से अधिक भाग लेने का आह्वान किया।

### जल संरक्षण अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां

प्रास्ताविक में जिला जल संरक्षण अधिकारी इंजी. सत्यजीत राऊत ने बताया कि जल संरक्षण अभियान के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण की मुहिम को व्यापक बनाना, जनभागीदारी बढ़ाना और पानी की बचत करना अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

उन्होंने 'गाद मुक्त बांध, गादयुक्त खेत' पहल से होने वाले दीर्घकालीन लाभों की भी जानकारी दी।

### प्रतिभागियों का किया गया सम्मान

'महा वॉकथॉन वॉक फॉर वॉटर' में प्रथम दस प्रतिभागियों को मानचिह्न, प्रमाणपत्र एवं पदक प्रदान कर जिला परिषद अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के हाथों सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन इंजी. देवेंद्र रोडगे ने किया, जबकि आभार इंजी. आदित्य राऊळवार ने व्यक्त किया। वॉकथॉन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि पानी और मिट्टी का संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।

सत्य, साहस और सरोकार के साथ... दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र
आवश्यकता है..
दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र में विभिन्न पदों पर कार्य के लिये युवक युवतियों की आवश्यकता है। किसी भी पद पर कार्य के लिये अनुभवी की नहीं सिर्फ ईमानदार इच्छाशक्ति के साथ परिश्रम करने वालों की आवश्यकता है, सभी कार्यों के लिये ट्रेनिंग भी प्रदान की जायेगी।
TRAINING PROVIDED
रिक्त पद
• मार्केटिंग मैनेजर पद 05
• कम्प्यूटर ऑपरेटर पद 02
• प्रेस रिपोर्टर पद 10
• प्रिंटिंग मशीन ऑपरेटर पद 02
• मशीन हेल्पर पद 02
आवश्यक योग्यता
1 सभी के पास अपनी मोटर सायकिल एवं एंड्राईड मोबाइल होना अनिवार्य है।
2 न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता - 12वीं पास।
3 प्रिंटिंग मशीन ऑपरेटिंग कार्य के लिये आईटीआई प्रशिक्षित को प्राथमिकता।
4 कम्प्यूटर ऑपरेटर के लिये हिन्दी टाईपिंग अनिवार्य।
कार्य का समय प्रतिदिन 8 से 10 घंटे
वेतन 12 से 20 हजार
अनुभव आवश्यक नहीं ईमानदार एवं मेहनती उम्मीदवारों को प्राथमिकता
आवेदक सर्वप्रथम अपना रिज्युम व्हाट्सअप करें।
संपर्क आशीष वर्मा संपादक, जगप्रेरणा 9329033433

नया सोचो आयुर्वेद सोचो...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व आयुर्वेद पंचकर्म केन्द्र
• कमर का दर्द • घुटनों का दर्द
• पिठ का दर्द • गर्दन व कंधों का दर्द
• आमवात, गठीया वात एवं सायटिका
• अत्याधुनिक सुविधा युक्त पंचकर्म चिकित्सा कक्ष
• शास्त्रशुध्द एवं गुणवत्तायुक्त स्वनिर्मीत औषधियों का प्रयोग
• रोगी एवं व्याधी अनुरुप पंचकर्म सुविधा
डॉ. अपर्णा खोब्रागडे B.A.M.S., M.D. (Nashik) आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक 7620340356
साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com